


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 272 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) पौष कृ.8 2079 शुक्रवार, 16 दिसंबर 2022

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## रिजिजू ने फिर साधा सुप्रीम कोर्ट पर निशाना

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट के साथ जुबानी जंग के बीच केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को फिर जोर देकर कहा कि जजों की नियुक्ति में सरकार की बहुत सीमित भूमिका है। रिजिजू बड़ी संख्या में लंबित मामलों पर संसद में एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

रिजिजू ने जजों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह चिंताजनक है कि देश भर में पांच करोड़ से अधिक केस लंबित हैं। उन्होंने कहा कि इसके पीछे मुख्य कारण जजों की नियुक्ति है।

### जहरीली शराब से 40 मौतों पर बोले नीतीश

# जो पिएगा, वह मरेगा



पटना, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। जहरीली शराब से मौतों को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच तो बुधवार को भी विधानसभा में शीत सत्र के दौरान जमकर कहासुनी थी, लेकिन गुरुवार को यह और रोचक हो गया। मुख्यमंत्री ने सीधे कह दिया कि जो पिएगा, वो मरेगा।

वहीं, सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनता दल के विधायक और पूर्व मंत्री सुधाकर सिंह ने इन मौतों को सत्ता संरक्षित नरसंहार करार दिया। गुरुवार को राजद के भाई वीरेंद्र जहां जहरीली शराब से मौतों के लिए भाजपा पर जिम्मेदारी डाल रहे थे, वहीं राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के बेटे और बगावती तेवर के कारण मंत्रीपद गंवाने वाले सुधाकर सिंह ने सरकार पर बड़ी चोट की।

**विपक्षी बताएं अपने शासन वाले राज्यों का हाल :**

इससे पहले, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जहरीली शराब से 40 मौतों पर प्रतिक्रिया देते हुए गुरुवार को कहा कि जो पीएगा वो मरेगा। बिहार में शराब के सेवन पर रोक है। लोगों को समझाने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि जो गड़बड़ कर रहा, उसे पकड़िए। उसे अच्छा काम करने के लिए प्रेरित करिए। हम तो बापू और बिहार की महिलाओं की इच्छा से शराबबंदी लागू किए हैं। नीतीश कुमार ने कहा कि विपक्ष में बैठे जो लोग बिहार में इन मौतों पर पूछ रहे, उनसे पूछिए कि जहां-जहां आपका शासन है, वहां कितने लोग जहरीली शराब से मर रहे हैं। आज अलग हट रहा तो बोल रहा है। बिहार में सबकी सहमति से शराबबंदी लागू हुआ है। आप भी शराब के खिलाफ अभियान चलाइए।

## संसद में उठा जहरीली शराब से मौतों का मुद्दा

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। बिहार के छपरा जिले में जहरीली शराब से मौत का मुद्दा लोकसभा में भी गूंजा। भाजपा सांसदों ने नीतीश सरकार को घेरते हुए कहा कि बिहार सरकार सामूहिक हत्याएं करा रही है। भाजपा सांसद संजय जायसवाल ने कहा कि नीतीश कह रहे जो पिएगा, वो मरेगा, लेकिन वो शराब बेचने वाले लोगों को टिकट दे देते हैं।

उन्होंने कहा कि इन मौतों की जिम्मेदार नीतीश सरकार ही है। एक तरफ लोग मर रहे हैं, दूसरी ओर नीतीश कुमार विधानसभा में आपा खो रहे हैं। संसद के शीतकालीन सत्र की कार्यवाही गुरुवार को भी विपक्ष के हंगामे से शुरू हुई। राज्यसभा को 3 बार स्थगित करना पड़ा। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने भारत-चीन सीमा विवाद पर चर्चा के लिए लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव दिया, लेकिन इस पर चर्चा नहीं हुई।

## सुप्रीम कोर्ट ने गोधरा के दोषी को जमानत दी

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को गोधरा कांड के एक दोषी फारूक को जमानत दे दी। उम्रकैद की सजा के खिलाफ दोषी की अपील 2018 से सुप्रीम कोर्ट में लंबित थी। सुप्रीम कोर्ट ने आज कहा कि फारूक 2004 से जेल में है। वो पिछले 17 साल जेल में रह चुका है। इसलिए उसे जमानत दी जाए।

जमानत का विरोध करते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, यह सबसे जघन्य अपराध में से एक था। लोगों को बोगी में बंद करके जिंदा जलाया गया था। सामान्य परिस्थितियों में पत्थरबाजी कम गंभीर अपराध हो सकता है, लेकिन यह अलग है। 27 फरवरी 2002 को गोधरा स्टेशन पर साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन के एक कोच में भीड़ ने आग लगा दी गई थी। इस घटना में 59 कारसेवकों की जलकर मौत हो गई थी। इसी के बाद गुजरात में 2002 के दंगे हुए थे। दोषी फारूक पर पत्थरबाजी और हत्या करने का मामला साबित हुआ था। इसके बाद उसे उमक्रैद की सजा सुनाई गई थी।

# नीरव मोदी की मुश्किलें बढ़ीं

### *प्रत्यर्पण के खिलाफ ब्रिटिश सुप्रीम कोर्ट नहीं जा सकेगा*

### *लंदन हाईकोर्ट ने कहा अब अपील की जरूरत नहीं*

लंदन, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत प्रत्यर्पण को लेकर भगोड़ा हीरा व्यापारी नीरव मोदी ब्रिटेन की सुप्रीम कोर्ट नहीं जा सकेगा। गुरुवार को लंदन हाईकोर्ट ने नीरव को सुप्रीम कोर्ट में अपील की राहत देने से इनकार कर दिया। प्रत्यर्पण का आदेश भी लंदन हाईकोर्ट ने ही दिया था। इसके खिलाफ वह सुप्रीम कोर्ट जाना चाहता था। अब अर्जी खारिज होने के बाद नीरव को भारत लाना आसान हो गया।

**2 अपील, 2 जज और एक ही फैसला :**

गुरुवार को लंदन हाईकोर्ट के जस्टिस जेरेमी स्टुअर्ट स्मिथ और जस्टिस रॉबर्ट जे की बेंच ने नीरव को सुप्रीम कोर्ट में अपील से रोक दिया। खास बात यह है कि इन्हीं दो जजों ने 51 साल के नीरव की पिछली याचिका पर भी सुनवाई की थी। तब नीरव ने कहा था कि वो मानसिक तौर पर बीमार है और उसे भारत के हवाले नहीं किया जाना चाहिए। तब भी इन्हीं दो जजों ने उसकी याचिका खारिज करते हुए उसके प्रत्यर्पण के आदेश दिए थे।



**फैसले के मायने और आगे क्या मुमकिन :**

नीरव के लिए कानूनी तौर पर रास्ते करीब-करीब बंद हो चुके हैं। इसके मायने ये हुए कि वो प्रत्यर्पण के मामले को अब कम से कम ब्रिटेन की किसी अदालत में तो चुनौती नहीं दे सकता। हां, मानवाधिकारों को लेकर कुछ पेंच फंस सकते हैं।

अब ब्रिटिश सरकार (होम मिनिस्ट्री) उसके प्रत्यर्पण को रोक सकती हैं, लेकिन अगर वो ऐसा करती है तो इसे भी वहां के सुप्रीम कोर्ट में भारत सरकार चैलेंज कर सकती है। कुल मिलाकर नीरव का भारत आना तय है। हालांकि, इसमें कुछ महीने और लग सकते हैं। दूसरी तरफ, इस बात की पूरी संभावना है कि भारत से फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को बेकरार ब्रिटिश सरकार प्रत्यर्पण रोककर भारत की नाराजगी मोल नहीं लेना चाहेगी। लिहाजा, नीरव को भारत लाने में अब डिप्लोमैटिक बैरियर भी कम होंगे।

एक संभावना यह भी है कि नीरव ब्रिटेन की ऋषि सुनक सरकार से पॉलिटिकल असाइलम यानी राजनीतिक शरण मांगे। हालांकि इकोनॉमिक ऑफेंडर (आर्थिक अपराधी) होने के चलते यहां भी राहत करीब-करीब नामुमकिन है। इसकी वजह यह है कि ब्रिटेन में भी आर्थिक अपराधियों को सख्त सजा दी जाती है।

नीरव के पास एक ऑप्शन यूरोपीय कमीशन ऑफ ह्यूमन राइट्स में अपील का भी है। एक ब्रिटिश लीगल एक्सपर्ट के मुताबिक, यह कहना मुश्किल है कि उसे भारत के हवाले कब तक किया जा सकेगा, क्योंकि वो अमीर है और वकीलों के जरिए मामला लटकाने की कोशिश करेगा। अब यह लड़ाई लीगल से ज्यादा डिप्लोमैसी की है।

# पप्पू को अपने घर में ढूंढो, वहीं मिलेगा : सीतारमण

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। लोकसभा में पिछले तीन दिन महुआ मोइत्रा v/s निर्मला सीतारमण देखने मिला। अतिरिक्त अनुदान की मांग पर 12 दिसंबर को वित्त मंत्री ने आंकड़े पेश किए। 13 दिसंबर को चर्चा के दौरान टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कुछ आंकड़े बताकर सरकार और अतिरिक्त अनुदान को झूठा बताया। 14 दिसंबर को निर्मला सीतारमण ने सरकार पर उठाए गए सभी सवालों का जवाब दिया।

इस पूरे घटनाक्रम में निर्मला सीतारमण का महुआ मोइत्रा पर किया गया पलटवार देखने और सुनने लायक था। वित्त मंत्री ने उन्हें सलाह दी कि पप्पू को संसद में या कहीं और न ढूंढिए, वो आपको अपने ही घर (पश्चिम बंगाल) में मिल जाएगा। सीतारमण का जवाब, वे अपने ही घर में देखें, तो



उन्हें पश्चिम बंगाल में ही मिल जाएगा। इसमें कोई शक नहीं है। आम आदमी के लिए चलाई जा रही योजनाओं को बंगाल सरकार लागू ही नहीं करती। इसलिए पप्पू को कहीं और ढूंढने की जरूरत नहीं है। सीतारमण का जवाब, बात ये है कि माचिस किसके हाथ में है। मैं इस पर बहुत ज्यादा डिटेल में नहीं जाना चाहती क्योंकि वह शायद अपने सवालों को मसाला देना चाहती थीं। किसने माचिस दिया ये मुद्दा नहीं है। ये पूछकर हम जनता को नीचा दिखाना नहीं चाहते। हमारे हाथ में माचिस जनता ने दिया है। माचिस किसके हाथ में कैसे इस्तेमाल होता है वही महत्वपूर्ण होता है। प्रश्न वो है।

जब हमारे हाथ में माचिस थी, हमने उज्ज्वला दिया, उजाला दिया, पीएम किसान दिया, हमने स्वच्छ भारत अभियान चलाया। जब आपके हाथ में आया माचिस, दंगे हुए, लूट हुई, रेप हुआ, हमारे कार्यकर्ता का घर जला दिया गया। स्टेट इलेक्शन के बाद केंद्रीय मंत्री तक सुरक्षित नहीं था। माचिस किसके हाथ में कैसे काम आया, वो हमें समझना चाहिए। 13 दिसंबर यानी मंगलवार अतिरिक्त अनुदान मांग पर बहस हुई। महुआ मोइत्रा की बारी आई तो उन्होंने शुरूआत में ही कहा, पंगा मत लेना। करीब 8 मिनट की स्पीच में उन्होंने इकोनॉमिक आंकड़े गिनाते हुए कहा कि सरकार हमें 10 महीने झूठ दिखाती है।

## कांग्रेस प्रमुख ने कसा केंद्र सरकार पर तंज

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर पिछले सप्ताह हुई झड़प को लेकर संसद में जारी हंगामे का जिक्र करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने तंज कसते हुए कहा कि केंद्र सरकार की 'लाल आंख' पर चीनी चश्मा चढ़ा हुआ है। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान इस सप्ताह बार-बार कामकाज और कार्यवाही बाधित होती रही है, क्योंकि दोनों ही सदनों में भारत-चीन के बीच सीमा पर हालात को लेकर चर्चा की विपक्ष की मांग को ठुकराया जाता रहा। मल्लिकार्जुन खडगे ने गुरुवार सुबह माइक्रो-ब्लॉगिंग वेबसाइट ट्विटर पर लिखा, ऐसा प्रतीत होता है कि मोदी सरकार की लाल आंख पर चीनी चश्मा लग गया है, क्या भारतीय संसद में चीन के विरूद्ध बोलने की अनुमति नहीं है...?

# फ्रांस से अंतिम राफेल विमान भी पहुंचा

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। देश की बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए भारतीय वायुसेना भी पूरी तरह तैयार है। वायुसेना ने गुरुवार को ट्वीट कर बताया कि फ्रांस से खरीदे गए 36 राफेल विमानों में से अंतिम विमान भी भारतीय सरजमीं पर उतर गया है। इसके साथ ही खेप पूरी हो गई है।



भारतीय वायु सेना (आईएएफ) ने ट्विटर पर एक अपडेट साझा किया है। इसमें राफेल विमान की तस्वीर के साथ लिखा है, फीट ड्रॉय, पैक पूरा! 36 राफेल विमानों में से आखिरी विमान यूएई वायु सेना के टैंकर के जरिए एक द्रुतगामी मार्ग से भारत में उतरा। भारतीय वायुसेना व देश की सुरक्षा के लिए गेमचेंजर माने जा रहे राफेल विमानों की पहली खेप में पांच विमान अंबाला एयरफोर्स स्टेशन पर जुलाई 2020 में उतरे थे।

इन्हें 17 स्क्वाड्रन 'गोल्डन ऐरो' का हिस्सा बनाया गया था। इस बेड़े को सरकार ने इसके एक साल पहले ही पुनर्गठित किया था। पांचों विमानों को एक माह बाद वायुसेना में शामिल कर लिया गया था। देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए राफेल डील गेमचेंजर साबित हुई है। उस वक्त रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था कि राफेल करार दुनिया और खासकर उनको संदेश है, जो भारत की संप्रभुता को चुनौती देते हैं। 9 अरब डॉलर की राफेल डील वायुसेना के बेड़े में नए विमान शामिल करने के इरादे से की गई थी।

भारत को अंतिम चार लड़ाकू विमानों में से तीन इसी साल फरवरी में मिले थे। ये लड़ाकू विमान पूरी तरह से भारत की खास रक्षा जरूरतों को ध्यान में रखकर सुसज्जित किए गए हैं। इनमें हेलमेट-माउंटेड विजन, रडार रिसीवर, 10 घंटे की उड़ान लायक ईंधन टैंक, उड़ान डेटा रिकॉर्डर, इन्फ्रा-रेड सर्च और ट्रैक सिस्टम और अपनी ओर आने वाली मिसाइलों को नष्ट करने जैसी तकनीकें हैं। अनुमानित रूप से प्रत्येक राफेल विमान की कीमत 670 करोड़ रुपये है।

## संविधान पीठ ने कहा प्रत्यक्ष साक्ष्य अनिवार्य नहीं

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि रिश्वत मांगे जाने का सीधा सबूत न होने या शिकायतकर्ता की मृत्यु हो जाने के बावजूद भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत दोष साबित हो सकता है। 5 जजों की संविधान पीठ ने माना है कि जांच एजेंसी की तरफ से जुटाए गए दूसरे सबूत भी मुकदमे को साबित कर सकते हैं। न्यायमूर्ति एस ए नजीर की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि शिकायतकर्ताओं के साथ-साथ अभियोजन पक्ष को भी ईमानदार प्रयास करना चाहिए ताकि भ्रष्ट लोक सेवकों को सजा दी जा सके और उन्हें दोषी ठहराया जा सके ...>14



## इच्छापुर हाईवे पर दो बसों की भिड़ंत, एक की मौके पर मौत

खंडवा, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। इंदौर इच्छापुर हाईवे पर गुरुवार सुबह दो बसों की आमने सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई। वहीं, 40 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। दुर्घटना इतनी भयानक थी कि दोनों ही बसों के आगे के हिस्से चकनाचूर हो गए हैं। फिलहाल घायलों को इंदौर और महू के अस्पतालों में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। हाईवे पर टकराने वाली बस यादव श्री और आर्य बस सर्विस की है।

## मुंबई के लोअर परेल इलाके में इमारत में भीषण आग

मुंबई, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। मुंबई के लोअर परेल इलाके में गुरुवार सुबह एक इमारत में आग लग गई। बताया गया है कि आग एविग्नॉन पार्क बिल्डिंग के एक अपार्टमेंट में लगी। मौके पर दमकल की चार गाड़ियां मौजूद हैं। फिलहाल इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

# इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ

## एचसी में चुनाव आयोग पर क्यों भड़की उद्धव गुट वाली शिवसेना

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली हाईकोर्ट ने शिवसेना के नाम और चुनाव चिह्न पर रोक लगाने के खिलाफ दायर याचिका खारिज करने वाले एकल न्यायाधीश के फैसले को चुनौती देने वाली उद्धव ठाकरे की याचिका पर आदेश सुरक्षित रख लिया है. उद्धव ठाकरे की तरफ से पेश हुए वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि चुनाव आयोग ने हमारा पक्ष सुने बिना ही हमारी पार्टी का सिंबल सील कर दिया. आज तक इतिहास में पहले कभी ऐसा नहीं हुआ.

उद्धव ठाकरे की तरफ से वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने अपने फैसले में कहा था कि प्रारंभिक आपत्ति नहीं सुनी जा सकती. हम हाईकोर्ट की इस टिप्पणी पर स्पष्टीकरण चाहते हैं. अदालत ऐसा कैसे कह सकती है? कपिल सिब्बल ने कहा कि चुनाव आयोग



के सामने भी इसपर आपत्ति उठाई थी. सुप्रीम कोर्ट में यह मामला लंबित है, उनका कहना है कि दो दल है, लेकिन कोई गुट नहीं है. दरअसल, उद्धव ठाकरे गुट ने चुनाव आयोग के फैसले को सही ठहराने के हाईकोर्ट की सिंगल बेंच के आदेश को चुनौती दी है. दिल्ली हाईकोर्ट की सिंगल जज की पीठ ने शिवसेना के चुनाव चिन्ह को फ्रीज करने के आदेश को बरकरार रखा था. गौरतलब है कि एकल पीठ ने अपने आदेश में कहा था कि शिवसेना में फूट होने के बाद पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न के उपयोग पर रोक लगाने के निर्वाचन आयोग के फैसले में कोई ''प्रक्रियात्मक उल्लंघन'' नहीं हुआ है. पीठ ने कहा था कि निर्वाचन आयोग ने उपचुनावों की घोषणा के कारण चुनाव चिह्न के आवंटन की आवश्यकता को देखते हुए यह आदेश पारित किया था और याचिकाकर्ता, जिसने जरूरी दस्तावेज पेश करने के लिए बार-बार समय मांगा, अब न्याय के सिद्धांतों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए आयोग की आलोचना नहीं कर सकता. एकल न्यायाधीश ने अपने आदेश में कहा था, 'महाराष्ट्र में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल 'शिवसेना' के सदस्यों के बीच फूट है. एक गुट का नेतृत्व एकनाथराव संभाजी शिंदे कर रहे हैं, जबकि दूसरे गुट की कमान उद्धव ठाकरे संभाल रहे हैं. दोनों खुद को मूल शिवसेना का अध्यक्ष बताते हैं और पार्टी के 'धनुष एवं बाण' चुनाव चिन्ह पर दावा जताते हैं.'

उद्धव ने अपनी अर्जी में दावा किया है कि पार्टी के नेतृत्व को लेकर कोई विवाद नहीं है और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने खुद स्वीकार किया था कि उद्धव शिवसेना के उचित तरीके से चुने गए अध्यक्ष हैं और बने रहेंगे. उन्होंने दलील दी कि ऐसे में यह नहीं कहा जा सकता कि शिवसेना के दो प्रतिद्वंद्वी गुट हैं. आठ अक्टूबर को निर्वाचन आयोग ने एक अंतरिम आदेश पारित करते हुए शिवसेना के दोनों गुटों पर अंधेरी पूर्व विधानसभा उपचुनाव में पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न का इस्तेमाल करने पर रोक लगा दी थी.

योग ने शिंदे द्वारा दायर एक 'विवाद याचिका' पर यह आदेश दिया था. शिंदे ने साल की शुरुआत में उद्धव पर कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के साथ 'अस्वाभाविक गठबंधन' करने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ बगावत का बिगुल फूंक दिया था. राज्य में शिवसेना के 55 में से 40 से अधिक विधायकों ने शिंदे के प्रति समर्थन जताया था, जिसके चलते उद्धव को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था.

# किरीट सोमैया और उनके बेटे को बड़ी राहत

## आईएनएस विक्रांत फंड हेराफेरी मामले में मिली क्लीन चिट



मुंबई, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। आईएनएस विक्रांत फंड हेराफेरी मामले में भाजपा नेता किरीट सोमैया और उनके बेटे को बड़ी राहत मिल गई है। दरअसल, मुंबई पुलिस की ईओडब्ल्यू विभाग ने इस मामले में उन्हें क्लीन चिट दे दी है और मामले को बंद कर दिया है। ईओडब्ल्यू अधिकारियों ने बुधवार को एक स्थानीय अदालत के समक्ष क्लोजर रिपोर्ट भी सौंप दी है।

**सौमैया पर आईएनएस विक्रांत फंड में हेराफेरी का था आरोप**

ऐसे आरोप थे कि सोमैया, उनके बेटे और कुछ अन्य लोगों ने सेवामुक्त किए गए नौसैनिक विमानवाहक पोत विक्रांत की बहाली के लिए 57 करोड़ रुपये से अधिक धन एकत्र किए थे। लेकिन इसे महाराष्ट्र के राज्यपाल के सचिव कार्यालय में जमा करने के बजाय, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ने कथित रूप से धन की हेराफेरी की। लेकिन जांच में पुलिस को सोमैया और उनके बेटे के खिलाफ मामले में कोई आपराधिकता नहीं मिली, जिसके बाद क्लोजर रिपोर्ट दायर की गई।

## एसिड अटैक मामले में दिल्ली पुलिस भी भेजेगी फ्लिपकार्ट को नोटिस

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। पश्चिमी दिल्ली में नाबालिग स्कूली छात्रा पर एसिड अटैक के मामले में जानकारी मिली है कि आरोपी सचिन ने तेज़ाब को ई-कॉमर्स वेबसाइट फ्लिपकार्ट के ज़रिये खरीदा था, और इसी वजह से दिल्ली महिला आयोग ने फ्लिपकार्ट और और एक अन्य ई-कॉमर्स वेबसाइट अमेज़न को नोटिस जारी किया है. अब दिल्ली पुलिस भी फ्लिपकार्ट को नोटिस भेजने जा रही है. इस नोटिस में दिल्ली पुलिस फ्लिपकार्ट से पूछेगी कि क्या वेबसाइट ने तेज़ाब बेचते वक्त सभी दिशानिर्देशों का पालन किया था. दिल्ली पुलिस इस नोटिस में फ्लिपकार्ट से पूछेगी कि क्या उन्होंने आरोपी से किसी सरकारी पहचानपत्र की मांग की थी, और क्या फ्लिपकार्ट ने आरोपी से तेज़ाब खरीदे जाने की वजह के बारे में सवाल किया था. इससे पहले दिल्ली महिला आयोग ने एसिड की आसान उपलब्धता पर फ्लिपकार्ट और अमेज़न को नोटिस भेजा है. दिल्ली महिला आयोग ने तेजाब की आसानी से उपलब्धता को लेकर सवाल किया है. गौरतलब है कि बुधवार सुबह दिल्ली के मोहन गार्डन इलाके में एक नाबालिग स्कूली छात्रा पर आरोपी सचिन ने अपने एक सहयोगी के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर तेज़ाब फेंका था,

## पुणे में निगाड़े गांव में करंट की चपेट में आकर चार लोगों की मौत

### जलाशय में लगा रहे थे मोटर पंप

मुंबई, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पुणे से एक बड़ा हादसा सामने आया है। यहां भोर तहसील में आने वाले निगाड़े गांव में चार लोगों की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। बताया गया है कि यह लोग गुंजावानी में जलाशय में एक मोटर पंप लगा रहे थे। इसी दौरान वहां कई लोग करंट की चपेट में आ गए। पुणे पुलिस ने इस मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि करंट की चपेट में आए लोगों के शव निकाल लिए गए हैं।

# 'जय सियाराम की जगह बोलते जय श्री राम'

## राहुल गांधी ने आरएसएस -बीजेपी पर लगाया महिलाओं को दबाने का आरोप



जयपुर, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर महिला को दबाने और सम्मान ना देने का आरोप लगाया है. भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व कर रहे राहुल ने खुले शब्दों में अपनी बात पर जोर देते हुए कहा कि इसी कारण आरएसएस संगठन में कोई महिला सदस्य नहीं है. राहुल गांधी ने इस दौरान भारतीय जनता पार्टी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि आरएसएस और बीजेपी की योजना डर और नफरत फैलाने की है. बीजेपी-आरएसएस जय सियाराम नहीं कहते बल्कि जय श्री राम बोलते हैं और ऐसा कर के वो सीता देवी का अपमान कर रहे हैं. उन्होंने कहा, जय सिया राम बोलने से भगवान राम और सीता देवी दोनों का सम्मान होता है.

**अपने संगठन में महिला को प्रवेश नहीं देते- राहुल का आरोप**

दरअसल, राहुल ने दौसा जिसे के बागड़ी गांव में एक नुक्कड़ सभी को संबोधित करने के दौरान ये आरोप लगाया. उन्होंने मौजूदा लोगों से कहा कि आपको इनके संगठन में एक महिला नहीं मिलेगी. ये महिलाओं को दबाते हैं. अपने संगठन में महिलाओं को प्रवेश नहीं करते. राहुल आगे बोले, मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि आप लोग जय श्री राम बोलते हैं... जय सिया राम क्यों नहीं बोलते? आप इसमें सीता देवी को क्यों हटा देते हैं. आप इस तरह सीता देवी और देश की महिला का अपमान क्यों कर रहे हैं?

**डर, नफरत फैलाने का काम करते**

कांग्रेस सांसद ने इस दौरान बेरोजगारी का मुद्दा भी उठाते हुए कहा कि अब देश के युवाओं में बेरोजगारी का डर बढ़ रहा है. इस डर का बीजेपी और आरएसएस दोनों फायदा उठाते हुए इसे नफरत में बदल देते हैं. उन्होंने कहा कि ये देश को बांटने, नफरत और डर फैलाने का काम करते हैं. राहुल ने इस डर, नफरत को जोड़ते हुए भारत जोड़ो यात्रा को महत्वपूर्ण बताया.

# मौलवी की घिनौनी करतूत

## 12 साल के लड़के को बेहोश कर कई बार किया कुकर्म, आरोपी की तलाश में पुलिस की कई टीमें

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। राजधानी के उत्तरी दिल्ली के सराय रोहिल्ला इलाके में मदरसे के मौलवी ने 12 साल के लड़के के साथ कुकर्म किया। मौलवी पर आरोप है कि लड़के को बेहोश करने के बाद उसके साथ कई बार कुकर्म किया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी मौलवी फरार है इसकी तलाश में पुलिस की कई टीमें लगी हैं।

# सुवेंदु अधिकारी पर शिकंजा कसने सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी ममता सरकार

## मगर खाली हाथ लौटी



नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के आसनसोल में एक कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मचने से तीन व्यक्तियों की मौत के मामले में भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी को बड़ी राहत मिली है. पश्चिम बंगाल के नेता सुवेंदु अधिकारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की पश्चिम बंगाल की ममता सरकार की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार कर दिया है. सुप्रीम कोर्ट ने साफ तौर पर बंगाल सरकार को हाईकोर्ट जाने को कहा है, जिसके बाद ममता सरकार ने अपनी याचिका वापस ले ली. दरअसल, गरीबों को 5,000 कंबल बांटने के दौरान भगदड़ मचने के मामले में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी (शुभेंदु अधिकारी) के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार सुप्रीम कोर्ट आई थी. मगर अब सुप्रीम कोर्ट से ममता सरकार को खाली हाथ लौटना पड़ गया. बंगाल सरकार का कहना था कि हाईकोर्ट ने सुवेंदु अधिकारी के एक मामले की सुनवाई के दौरान फैसला दिया है कि उनके खिलाफ राज्य सरकार और मुकदमे दर्ज नहीं कर सकती. दरअसल, 8 दिसंबर को कलकत्ता हाईकोर्ट ने सुवेंदु अधिकारी (शुभेंदु) के खिलाफ दर्ज कुल 17 मुकदमों पर रोक लगाते हुए फैसला दिया था कि बिना कोर्ट की इजाजत के सुवेंदु अधिकारी के खिलाफ राज्य सरकार कोई मुकदमा दर्ज नहीं करेगी.

हाईकोर्ट के इसी फैसले के खिलाफ राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट आई थी और हाईकोर्ट के आदेश को रद्द करने की मांग की थी. बता दें कि पश्चिम बंगाल में पश्चिमी बर्धमान जिले के आसनसोल में बुधवार को एक कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मचने से तीन व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि अन्य पांच लोग घायल हो गए थे. भगदड़ तब मची जब लोग कंबल पाने के लिए मंच की तरफ दौड़ने लगे. राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे, लेकिन भगदड़ तब मची जब अधिकारी कार्यक्रम से जा चुके थे. इस कार्यक्रम का आयोजन एक धार्मिक समूह ने किया था. पुलिस ने कहा कि इस कार्यक्रम के लिए अनुमति नहीं ली गई थी.

# क्या शिंदे कैबिनेट के विस्तार पर शाह ने लगा दी मुहर?

## शीतकालीन सत्र के बाद प्रक्रिया संभव



मुंबई, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में कैबिनेट विस्तार को लेकर लंबा इंतजार अब खत्म हो सकता है। दरअसल, मीडिया रिपोर्ट के हवाले से खबर आ रही है कि शीतकालीन सत्र के बाद इसे अंजाम दिया जा सकता है। दिल्ली में अमित शाह के साथ देर रात चली बैठक में कैबिनेट विस्तार को लेकर चर्चा हुई। इस बैठक के बाद इसे अंतिम रूप दे दिया गया। बैठक में फडणवीस और शिंदे दोनों मौजूद थे।

**शीतकालीन सत्र के बाद ही कैबिनेट विस्तार संभव**

दरअसल, पहले यह संभावना जताई जा रही थी शीतकालीन सत्र से पहले ही शिंदे-फडणवीस कैबिनेट का विस्तार हो जाएगा। लेकिन मीडिया रिपोर्ट में जो खबर आ रही है उससे तो यह संभव नहीं लग रहा है। अब कैबिनेट विस्तार शीतकालीन सत्र के बाद ही तय माना जा रहा है। विधायकों में टूट की वजह से नहीं हो रहा कैबिनेट विस्तारः विधायक वर्तमान में, मंत्रालय में मुख्यमंत्री शिंदे और उपमुख्यमंत्री फडणवीस सहित कैबिनेट रैंक के 20 मंत्री हैं।

लेकिन कैबिनेट विस्तार में देरी को लेकर विपक्ष हमलावर हो गया है। विपक्ष का कहना है कि शिंदे और फडणवीस के हर विधायक को मंत्री का पद चाहिए इसलिए अब भाजपा को डर सता रहा है कि मंत्री पद नहीं मिलने से कहीं असंतुष्ट विधायक बगावत न कर दें।

# रिश्वत मांगे जाने का सीधा सबूत न होने के बावजूद

## भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत दोष साबित हो सकता है: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने रिश्वत संबंधी भ्रष्टाचार को लेकर गुरुवार (15 दिसंबर) को एक अहम फैसाल सुनाया. सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि रिश्वत मांगे जाने का सीधा सबूत न होने या शिकायतकर्ता की मृत्यु हो जाने के बावजूद भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत दोष साबित हो सकता है. 5 न्यायमूर्तियों की संविधान पीठ ने माना है कि जांच एजेंसी की तरफ से जुटाए गए दूसरे सबूत भी मुकदमे को साबित कर सकते हैं. फैसले के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा, "भ्रष्टाचार एक कैंसर है, जो व्यवस्था के सभी अंगों पर बुरा असर डाल रहा है." संविधान पीठ ने कहा कि शिकायतकर्ता के सबूत और रिश्वत के सीधे या प्राथमिक सबूत के अभाव में, अभियोजन पक्ष की ओर से पेश किए गए दूसरे सबूतों के आधार पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा के तहत दोष साबित करने की अनुमति है. बता दें कि 5 न्यायमूर्तियों की पीठ ने 23 नवंबर को इस मामले की सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था.



**क्यो बोले जस्टिस नागरत्ना?**

पांच न्यायमूर्तियों की पीठ में से एक जस्टिस नागरत्ना ने फैसला सुनाते हुए कहा कि आरोपी के अपराध को साबित करने के लिए शिकायतकर्ता को पहले रिश्वत की मांग और बाद में इसको लेने की हामी भरने के आरोपों को साबित करना होगा. इसको मामले से जुड़े सीधे सबूतों, मौखिक सबूतों या फिर दस्तावेजी सबूतों के आधार पर साबित किया जा सकता है. इसके अलावा, विवादित तथ्य जैसे कि रिश्वत की मांग और उसके लिए हामी भरने के प्रमाण को मौखिक या दस्तावेजी सबूतों के अभाव में सरकमस्टेंशियल सबूत के जरिए भी साबित किया जा सकता है.

**क्या है भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम?**

भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम संशोधित विधेयक- 2018 के तहत रिश्वत की मांग करने वाले शख्स के साथ-साथ रिश्वत देने वाले को भी इसके दायरे में लाया गया है. इस अधिनियम में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने और ईमानदार कर्मचारियों को रिश्वत की मांग करने के झूठे आरोपों से संरक्षण देने का प्रावधान किया गया है. इसके अलावा, इस अधिनियम के तहत लोकसेवकों के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला चलाने से पहले केंद्र के मामले में लोकपाल से और राज्यों के मामले में लोकायुक्तों से अनुमति लेने की जरूरत होगी. साथ ही रिश्वत देने वाले को अपना पक्ष रखने के लिये 7 दिन का समय दिया जाएगा, जिसे 15 दिन तक बढ़ाया जा सकता है.

# मेहरौली के जंगलों से मिली हड्डियां श्रद्धा की थीं

## पिता का डीएनए मैच हुआ, आफताब की निशानदेही पर बरामद हुई थीं हड्डियां

**2. आफताब ने कत्ल से पहले दृश्यम देखी थी, पार्ट-2 का इंतजार कर रहा था**

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आफताब ने माना है कि उसने श्रद्धा के कत्ल से पहले बॉलीवुड फिल्म दृश्यम देखी थी, उसे पार्ट-2 का भी इंतजार था। एफएसएल सूत्रों के मुताबिक, दृश्यम देखकर ही वो मर्डर के बाद एक कहानी गढ़ने की फिराक में था।



**3. जिस रूम में लाश के टुकड़े रखे, वहीं सोता था; आरी से उसका भी हाथ कटा था**

दिल्ली के श्रद्धा वॉकर मर्डर केस में रोज नए खुलासे हो रहे हैं। साथ ही हत्या के आरोपी आफताब की दरिंदगी और डरावने चेहरे की कहानी भी छनकर सामने आ रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आफताब ने जिस कमरे में श्रद्धा की डेड बॉडी के टुकड़े फ्रिज में रखे थे, वह उसी कमरे में लगातार 18 दिन सोता रहा।

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। श्रद्धा मर्डर केस में पुलिस को गुरुवार को बड़ी कामयाबी मिली। पुलिस ने बताया कि दिल्ली के जंगलों से मिली हड्डियों का डीएनए श्रद्धा के पिता से मैच कर गया है। ये हड्डियां मेहरौली और गुरुग्राम के जंगलों से मिली थीं। ये हड्डियां आफताब की निशानदेही पर बरामद हुई थीं। दिल्ली पुलिस के मुताबिक 28 साल के आफताब ने 18 मई को 27 साल की श्रद्धा का मर्डर कर दिया था। दोनों लिव-इन में रहते थे। आफताब ने श्रद्धा के शव के 35 टुकड़े किए थे। इन्हें रखने के लिए 300 लीटर का फ्रिज खरीदा था। वह 18 दिन तक रोज रात 2 बजे जंगल में शव के टुकड़े फेंकने जाता था।

**आफताब ने नार्को और पॉलीग्राफ टेस्ट में भी कबूली थी हत्या की बात**

पिछले महीने आफताब का नार्को टेस्ट किया गया था। इसमें उसने श्रद्धा के मर्डर की बात कबूली थी। दिल्ली के बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल में 2 घंटे तक आफताब का नार्को टेस्ट चला था। आफताब ने टेस्ट में पूछे गए ज्यादातर सवालों के जवाब अंग्रेजी में दिए। उसने पॉलीग्राफ टेस्ट में भी श्रद्धा की हत्या की बात कबूल की थी, हालांकि तब उसने कहा था कि उसे हत्या का अफसोस नहीं है।

**आफताब पर हमला भी किया गया था**

रोहिणी एफएसएल में पॉलिग्राफ टेस्ट के लिए ले जाते वक्त आफताब पर हमला भी किया गया था। आफताब को ले जा रही पुलिस वैन पर रोहिणी स्थित फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) के बाहर 4-5 लोगों ने हमले की कोशिश की थी। इनके हाथों में तलवारें थीं। पुलिस ने इन हमलावरों से आफताब को बचाया था।

**12 नवंबर को गिरफ्तार हुआ आफताब**

आफताब को 12 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद उसे पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। 17 नवंबर को उसकी कस्टडी को पांच दिनों के लिए और बढ़ा दिया गया।

कोर्ट ने फिर 26 नवंबर को उसे 13 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। 9 दिसंबर को दिल्ली के साकेत कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया।

**कोर्ट ने आफताब की कस्टडी 14 दिन बढ़ा दी है।**

श्रद्धा वालकर के पिता विकास वालकर पहली बार मीडिया के सामने आए। उन्होंने कहा कि अभी जांच सही चल रही है, लेकिन वसई, तुलिंज थानों की पुलिस पहले इस मामले को गंभीरता से लेती तो शायद मेरी बेटी की जान बच सकती थी। विकास ने कहा- मैं नहीं चाहता जैसा मेरी बेटी के साथ हुआ वैसा किसी और के साथ हो। मैं अपनी बेटी के लिए न्याय चाहता हूं, इसलिए उसके हत्यारे आफताब को फांसी मिले।

# भोपाल में लव जिहाद का मामला, नाम बदलकर दोस्ती की, शादी का झांसा दे ज्यादती की, केस दर्ज

भोपाल, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। राजधानी भोपाल में लव जिहाद का मामला सामने आया है। आरोपी ने नाम बदलकर नाबालिग से दोस्ती और तीन साल तक उसके साथ ज्यादती की। बाद में धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने पर पीड़िता ने पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने आरोपी फैजल सैय्यद अब्बास को गिरफ्तार कर लिया है। कोलार थाना क्षेत्र में पीड़ित रहती है। वह 2019 में 11वीं कक्षा में एक निजी स्कूल में पढ़ती थी। वहां, शान पंडित नाम के लड़के का आना जाना था। उसने पीड़िता से दोस्ती की। उस समय पीड़िता की उम्र 16 साल थी। यह दोस्ती प्रेम प्रसंग में बदल गई। आरोपी पीड़िता को घुमाने फिराने ले जाने लगा। नवंबर 2019 में आरोपी पीड़िता को एक होटल में लेकर गया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता के विरोध करने पर उसे शादी करने का झांसा दिया। इसके बाद लगातार तीन साल तक आरोपी पीड़िता के साथ ज्यादती करते रहा। पीड़िता को पिछले महीने आरोपी की असलितय का पता चला। जब उसने इसके बारे में उससे बात कि तो उसने कहा कि उसके पास उसके वीडियो है। यदि उसके बारे में किसी से कुछ बताया तो वह वीडियो वायरल कर देगा। आरोपी ने पीड़िता के साथ मारपीट भी की। पीड़िता ने बताया कि पीड़िता कॉलेज जाने के लिए निकलती तो आरोपी उसे अपने साथ ले जाता था। वह उससे कॉलेज की फीस के पैसे भी ले लेता था। इस वजह से वह कॉलेज की पढ़ाई भी नहीं कर पाई। उसने पीड़िता का गर्भपात भी कराया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म, एट्रोसिटी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

शुक्रवार, 16 दिसंबर, 2022 3

सुविचार: यदि समस्यायें आने पर आप घबरा जाते हैं तो इससे आपके दिमाग का सन्तुलन बिगड़ जायेगा

## फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्र गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

### फर्जी प्रमाण पत्र, चार सेलफोन, सीपीयू, कलर प्रिंटर, 22 हजार रुपये नकद जब्त

हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिटी कमिश्नर टास्कफोर्स, साउथ जोन टीम के अधिकारियों ने नामपल्ली पुलिस के साथ मिलकर चार लोगों को पकड़ा है। गिरफ्तार चारों लोगों को फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र प्रदान कर रहे थे और विदेश में अध्ययन के नाम पर बड़ी रकम वसूल कर रहे थे। जांचकर्ताओं ने विभिन्न विश्वविद्यालयों और बोर्डों के फर्जी इंटरमीडिएट और डिग्री प्रमाण पत्र, चार सेल फोन, एक सीपीयू, एक मॉनिटर, एक की-बोर्ड, एक माउस, एक कलर प्रिंटर, छह कलर फिलर्स और 22,000 रुपये नकद जब्त किए।



आरोपियों की पहचान 47 वर्षीय मोहम्मद एहतेशाम उद्दीन हुसैन, स्टडी अफेयर्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक और हैदराबाद के नामपल्ली में रहने वाले के रूप में हुई। वह जरूरतमंदों को फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्र मुहैया कराता है। मोहम्मद अब्दुल खादर, 42, स्टडी अफेयर्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के कंप्यूटर ऑपरेटर और टोलीचौकी, हैदराबाद का निवासी है। मोहम्मद अल्ताफ अहमद, 43, करियर विंग्स स्टडी कंसल्टेंसी का डायरेक्टर और मलकपेट में रहता हैं। मोहम्मद इमरान, 41, रियल-एस्टेट और ऑनलाइन सेवाएं (मीसेवा), अंबरपेट में रहता हैं और ग्राहक प्रदाता हैं। दो अन्य फरार हैं। पुलिस ने स्टेट बोर्ड ऑफ स्कूल एग्जामिनेशन (एसईसी) और बोर्ड ऑफ हायर सेकेंडरी एग्जामिनेशन तमिलनाडु के 20, अन्ना यूनिवर्सिटी, चेन्नई के 33, तिरुवल्लुवर यूनिवर्सिटी, तमिलनाडु के 10, सत्यमबामा यूनिवर्सिटी, तमिलनाडु के 15, सीएच के नौ, चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ, एमएच स्टेट बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एंड हायर सेकेंडरी एजुकेशन, पुणे के तीन, पेरियार विश्वविद्यालय, सलेम के 10, शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुर के 28, सिक्किम राज्य विश्वविद्यालय के पांच, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी के 10, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग, आंध्र प्रदेश, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग, तेलंगाना के एक- एक, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग, गुजरात में से एक सर्टिफिकेट जब्त किए गए हैं। मोहम्मद एहतेशामउद्दीन हुसैन नामपल्ली में एक स्टडी अफेयर्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड कंसल्टेंसी चला रहा था और खादर उसी कार्यालय में एक कर्मचारी है। इमरान वीरा सिटी सर्विसेज के नाम से अंबरपेट में मी सेवा चला रहा था। हिमायत नगर में कैरियर विंग कंसल्टेंसी के मालिक मलकपेट के अल्ताफ से मिले और एक गिरोह बनाया। जरूरतमंद छात्रों को फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र प्रदान करने की योजना बनाई। एतेशाम उनके द्वारा निर्धारित प्रासंगिक दस्तावेजों और फीस को संक्षिप्त और एकत्र करता है। बाद में एतेशाम अन्य आरोपियों से संपर्क करता है और ग्राहकों का विवरण भेजता है। बाद में, वे ग्राहकों पर स्टडी ट्रैक के आधार पर विभिन्न विश्वविद्यालयों और बोर्डों के नकली शैक्षिक प्रमाण पत्र तैयार करते हैं। वे उनसे अतिरिक्त राशि वसूल कर एक सीमित अवधि के लिए ऑनलाइन चेक की सुविधा भी प्रदान करते हैं।

सूचना के आधार पर कमिश्नर की टास्क फोर्स साउथ जोन की टीम और नामपल्ली पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया और फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र और सामग्री जब्त कर ली। एम. राजेश चंद्रा डीसीपी, मध्य क्षेत्र, हैदराबाद ने नागरिकों से अपील की कि वे अन्य राज्य विश्वविद्यालयों के फर्जी शैक्षिक परामर्शदाताओं, मध्यस्थों/एजेंटों पर विश्वास न करें। वे विश्वविद्यालयों से बैक डोर और बैक डेट के माध्यम से शिक्षा प्रमाणपत्र प्रदान करने के झूठे वादे करते है। अगर कोई अवैध गतिविधियों में शामिल होता है, तो उसे कानूनी परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

## डंपिंग यार्ड में विस्फोट, पिता-पुत्र घायल

### लोअर टैंकबंड के पास हुई घटना की जांच में जुटी पुलिस





हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिकंदराबाद के लोअर टैंकबंड के पास स्थित कचरा डंपिंग यार्ड में अचानक विस्फोट होने से दो लोग घायल हो गए। विस्फोट की घटना से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, डॉग स्क्वायड आदि मौके पर पहुंचकर छानबीन की। घायलों को उपचार के लिए सिकंदराबाद के गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि अभी तक पुलिस इस घटना के बारे में कोई अधिकारिक जानकारी नहीं दी। डंपिंग यार्ड के पास एक आश्रम, एक होटल और एक बड़ा व्यवसायिक प्रतिष्ठान है। दोनों घायल पिता-पुत्र बताए जा रहे है। गांधीनगर थाना क्षेत्र के लोअर टैंक बंड के पास बने डंपिंग यार्ड में गुरुवार को हुए एक रहस्यमयी विस्फोट से आसपास के लोग सकते में आ गए। विस्फोट के कारणों का पता नहीं चल सकता है। यह भी अभी तक जानकारी नहीं मिल पाई है कि विस्फोट किस पदार्थ का है।सूचना मिलने पर चिक्कडापल्ली एसीपी यादगिरी, गांधीनगर इंस्पेक्टर मोहन राव स्टाफ सहित मौके पर पहुंचे। पुलिस की विभिन्न टीमें विस्फोट के कारणों का पता लगाने में जुटी है। विस्फोट में घायल हुए लोगों की पहचान आंध्र प्रदेश के कुर्नूल जिले के नानचारला निवासी चंद्रन्ना और उनके बेटे सुरेश के रूप में हुई है। दोनों ही दिहाड़ी मजदूर बताए जा रहे है। वे डंपिंग यार्ड के आसपास कचरा बीनने का काम करते है।

## भारत गौरव ट्रेनों को लॉन्च करने के लिए दमरे पहले सेवा प्रदाता के रूप में पंजीकृत

### आईआरसीटीसी ने दमरे को बैंक गारंटी प्रदान की

हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारत गौरव ट्रेन सेवा को रेल मंत्रालय द्वारा देश के शानदार ऐतिहासिक और तीर्थ स्थानों को रेल के माध्यम से जोड़कर हमारे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।

जल्द ही पूरे दक्षिण मध्य रेलवे ज़ोन में शुरू की जाएगी। इस संबंध में, भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी), दक्षिण मध्य क्षेत्र ने भारत गौरव ट्रेनों को लॉन्च करने के लिए एससीआर क्षेत्र में पहले सेवा प्रदाता के रूप में पंजीकरण किया है। रेल निलयम, दमरे मुख्यालय में एक औपचारिक बैठक आयोजित की गई है और जी. जॉन प्रसाद, प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक, दमरे ने डी. नरसिंह राव, जीजीएम, आईआरसीटीसी से दमरे की ओर से एक करोड़ रुपये की बैंक गारंटी प्राप्त की है। इस अवसर पर दमरे के आर धनंजयुलू, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक, के. पद्मजा, मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक (यात्री सेवाएं), डी. सत्यनारायण, मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक उपस्थित थे। दक्षिण मध्य रेलवे के वाणिज्यिक विंग ने भारत गौरव ट्रेनों को दक्षिण मध्य रेलवे से लॉन्च करने के लिए निरंतर विपणन प्रयास किए थे। इस संबंध में, दक्षिण मध्य रेलवे के अधिकारियों ने दक्षिण मध्य रेलवे के पर्यटन ग्राहक आधार और जोन से भारत गौरव ट्रेनों के संचालन के लाभों के बारे में विस्तार से बताया है। भारत गौरव ट्रेनों के संचालन से आईआरसीटीसी, रेलवे के साथ-साथ कई ऐतिहासिक और तीर्थ स्थलों की एक बार में यात्रा करने की इच्छा रखने वाले रेल यात्रियों को लाभ होगा। तदनुसार, आईआरसीटीसी ने गहरी दिलचस्पी दिखाई है और दक्षिण मध्य रेलवे से भारत गौरव ट्रेन सेवा शुरू करने के लिए आगे आया है। आईआरसीटीसी द्वारा शुरू की जाने वाली भारत गौरव ट्रेन यात्रियों को विविध अनुभव प्रदान करते हुए एक पूर्व-निर्धारित सर्किट में विभिन्न पर्यटन स्थलों को कवर करेगी। इसके अलावा, यह सेवा जनता की यात्रा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विभिन्न वर्गों में उपलब्ध होगी। आईआरसीटीसी द्वारा जल्द ही यात्रा कार्यक्रम और अन्य विवरण की घोषणा की जाएगी। दमरे के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि यह पर्यटन क्षेत्र में एक गेम चेंजर साबित होगा। उन्होंने पर्यटक ट्रेनों के संचालन में रुचि रखने वाले अन्य ऑपरेटरों से इस अवसर का उपयोग करने और दक्षिण मध्य रेलवे के साथ जुड़ने के लिए आगे आने की अपील की।



## 400 करोड़ रुपये की ईगलापेंटा-श्रीशैलम रोपवे परियोजना को मंजूरी

अमरावती, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने तेलंगाना में ईगालापेंटा और श्रीशैलम के बीच 400 करोड़ रुपये की रोपवे परियोजना के लिए हरी झंडी दे दी है। एपी पर्यटन विकास रजत भार्गव के विशेष मुख्य सचिव रजत भार्गव के अनुसार, यह पर्वतमाला परियोजना परियोजना का हिस्सा है, जिसके तहत केंद्र ने देश में 26 रोपवे परियोजनाओं के लिए धन आवंटित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि श्रीशैलममंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने से रोपवे परियोजना से पर्यटन विकास में मदद मिलेगी।

## सड़क पर जन्मदिन मनाने की कोशिश में मिली जेल

हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अपना 27 वां जन्मदिन संगीत और नृत्य के साथ सड़क पर मनाने वाले को पांच दिन जेल में बिताने पड़े। संतोषनगर में दरगाह बरहाना शाह इलाके के रहने वाले मजीद अली खान ने 13 नवंबर को अपने जन्मदिन पर एक बड़ी धूम मचाने के इरादे से मुख्य सड़क पर एक मंच लगाया और डीजे की व्यवस्था कर दोस्तों और शुभचिंतकों को आमंत्रित किया। हालांकि, उसी समय पास की दरगाह बरहाना शाह में एक वार्षिक उर्स चल रहा था। जन्मदिन का जश्न शुरू होते ही शिकायत मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई।

मजीद अली और कामसारपु प्रभाकर ने सड़क को अवरुद्ध करके बाधा उत्पन्न की और स्वेच्छा से पुलिस को उनके कर्तव्यों के निर्वहन में बाधा डाली। उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इंस्पेक्टर संतोषनगर, वामशी कृष्ण राव ने कहा कि गुरुवार को इन्हें कोर्ट में पेश किया गया। मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने मजीद अली और प्रभाकर को पांच दिन की कैद की सजा सुनाई और दोनों को केंद्रीय कारागार चंचलगुड़ा स्थानांतरित कर दिया गया।

## भारतीय मानक ब्यूरो
## हैदराबाद शाखा कार्यालय

मानकः पथप्रदर्शकः

भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) उत्पादों के मानकीकरण, अंकन ,परीक्षण और गुणवत्ता प्रमाणन की गतिविधियों के सामंजस्यपूर्ण विकास के लिए BIS अधिनियम 2016 के तहत स्थापित भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय है।

मानकीकरण प्रक्रिया में हितधारकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए, BIS ने 'मानक मंथन' नामक एक पहल शुरू की। यह हितधारकों के लिए विकास के तहत नए मानकों / विकास के तहत मानकों पर चर्चा करने और नए उत्पादों पर प्रस्ताव देने के लिए एक मंच है।

BIS हैदराबाद शाखा कार्यालय 16 December 2022 को, निम्नलिखित नए संशोधित मानक पर मानक मंथन (हाइब्रिड के माध्यम से) आयोजित करने जा रहा है:

'ड्राफ्ट इंडियन पर तकनीकी प्रस्तुति अल्ट्राफाइन फ्लाई ऐश का मानक।
अतिमहीन चूर्ण ईंधन की राख-विशशष्टिता

**कार्यसूची :** इस मानक मंथन का एजेंडा:
(1) मानकों में शामिल आवश्यकताओं को समझना
(2) उद्योग में परीक्षण और रिकॉर्ड रखने की प्रक्रिया पर चर्चा
(3) उद्योग द्वारा इन मानकों का कार्यान्वयन
(4) अभ्यास संहिता के लिए इस मानक के कार्यान्वयन में मुद्दे
(5) मानकों में आवश्यक परिवर्तनों पर प्रतिक्रिया
(6) इस क्षेत्र में नए मानकों के लिए कोई अन्य प्रस्ताव:

निर्माण, शिक्षा, उद्योग संघों, सरकारी विभागों, उपभोक्ता निकायों, प्रयोगशालाओं आदि में विभिन्न हितधारकों के साथ-साथ समिति, जो इस मानक के निर्माण के लिए जिम्मेदार हैं, मानकों पर चर्चा करने के लिए और अपनी बहुमूल्य प्रतिक्रिया देने केलिए इस कार्यक्रम का हिस्सा होंगे।

**बैठक का विवरण (हाइब्रिड मोड)**
**दिनांक:** 16/12/2022 **समय :** 1500h to 1700h

**स्थान :** राष्ट्रीय सीमेंट और निर्माण सामग्री परिषद एनसीबी भवन, ओल्ड मुंबई हाइवे, गचीबौली, हैदराबाद तेलंगाना - 500008 इस बैठक में भाग लेने के इच्छुक हितधारक कृपया, श्री राकेश तनिरू, वैज्ञानिक सी, PH.NO: 9845866644 से संपर्क कर सकते हैं या हमें hybo@bis.gov.in पर ईमेल कर सकते हैं।

## CLASSIFIEDS

### CHANGE OF NAME

I, MD RAHANA BEGUM W/O. ABDUL BASEER KHAN R/O. 12-2-60, MURADNAGAR HYD-TS HAS CHANGED MY NAME AS REHANA BEGUM

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवाद करने से पहले उसकी पूरी तरह से जांच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

## मौलाना आजाद फेलोशिप बहाल करने के लिए एआईएसएफ ने किया विरोध प्रदर्शन

हैदराबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फ्रंट (एआईएसएफ) के कार्यकर्ताओं ने आज विरोध प्रदर्शन किया और मांग की कि केंद्र सरकार अल्पसंख्यक छात्रों के लिए मौलाना आजाद राष्ट्रीय फेलोशिप योजना को तुरंत बहाल करे, जो एमफिल और पीएचडी कर रहे हैं। विरोध नारायणगुडा वाई जंक्शन पर आयोजित किया गया। संगठन के राष्ट्रीय सचिव विक्की माहेश्वरी ने मांग की कि केंद्र हितग्राही योजना रद्द करने के अपने निर्णय को वापस ले। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के साथ भेदभाव कर रही है। उन्होंने कहा कि योजना को समाप्त करने से अल्पसंख्यक छात्रों के साथ अन्याय होगा और कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के लाखों छात्र इस योजना के तहत फेलोशिप प्राप्त कर कई शोध कार्यक्रम चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अब छात्रों को योजना के आर्थिक लाभ से वंचित रखेगी। उन्होंने केंद्र सरकार को चेतावनी दी कि अगर उसने अपना फैसला वापस नहीं लिया तो उसे छात्र समुदाय का सामना करना पड़ेगा।

पार्टी के राज्य सचिव पुट्टा लक्ष्मण ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अल्पसंख्यक छात्रों को उच्च शिक्षा से वंचित करने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मोदी देश में दलितों, महिलाओं, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के साथ भी भेदभाव कर रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार को चेतावनी दी कि अगर उसने अपना विवादास्पद फैसला वापस नहीं लिया तो वह देश भर में बड़े पैमाने पर छात्र आंदोलन करेगी। एआईएसएफ के प्रदेश अध्यक्ष के. मणिकांत रेड्डी, पदाधिकारी रहमान, मेडचल जिला आयोजन सचिव अनवर और रंगा रेड्डी जिला सहायक सचिव वंशी वर्धन रेड्डी और अन्य ने भी विरोध प्रदर्शन में भाग लिया।

**पूर्वोत्तर रेलवे** — **ई-आक्शन लॉट सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल पर वाणिज्यिक विज्ञापन ई-आक्शन (विनायल स्टीकर के माध्यम से) मेल एक्सप्रेस गाड़ियों के सभी कोचों के आन्तरिक भाग पर (शीशे के नीचे, केबिन खिड़की के बीच में 30 स्टीकर प्रत्येक 2 x 1.5 Sq.ft. साइज का प्रत्येक कोच में) 03 वर्ष के लिये विज्ञप्ति सूचना वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु ठेका प्रदान करने के लिये आमंत्रित की जा रही है। विवरण निम्न है:-

| क्रम सं. | आक्शन सूचना संख्या | गाड़ी संख्या | कुल रैको की संख्या | कहाँ से | कहाँ तक | कुल कोचेस की संख्या | कुल वाणिज्य विज्ञापन एरिया (वर्गफीट) | आक्शन/लाट बन्द होने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | ADVT-INT-131210-87-22-1 | 12531/12532 | 01 | लखनऊ | गोरखपुर | 20 | 1800.00 | दि. 28-12-2022 को समय 13:30 बजे तक |
| 02 | ADVT-INT-131316-22-1 | 15048/15047 15050/15049 15052/15051 15009/15010 | 04 | गोरखपुर | कोलकाता/ मैलानी | 84 | 7560.00 | दि. 28-12-2022 को समय 13:40 बजे तक |
| 03 | ADVT-INT-154401-85-22-1 | 02529D/05069D 12530/12529 15070/15069 | 02 | लखनऊ लखनऊ ऐशबाग | ऐशबाग पाटलीपुत्र गोरखपुर | 32 | 2880.00 | दि. 28-12-2022 को समय 13:50 बजे तक |
| 04 | ADVT-INT-131245-93-22-1 | 15011/15012 | 02 | लखनऊ | चंडीगढ | 32 | 2880.00 | दि. 28-12-2022 को समय 14:00 बजे तक |
| 05 | ADVT-INT-131320-97-22-1 | 22537/22538 15017/15018 | 07 | गोरखपुर | लोकमान्य तिलक टर्मिनल | 154 | 13860.00 | दि. 28-12-2022 को समय 14:10 बजे तक |
| 06 | ADVT-INT-132368-88-22-1 | 12511/12512 12589/12590 12591/12592 | 04 | गोरखपुर | तिरूवनन्तपुरम/ सिकंदराबाद/ यशवंतपुर | 84 | 7560.00 | दि. 28-12-2022 को समय 14:20 बजे तक |
| 07 | ADVT-INT-131321-96-22-1 | 15003/15004 12555/12556 | 04 | गोरखपुर | कानपुर अनवरगंज /भटिण्डा | 88 | 7920.00 | दि. 28-12-2022 को समय 14:30 बजे तक |
| 08 | ADVT-INT-129409-84-22-1 | 12533/12534 | 03 | लखनऊ | मुम्बई | 66 | 5940.00 | दि. 28-12-2022 को समय 14:40 बजे तक |

- टेण्डर से सम्बन्धित अन्य जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in (E-Auction Module)
- ठेके की अवधि : 03 वर्ष, • आक्शन/लाट खुलने की तिथि व समय: दि. 28-12-2022 को समय 13:00 बजे तक

मुजाधि/वाणिज्य-224 — मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), लखनऊ

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो. नं.: 09794845955 पर एसएमएस करें।

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## दुर्घटनाओं के दौरान सतर्कता के साथ कार्य करें : राहुल राज



आसिफाबाद, 15 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कुमरम भीम आसिफाबाद जिला कलेक्टर राहुल राज ने कहा कि लोगों को सतर्क रहना चाहिए और आग, बाढ़, चावल मिलों, कपास जिनिंग मिलों और रासायनिक कारखानों जैसी दुर्घटनाओं के दौरान जान बचाने के लिए समय पर कार्रवाई करनी चाहिए। गुरुवार को अपर जिलाधिकारी राजेशम एवं प्रभारी जिला राजस्व अधिकारी राजेश्वर सहित जिला केंद्र स्थित समाहरणालय भवन में समीक्षा बैठक की गयी। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि गर्मी में आग दुर्घटना, बरसात में बाढ़ एवं रासायनिक दुर्घटना होने पर लोगों को समय रहते कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा आपदा की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए जिले में एक गतिविधि तैयार की गई है और माउंट टेल कार्यक्रम इस तरह से आयोजित किया जाएगा, जिसे स्कूल और कॉलेजों के छात्र समझ सकें। उन्होंने कहा कि रासायनिक दुर्घटना के दौरान फेस मास्क पहनें और आपातकालीन सेवाओं के अस्पतालों, दवाओं और परिशोधन किट के नंबर उपलब्ध रखें।

# 10 बड़ी राजनीतिक घटनाओं ने बटोरीं सुर्खियां

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। वर्ष 2022 अब अपने अंतिम पड़ाव पर है और लोग नई उम्मीदों के साथ 2023 का इंतजार कर रहे हैं। पिछले एक वर्ष के दौरान राजनीतिक क्षेत्र भी काफी उथल-पुथल से भरा रहा। इस दौरान कई विधानसभा चुनाव और उपचुनाव भी हुए जहां जनता ने अपने मतों से सत्ता को बदल दिया या फिर उसे बरकरार रखा। कुछ सियासी दलों के लिए यह साल नए अवसर लेकर आया तो वहीं कुछ के लिए और कड़ी मेहनत करने का संदेश देकर जा रहा है। आइए, एक नजर डालते हैं कुछ खास राजनीतिक घटनाओं पर जिन्होंने इस साल सुर्खियां बटोरीं।




**कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव और भारत जोड़ो यात्रा**

इस साल का सबसे बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम है कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव। इस चुनाव में पिछले 25 साल बाद गांधी परिवार से बाहर का व्यक्ति पार्टी अध्यक्ष चुना गया है। इस चुनाव कांग्रेस के सीनियर नेता मल्लिकार्जु खड़गे और शशि थरूर के बीच सीधा मुकाबला था। मल्किार्जुन खड़गे ने शशि थरूर को बड़े अंतर से हरा दिया। खड़गे को कुल 7897 वोट मिले जबकि शशि थरूर को 1072 वोट मिले। वहीं राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने भी इस साल खूब सुर्खियां बटोरी। लंबे अर्से बाद सियासत में ऐसी कोई पदयात्रा हो रही है। यह यात्रा 7 सितंबर 2022 को कन्याकुमारी से शुरू हुई। 150 दिनों में 3570 किमी की दूरी तय कर यह यात्रा श्रीनगर में खत्म होगी।

**यूपी-उत्तराखंड और गोवा में बीजेपी की वापसी**

यूपी, उत्तराखंड और गोवा के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर बीजेपी ने अपनी सत्ता को बरकरार रखा है। इन तीनों राज्यों में सबकी निगाहें यूपी के चुनाव पर थी जहां 2017 से योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में सरकार चल रही थी। बीजेपी को समाजवादी पार्टी से कड़ी टक्कर मिल रही थी जिसकी अगुवाई अखिलेश यादव कर रहे थे। लेकिन चुनाव परिणामों ने सबकों चौंका दिया। भाजपा ने एक बार फिर पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया । उसे कुल 255 सीटें हासिल हुईं। समाजवादी पार्टी को 111 सीटें मिलीं वहीं उत्तरखंड में भी बीजेपी को पूर्ण बहुमत हासिल हुआ और पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार बनी। उधर गोवा में भी प्रमोद सांवत की अगुवाई में एक बार फिर बीजेपी सरकार बनाने में सफल रही। मणिपुर में भी बीजेपी की सरकार बनी।

**पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार**

दिल्ली में जिस चमत्कारिक ढंग से अरविंद केजरीवाल की अगुवाई में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी थी, ठीक उसी तरह का परिणाम पंजाब चुनावों में देखने को मिला। यहां सत्तारूढ़ कांग्रेस बुरी तरह से हार गई। आम आदमी पार्टी ने राज्य की कुल 117 सीटों में से 92 सीटों पर जीत हासिल की और भगवंत मान को राज्य का मुख्यमंत्री बनाया।

**पंजाब में पीएम मोदी की सुरक्षा में बड़ी लापरवाही**

5 जनवरी 2022 को पंजाब के दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में बड़ी लापरवाही की घटना हुई। फिरोजपुर में कुछ प्रदर्शनकारियों ने उस सड़क मार्ग को बाधित कर दिया जहां से प्रधानमंत्री के काफिले को गुजरना था। इस वजह से प्रधानमंत्री एक फ्लाईओवर पर 20 मिनट तक फंसे रहे। घटना के बाद प्रधानमंत्री दिल्ली लौट गए। वह ना तो किसी कार्यक्रम में शामिल हुए और ना ही दो साल के बाद राज्य में अपनी पहली रैली को ही संबोधित कर सके।

**पीएफआई पर बैन**

'पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया' यानी पीएफआई पर सरकार ने सितंबर महीने में प्रतिबंध लगा दिया और इसके 100 से ज्यादा एक्टिव मेंबर्स को गिरफ्तार लिया गया। कथित रूप से आतंकी गतिविधियों में लिप्त रहने के कारण इस संगठन पर प्रतिबंध लगा दिया गया। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी एक अधिसूचना के अनुसार, केंद्र सरकार का मानना है कि पीएफआई और उसके सहयोगी ऐसे विनाशकारी कृत्यों में शामिल रहे हैं, जिससे जन व्यवस्था प्रभावित हुई है, देश के संवैधानिक ढांचे को कमजोर किया जा रहा है और आतंक-आधारित शासन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही उसे लागू करने की कोशिश की जा रही है। पीएफआई का गठन 22 नवंबर, 2006 को केरल के कोझीकोड में हुआ था।

**महाराष्ट्र में सत्ता परिवर्तन**

महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की अगुवाई में चल रही महाविकास अघाड़ी सरकार उस वक्त पटरी से उतर गई जब शिवसेना के कद्दावर नेता और उद्धव के मंत्री एकनाथ शिंदे 28 विधायकों को लेकर गुजरात चले गए। उद्धव खेमे की तरफ से उन्हें मनाने की कोशिशें भी हुईं लेकिन बाद में उन्होंने गुवाहाटी में डेरा डाल दिया। नतीजा ये हुआ कि उद्धव ठाकरे को सीएम पद से इस्तीफा देना पड़ा। वहां बीजेपी के सहयोग से एकनाथ शिंदे की अगुवाई में सरकार बनी।

**बिहार में सत्ता परिवर्तन**

बिहार में एकबार फिर बीजेपी नीतीश कुमार की चाल को समझने में नाकाम रही और वे बड़ी आसानी के साथ पाला बदलने में कामयाब हो गए। उन्होंने सहयोगी दल बीजेपी से किनारा कर लिया और एक बार फिर राष्ट्रीय जनता दल के साथ मिल गए। जब तक बीजेपी को नीतीश की इस चाल का अंदाजा हुआ तब तक पानी सिर से ऊपर जा चुका था। नीतीश ने सत्ता में भागीदार रही बीजेपी को विपक्ष में धकेल दिया और राष्ट्रीय जनता दल के सहयोग से सरकार बना ली। तेजस्वी डिप्टी सीएम बन गए। साथ ही लालू के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को भी कैबिनेट में जगह मिल गई।

**गुजरात में बीजेपी की ऐतिहासिक जीत, हिमाचल में कांग्रेस**

साल के आखिरी महीने में संपन्न गुजरात और हिमाचल के चुनाव में बड़ा उलटफेर देखने को मिला। हिमाचल में सत्तारूढ़ बीजेपी को हार का मुंह देखना पड़ा। जनता ने कांग्रेस को स्पष्ट जनादेश दिया। वहीं गुजरात में जहां 2017 में बीजेपी का अब तक का सबसे निराशाजनक प्रदर्शन रहा था, वहां उसकी ऐतिहासिक जीत हुई। पार्टी ने 182 में से 157 सीटों पर जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया। गुजरात में इतनी बड़ी जीत अब तक किसी सियासी दल को नहीं मिली थी।

**नूपुर शर्मा विवाद**

बीजेपी की प्रवक्ता रहीं नूपुर शर्मा इस साल काफी सुर्खियों में रहीं। दरअसल, उन्होंने एक टीवी डिबेट के दौरान पैगंबर मोहम्मद पर विवादित टिप्पणी की थी। इसके बाद देश भर में नूपुर शर्मा के खिलाफ प्रदर्शन हुए। देश के कई हिस्सों में हिंसा हुई और नूपुर मुस्लिम संगठनों और कट्टरपंथियों के निशाने पर आ गईं। बाद में इस विवादित बयान के चलते नूपुर को इस्तीफा देना पड़ा और बीजेपी ने उन्हें 6 साल के लिए पार्टी से सस्पेंड कर दिया।

**हिजाब विवाद**

कर्नाटक के उडुपी के एक सरकार कॉलेज से इस विवाद की शुरुआत हुई। कॉलेज की छात्राएं ड्रेस कॉलेज का उल्लंघन कर हिजाब पहनकर कॉलेज में आईं। धीरे-धीरे यह ट्रेंड बढ़ने लगा और कई स्कूल-कॉलेज में इस तरह की घटनाएं सामने आईं। फरवरी महीने में राज्य सरकार ने कर्नाटक एजुकेशन एक्ट 1983 की धारा 133(2) को लागू कर दिया। इस एक्ट के मुताबिक सभी छात्र-छात्राओं को तय ड्रेस कोड पहनकर ही आना अनिवार्य कर दिया गया। इसके खिलाफ मामला हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा।

## युवक ने प्रेमिका को 49 बार चाकू से गोदा कहा- बना रही थी शादी करने का दबाव

सूरत, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। गुजरात के सूरत में श्रद्धा मर्डर केस जैसा ही मामला सामने आया है. यहां एक युवक ने अपनी प्रेमिका को 49 बार चाकू से गोदकर मार डाला. गुजरात पुलिस ने इसका खुलासा किया है. आरोपी शख्स ओडिशा के भुवनेश्वर का बताया जा रहा है. इसने अपनी प्रेमिका को सिर्फ इसलिए मौत के घाट उतार दिया क्योंकि वो लगातार उस पर शादी का दबाव बना रही थी. इसके लिए उसने लड़की को किसी बहाने से गुजरात बुलाया और वहां उसकी हत्या कर दी. फिलहाल आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. करीब दो हफ्ते पहले गुजरात के सूरत में अमरोली थाना क्षेत्र इलाके में एक लड़की का शव बरामद हुआ था. पुलिस जब मौके पर पहुंची तो खेत में लहूलुहान लड़की का शव पड़ा हुआ था, जांच के बाद पता चला कि युवती को 49 बार चाकू से गोदा गया था. इसके बाद सूरत पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पूरे मामले की जांच शुरू की. पुलिस ने जब पता लगाया तो जानकारी मिली कि इस लड़की से एक जगन्नाथ गौड़ा नाम के शख्स का रिलेशनशिप चल रहा था।

## गोवा में टैक्सी ऑपरेटरों की दादागिरी

### अमेरिकी पर्यटकों ने निरस्त की दर्शनीय स्थलों की यात्रा

पणजी, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। गोवा में टैक्सी ऑपरेटरों द्वारा अमेरिकी पर्यटकों के साथ दादागिरी व जबर्दस्ती का मामला सामने आया है। ऑपरेटरों ने उन्हें बसों में सवार होने से रोका। इससे परेशान होकर अमेरिकी पर्यटकों ने गोवा के दर्शनीय स्थलों की यात्रा रद्द कर दी। गोवा के अधिकारियों ने बताया कि 100 अमेरिकी पर्यटकों का एक समूह गोवा में मोरमुगाओ बंदरगाह पर आया था। पर्यटक गोवा भ्रमण के लिए बसों में सवार होने लगे, लेकिन इससे नाराज टैक्सी ऑपरेटरों ने उन्हें पहले से तयशुदा बसों में चढ़ने से रोक दिया। इसके कारण वे गोवा के दर्शनीय स्थलों की यात्रा नहीं कर सके। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अमेरिकी पर्यटकों से जबर्दस्ती की यह घटना बुधवार को हुई। गोवा के क्रूज संचालकों ने इसे लेकर सीएम प्रमोद सावंत से मुलाकात कर विरोध दर्ज कराया। उन्होंने दावा किया कि ऐसी घटनाओं से राज्य की पर्यटन क्षमता को नुकसान पहुंचेगा। इन अमेरिकी पर्यटकों को लेने के लिए बसें मोरमुगाओ तट पर पहुंची थीं, लेकिन वहां मौजूद टैक्सी चालकों व संचालकों ने उन्हें बसों में नहीं बैठने दिया। ये पर्यटक 'ओशियन ओडिसी' नाम के क्रूजशिप में सवार होकर यहां पहुंचे थे। तट से उतरकर पर्यटकों को करीब आधा किलोमीटर चलकर बसों तक पहुंचना था, लेकिन टैक्सी संचालकों के विरोध के कारण वे फिर शिप में सवार हो गए।

## ईंट-भट्टे के अवैध कारोबार से शहर में बढ़ रहा प्रदूषण, शिकायत के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई

सतना, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। सतना जिले में इन दिनों सैकड़ों की संख्या में अवैध ईंट भट्टे चल रहे हैं। इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से अवैध ईंट भट्टों की संख्या बढ़ती जा रही है। इससे पर्यावरण तो प्रदूषित हो रही रहा है। साथ ही राजस्व को होने वाले आय का भी नुकसान हो रहा है। शिकायत के बाद भी अब तक खनिज विभाग व प्रदूषण विभाग ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। हालांकि कुछ स्थानों में कागजी कार्रवाई कर खानापूर्ति कर ली जाती है। ईंट भट्टा संचालकों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि ये लोग बड़े पैमाने पर ईंट का निर्माण कर शासकीय व निजी जमीन का खनन करने में लगे हुए हैं। जिले के उचेहरा, अमरपाटन, रामपुर बाघेलान, मैहर, रैगांव, नागौद में अवैध ईंट भट्टा संचालित हो रहा है। जिले में चल रहे अवैध खनिज उत्खनन व परिवहन पर रोक लगाने टास्क फोर्स समिति का गठन किया गया है। लेकिन शायद ही कभी टास्क फोर्स ने कोई कार्रवाई की हो।

## पुणे में पालतू बिल्ली की मौत होने पर डॉक्टर को पीटा, मामला दर्ज

पुणे, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर डॉक्टरों की पिटाई की कई घटनाएं हमने देखी हैं, लेकिन पुणे के हडपसर में एक वेटरनरी डॉक्टर की पिटाई की घटना सामने आई है. जिसमें पालतू बिल्ली की मौत होने पर एक डॉक्टर को पीटा गया है. इस मामले में हडपसर थाने में एक महिला समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. डॉक्टर का नाम रामनाथ धागे है और पिटाई में उनके पैर की हड्डी टूट गई है. आरोपी महिला की बिल्ली ने दो दिन से कुछ नहीं खाया था. इसलिए महिला बिल्ली को इलाज के लिए डॉक्टर के पास ले आई. डॉक्टर ने महिला को बताया कि बिल्ली वहां लाने से पहले ही मर गई थी. इसके बाद महिला ने अपने पति और बच्चों को क्लीनिक बुलाया और इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर डॉक्टर से मारपीट करने लगे.

**मारपीट में डॉक्टर के पैर की हड्डी टूटी**

डॉक्टर के साथ हुई मारपीट को लेकर वेटरनरी डॉक्टर्स एसोसिएशन विरोध में उतर आई है. पुलिस ने बताया है कि यह घटना 10 दिसंबर की है. इस पिटाई में डॉ. धागे के पैर की हड्डी टूट गई है. उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर है. पिटाई के बाद आरोपी फरार हो गए और उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है. साथ ही यह पूरी घटना क्लीनिक के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है.

पुणे में अगर आप घर में बिल्ली पालना चाहते हैं तो आपको नगर निगम से लाइसेंस लेना होता है. इस लाइसेंस के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया है. नगर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, घर में बिल्ली, कुत्ते और घोड़े जैसे पालतू जानवर रखने के लिए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग में पंजीकरण कराना अनिवार्य है. बिल्ली के पंजीकरण के लिए प्रति वर्ष 50 रुपये का शुल्क देना होता है. साथ ही निवास प्रमाण पत्र, टीकाकरण प्रमाण पत्र और बिल्ली की फोटो अनिवार्य होगी.

## बदनावर के होटल में महिला ने किया हंगामा

### बोली- मंत्री होगा आपका, वह तो रेपिस्ट है, मेरे पैर छुएगा

इंदौर, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश में धार जिले के बदनावर में एक होटल में बाहर से आई एक महिला ने जमकर बवाल काटा। उसने क्षेत्र के विधायक और मध्यप्रदेश के उद्योग मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव के लिए भी अपशब्दों का इस्तेमाल किया। यह भी कहा कि वह उसे बर्बाद करने ही आई है। विवाद आईडी प्रूफ मांगने पर शुरू हुआ, ऐसा बताया जा रहा है। इस मामले में राजवर्धन सिंह दत्तीगांव की कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। हालांकि, इस मामले में हंगामा करने वाली महिला ने ही दूसरा वीडियो जारी कर दत्तीगांव को सम्माननीय और आदरणीय बताकर वीडियो वायरल करने वालों को धमकाया है। जो बात सामने आ रही है, उसके मुताबिक महिला एक अन्य पुरुष के साथ वहां पहुंची थी। वह दो कमरे चाह रही थी। लेकिन, आईडी प्रूफ मांगने पर आनाकानी करने लगी। इस पर खूब बहस भी हुई। वीडियो में तो महिला ने यह तक कह दिया कि राजवर्धन होगा आपका मंत्री, यहां आएगा तो पैर छुएगा मेरे भी। महिला ने खुद को मंत्री से भी बड़ा बताया। आईडी मांगने पर कहा कि पहचान देने मंत्री को यहां बुलाओ। जब भाजपा नेता और होटल मालिक ने महिला से कहा कि आप हमारे मंत्री के बारे में इस तरह की भाषा का प्रयोग नहीं कर सकती, वे हमारे राजा हैं। इसके बाद महिला ने अपने मोबाइल पर कोई वीडियो या फोटो दिखाया, जिसके बाद भाजपा नेता शांत हो गए। वीडियो बदनावर के प्राचीश्री रिसॉर्ट का बताया जा रहा है। इसमें महिला से बहस करने वालों में भाजपा नेता चंद्रभानसिंह सोलंकी और होटल मालिक नितिन नांदेचा हैं। इस मामले में मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव से बात करने की कोशिशें की गई, लेकिन उन्होंने कॉल ही रिसीव नहीं किया।



**दूसरा वीडियो जारी कर दे डाली धमकी**

वीडियो वायरल होने पर एक और वीडियो जारी हुआ। इसमें साक्षी पांडे नामक युवती ने कहा कि एक वीडियो मेरे नाम से फैलाया जा रहा है। उसका मुझसे और मंत्री राजवर्धन दत्तीगांव से कोई लेना-देना नहीं है। वीडियो झूठा है। मंत्री एक सम्मानित व्यक्ति हैं। वीडियो से मेरी व मेरे परिवार के सम्मान की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंच रही है। जो लोग वीडियो को वायरल करेंगे, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## होशियापुर के लाचोवाल टोल को सीएम मान ने करवाया फ्री

### कहा-सड़क का रखरखाव न करने पर करवाई एफआईआर

होशियारपुर, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। पंजाब के सीएम भगवंत मान गुरुवार सुबह करीब साढ़े दस बजे होशियारपुर के टांडा रोड पर स्थित लाचोवाल टोल प्लाजा पहुंचे और उसे फ्री करवा दिया। हालांकि होशियापुर-टांडा रोड पर गांव लाचोवाल स्थित टोल प्लाजा को 14 दिसंबर रात 12 बजे से ही बंद कर दिया गया था। गुरुवार सुबह सीएम मान ने इसे आधिकारिक तौर पर लोगों के लिए खोला। होशियारपुर-टांडा बीओटी का समय पूरा हो गया है और सरकार की ओर से टोल प्लाजा की अवधि को और आगे नहीं बढ़ाया गया है। मान ने कहा कि टोल कंपनी पीडी अग्रवाल प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ 15 साल में 105 करोड़ रुपये वसूलने और सड़क का रखरखाव नहीं करने या यहां तक कि कोई एंबुलेंस उपलब्ध न कराने के लिए प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि कि सरकार द्वारा 2007 में 7.76 करोड़ रुपये की लागत से सड़क का निर्माण किया गया था लेकिन रखरखाव एक निजी कंपनी को सौंप दिया गया था जिसने प्रति दिन 1.94 लाख रुपये यानि प्रति वर्ष 7 करोड़ रुपये एकत्र किए। उन्होंने पिछली शिअद-भाजपा और कांग्रेस सरकारों पर पिछले 15 साल से लोगों को धोखा देने का आरोप लगाया।



## आतंकी संगठन ने कश्मीरी पंडितों को दी धमकी

### कहा- सरकारी कॉलोनियों को 'कब्रिस्तान' में बदल देंगे

जम्मू, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। कश्मीर में आतंकी संगठन 'कश्मीर फाइट' ने कश्मीरी पंडित समुदाय के सरकारी कर्मचारियों को लेकर धमकी दी है. आतंकी संगठन ने पहले के मुकाबले ज्यादा टारगेट किलिंग की बात एक एक चिट्ठी के जरिये कही है. इसमें कहा गया है कि 'कश्मीरी पंडितों की ट्रांजिट कॉलोनियों को 'कब्रिस्तान' में बदल देंगे.' जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बारामूला और बांदीपोरा में कश्मीरी पंडित कर्मचारियों की ट्रांजिट कॉलोनियों के निर्माणाधीन स्थल का दौरा करने के कुछ घंटे बाद यह बात बताई. बता दें कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन उत्तरी कश्मीर में बांदीपोरा जिले के सुंबल क्षेत्र के ओडिना गांव में प्रवासी कश्मीरी पंडित कर्मचारियों के लिए ट्रांजिट कॉलोनी का निर्माण कर रहा है. आतंकी संगठन कश्मीर फाइट ने घाटी में काम कर रहे कश्मीरी पंडित कर्मचारियों समेत ट्राजिंट कॉलोनियों का निर्माण कर रहे ठेकेदारों को भी धमकी दी है. आतंकी संगठन ने कश्मीरी पंडित कर्मचारियों की एक हिट लिस्ट जारी की है. आतंकियों ने चिट्ठी जारी करते हुए वेस्ट बैंक में पंडितों की कॉलोनियों को इजरायली प्रकार की बस्तियां करार दिया. आतंकी संगठन ने धमकी में कहा, "याद रखें कि जब महासागर दहाड़ते हैं, जो उसके टारगेट में होता है, उसे पूरी तरह से ध्वस्त कर देता है. इसलिए तैयार रहें. कश्मीरी पंडितों की ये ट्राजिंट कॉलोनियां उनके लिए कब्रिस्तान बन जाएंगी. इन इजरायली प्रकार की बस्तियों की अनुमति देने और इसमें शामिल सभी लोगों से सख्ती से निपटा जाएगा. साथ ही इन बिल्डिंगों के निर्माण कार्य में शामिल ठेकेदारों को भी बख्शा नहीं जाएगा." आतंकी संगठन की ओर से जारी चिट्ठी में आगे लिखा गया, यह केवल समय की बात है जब उनके संगठन का प्रकोप उन सभी देशद्रोहियों पर पड़ेगा." चिट्ठी में कश्मीरी पंडितों को लेकर कहा गया, "यह आपके ऊपर है कि क्या तय करना है. क्या ये बस्तियां तुम्हारे कब्रिस्तान हैं? इसी महीने की शुरुआत में आतंकी संगठन ने प्रधानमंत्री पुनर्वास पैकेज के तहत कश्मीर घाटी में बतौर शिक्षक कार्यरत 57 कश्मीरी पंडित कर्मचारियों को धमकी दी थी. गौरतलब है कि 2021 की शुरुआत से कश्मीरी पंडितों और गैर-कश्मीरी प्रवासियों को कश्मीर घाटी में आतंकवादियों की ओर से निशाना बनाया जा रहा है।

## केंद्र सरकार ने पेश किया चौंकाने वाला आंकड़ा, देश में हैं इतने नशेड़ी

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के सामने एक चौंकाने वाली रिपोर्ट पेश की है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि देश में कितने लोग नशीले पदार्थ का सेवन करते हैं। इसके अलावा कितने साल के बच्चे नशे के प्रभाव में आ चुके हैं। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि देश में करीब 10 से 17 साल की उम्र के 1.48 करोड़ बच्चे विभिन्न नशीले पदार्थों के शिकार हो गए हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने एक हलफनामे में कहा है कि उसने 2018 के दौरान एम्स, नई दिल्ली के नेशनल ड्रग डिपेंडेंस ट्रीटमेंट सेंटर के माध्यम से भारत में मादक द्रव्यों के सेवन की सीमा और पैटर्न पर पहला व्यापक राष्ट्रीय सर्वेक्षण किया है।



**देश में इतने नशेड़ी हैं**

मंत्रालय ने हलफनामे में कहा, सर्वेक्षण की रिपोर्ट फरवरी, 2019 में जारी की गई थी। रिपोर्ट के अनुसार, शराब भारतीयों द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला सबसे आम मनो-सक्रिय पदार्थ है, इसके बाद भांग और ओपिओइड का स्थान आता है। भारत में लगभग 16 करोड़ लोग शराब पीने के आदि हैं। देश में 5.7 करोड़ से अधिक व्यक्ति हानिकारक या शराब के उपयोग पर निर्भर हैं और उन्हें शराब के उपयोग की समस्याओं के लिए मदद की आवश्यकता है। 3.1 करोड़ व्यक्ति भांग उत्पादों का उपयोग करते हैं, लगभग 25 लाख भांग की गिरफ्त में पूरी तरह से आ चुके हैं

**सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने क्या कहा?**

वहीं जानकारी में जानकारी में आगे बताया गया कि 2.26 करोड़ ओपिओइड का उपयोग करते हैं और लगभग 77 लाख व्यक्तियों को ओपिओइड के उपयोग की समस्याओं के लिए मदद की आवश्यकता होती है। केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहीं अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने न्यायमूर्ति के.एम. जोसेफ और बी.वी. नागरत्न की पीठ के समक्ष कहा कि शीर्ष अदालत के 2016 के फैसले के अनुसार, सरकार ने भारत में मादक द्रव्यों के उपयोग की सीमा और पैटर्न पर एक राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण किया था, और मादक द्रव्यों के उपयोग पर एक राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने के लिए अपनी तरह का पहला राष्ट्रीय सर्वेक्षण भी पूरा किया था।

**एनजीओ बचपन बचाओ आंदोलन से जुड़ी एच.एस. फूलका ने क्या कहा?**

एनजीओ बचपन बचाओ आंदोलन का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता एच.एस. फूलका ने कहा कि सरकार 2016 के फैसले में जारी शीर्ष अदालत के निर्देशों का पालन नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने मादक द्रव्यों के सेवन से निपटने के लिए अपनी राष्ट्रीय योजना में सभी पहलुओं को शामिल नहीं किया है। पीठ ने फूलका से पूछा कि क्या वह योजना में कुछ और करना चाहते हैं, या वह आदेश का पालन न करने से व्यथित हैं। फूलका ने कहा कि राष्ट्रीय योजना में और पहलुओं को शामिल किया जा सकता था।

**नशीली दवाओं के दुरुपयोग करने को लेकर योजना तैयार**

पीठ ने कहा कि वह इस मामले को स्वतः संज्ञान लेकर मामले से जोड़ रही है, जो कुछ हद तक समान है और मुख्य न्यायाधीश की अदालत उस मामले की सुनवाई कर रही है। भाटी ने सहमति व्यक्त की कि इस मामले को मुख्य न्यायाधीश द्वारा सुनवाई के मामले से जोड़ा जा सकता है। हलफनामे में कहा गया है, इस देश के नागरिकों के बीच नशीली दवाओं के दुरुपयोग की समस्या का समाधान करने के लिए, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने ड्रग डिमांड रिडक्शन (एनएपीडीडीआर) के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना तैयार और कार्यान्वित की है, जिसके तहत सरकार गिरफ्तारी के लिए निरंतर और समन्वित कार्रवाई कर रही है। युवाओं और महिलाओं के बीच मादक द्रव्यों के सेवन की समस्या है।

**जागरूक करने के लिए कई कदम उठाए गए**

एनएपीडीडीआर के उद्देश्यों पर विस्तार से हलफनामे में कहा गया है, एनएपीडीडीआर का मुख्य उद्देश्य निवारक शिक्षा, जागरूकता सृजन, पहचान, परामर्श, उपचार और पदार्थ पर निर्भरता वाले व्यक्तियों के पुनर्वास, प्रशिक्षण और सेवा प्रदाताओं के क्षमता निर्माण पर सहयोगी प्रयासों के माध्यम से ध्यान केंद्रित करना है। शिक्षा मंत्रालय ने एक अन्य हलफनामे में कहा कि पदार्थ के उपयोग और विशिष्ट सामग्री के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए उठाए गए कदमों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के तत्वावधान में स्कूली पाठ्यक्रम में अपनाया गया है।

स्वतंत्र वार्ता

शुक्रवार, 16 दिसंबर, 2022

# जहरीली शराब से मौतें

बिहार में बडे ही जोश-खरोश से शराबबंदी का निर्णय जब सीएम नीतीश कुमार ने लिया था तब सभी दलों ने इसे एक बडी उपलब्धि बताया था। तब भाजपा नीतीश सरकार में सहयोगी थी। बिहार में शराबबंदी का क्या असर पडा इसका कोई रिकार्ड तो नहीं बताया गया है लेकिन उसकी आड में रिश्वतखोर अफसरों व कुछ नेताओं की मिलीभगत से महंगे दाम में घटिया शराब की तस्करी के रास्ते जरूर खुल गए। नतीजतन समय-समय पर जहरीली शराब पीने से लोगों की मौत की घटनाएं सामने आती रहती हैं। सवाल है कि इसके लिए किसे जवाबदेह ठहराया जाए? छपरा जिले के मशरक और इसुआपुर के डोइला गांव में कुछ लोगों ने जहरीली शराब पी ली जिससे अब तक चालीस लोगों की जान जा चुकी है। जाहिर है इस घटना पर विपक्ष ने न सिर्फ व्यापक चिंता जताई है, बल्कि इस पर जमकर राजनीति भी कर रही है। विपक्ष सरकार को सवालों के कठघरे में खडा करने की पूरी कोशिश में है। विपक्ष का भी तर्क सही है कि अगर सरकार शराब पर प्रतिबंध को समाज के हित में मानती है तो उसे ठीक से लागू करने में कोताही क्यों बरती जा रही है। शराबबंदी के बाद से बिहार में जहरीली शराब पीकर लोगों के मरने की घटनाओं का सिलसिला चल रहा है, लेकिन सरकार अभी तक इस त्रासदी पर काबू पाने का कोई ठोस रास्ता नहीं निकाल सकी है। जब भी जहरीली शराब से मौतों की कोई घटना तूल पकड़ती है, तब पुलिस-प्रशासन की ओर से सख्ती बढ़ाने की कवायद तेज कर दी जाती है, साथ ही आश्वासन भी दिया जाता है कि अब ऐसा नहीं होगा। लेकिन थोडे दिनों बाद ही सभी जिम्मेदार महकमें सुस्त पड जाते हैं। नतीजतन अवैध दारू का पुराना धंधा फिर धडल्ले से चालू हो जाता है। आखिर क्या वजह है कि शराब की बिक्री पर सख्त पाबंदी के बावजूद बेचने वालों में सरकार का खौफ नहीं है। आए दिन ऐसे आरोप सामने आते रहते हैं कि बिहार में शराब की कालाबाजारी होती है और जिसे जरूरत होती है, वह गैरकानूनी तरीके से इसे हासिल कर लेता है। यहां तक कि इसे भी दूध की तरह घर-घर पहुंचाने की व्यवस्था है। ऐसे में सवाल है कि जब शराब पर पाबंदी है तो किसी भी व्यक्ति को ज्यादा कीमत चुकाने से कैसे मिल जाती है? शराब बेचने वाला इतने बडे पैमाने पर कहां से और किस रास्ते से लेकर आता है कि पुलिस व आबकारी महकमें को कानोंकान खबर तक नहीं लगती। फिर वहां का खुफिया विभाग भी क्या कर रहा है। जो पुलिस और संबंधित महमके किसी बड़े इलाके के कोने में छिप कर चलाई जा रही गतिविधियों पर काबू पाने का दावा करते रहते हैं, उनकी नाक के नीचे अवैध रूप से शराब की खरीद-बिक्री निरंतर कैसे चलती रहती हैं? वोट के लालच में बगैर तंत्र विकसित किए इसे आनन-फानन में लागू तो कर दिया गया लेकिन रोकने के उपाय पर कोई गहन अध्ययन नहीं किया गया। यह भी सही है कि बिहार में शराबबंदी से बड़ी तादाद में परिवारों को सामाजिक-आर्थिक समस्याओं से राहत मिली है। महिलाओं ने इस बंदी का स्वागत इसलिए किया था, क्योंकि शराब की वजह से उनकी जिंदगी के हालात नारकीय हो चले थे। इसके बावजूद अगर अब भी आसानी से लोगों को न केवल शराब मिल रही है, बल्कि उसमें जहर मिला कर बेचने वाले भी कामयाब हो रहे हैं, तो यह विचार करने की जरूरत है कि इस मसले पर सरकार का फैसला कितना व्यावहारिक है। हास्यास्पद तो यह है कि सीएम नीतीश कुमार ने बडे स्पष्ट शब्दों में कह दिया है कि जो शराब पिएगा वह मरेगा ही। ऐसे लोगों को किसी प्रकार की सरकारी सहायता भी नहीं दी जाएगी। राज्य में शराबबंदी को लागू करने में जिस तरह से लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई के मामले सामने आए थे, उसे लेकर भी सरकार आलोचनाओं के घेरे में आ गई थी। लेकिन आज भी हालत जस क तस हैं। जहरीली शराब पीने से लोगों की जान जाने की घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में कुछ स्वाभाविक सवालों से नाराज होने के बजाय नीतीश सरकार को कुछ ठोस कदम उठाने की जरूरत है, ताकि शराबबंदी के बावजूद जिस तरह की त्रासदी और जटिलताएं खड़ी हो रही हैं, उनसे समय रहते निपटा जा सके।

# पूरे सात करोड़



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

"सर कॉलेज में पढ़ाई करो न करो स्टेटस मेंटेन करना पड़ता है। जिंदगी जब एक बार मिली है तब उसे किश्तों में जीने का क्या मतलब? इक्कीस वर्षीय लड़की जिसके बाल बिखरे हुए थे। मॉडर्न होने के नाम पर टॉर्न जिंस और एक हल्की सी टीशर्ट जिस पर लिखा था- 'आई डोंट केयर व्हाट डू यू थिंक' पहनी हुई थी।

पुलिस वाले ने फिर से सवाल दोहराया - 'तुम तो पढ़ी लिखी हो। सामने वाले ने जब किडनी के बदले सात करोड़ देने की बात कही तो तुम्हें दाल में कुछ काला नहीं लगा?''अब क्या बताऊं सर। डैड मेरी सेविंग के लिए जब तब रुपए जमा कर रहे थे। काश वह कभी कॉलेज जाते तो पता चलता कि कॉलेज में कितने खर्चे होते हैं। फिल्म, शॉपिंग, किटी पार्टी, सैर सपाटा और न जाने क्या-क्या उफ्फ....। मैंने अकाउंट से अस्सी हजार खर्च कर दिए थे। एक दिन पिताजी ने हिसाब पूछ लिया। मैं घबरा गई। इतना बड़ा अमाउंट लाऊं तो लाऊं कहां से। मुझे पैसों की सख्त जरूरत थी। तभी मुझे समाचार पत्र में किडनी वाला विज्ञापन दिखा। मुझे नहीं पता किडनी की क्या कीमत होती है। जब सामने वाले ने सात करोड़ का ऑफर दिया तो समझी कि होंगे सात करोड़।' 'क्या तुम्हें एक बार के लिए भी नहीं लगा कि इतना बड़ा कदम उठाने से पहले एक बार अकाउंट चेक कर लेना चाहिए? सवाल तुम्हारी किडनी के साथ-साथ तुम्हारी जिंदगी का भी तो था।''ऐसा नहीं है सर। वे बड़े पढ़े-लिखे लोग थे। सूट-बूट पहने हुए। चेहरे से उनकी ईमानदारी साफ झलक रही थी। ऑपरेशन थिएटर में जाने से पहले उन्होंने मुझे साढ़े तीन करोड़ रुपए अकाउंट में जमा होने की बात भी कही। मुझे लगा कि वह सच बोल रहे हैं। इतना तो यकीन करना ही चाहिए। मुझे क्या पता था कि वह मुझसे झूठ बोल रहे थे।'तो अब तुम क्या चाहती हो?' 'मैंने जब किडनी के बदले तय राशि की मांग की तो उन्होंने कहा कि राशि बड़ी है इसलिए सबसे पहले तुम्हें टैक्स के रूप में सोलह लाख रुपए देने होंगे। मुझे लगा कि उनकी बात तो सही है।

जब राशि बड़ी है तो टैक्स लगेगा ही। सो मैंने उन्हें जैसे-तैसे जुटाकर सोलह लाख रुपए दे दिए। इतना होने पर भी राशि न मिलने पर मैंने उन्हें दोबारा फोन लगाय। इस बार उन्होंने कहा कि आपका अमाउंट दिल्ली में तैयार है आप तुरंत आकर ले जाएं। मैंने फ्लाइट पकड़ी और सीधे यहां पहुंच गई। उनके बताए पते पर पहुंची। लेकिन वहां पर कोई नहीं था। जब दोबारा फोन लगाने की कोशिश कि तो उन्होंने फोन स्विच ऑफ कर दिया था। मैं आप लोगों के हाथ जोड़ती हूँ। पैर पड़ती हूँ। सात करोड़ भूल जाइए। कम से कम मेरे द्वारा उल्टे खर्च किए गए सोलह लाख रुपए और जो फ्लाइट का अलग से खर्चा हुआ उतनी भर राशि मुझे दिला दें तो मैं आपकी ऋणी रहूंगी।' - किडनी निकाल लेने के बाद जिस जगह पर टांके लगे थे, उन टांकों को सहलाते हुए अपनी पीड़ा व्यक्त की।

पुलिस इस पढ़ी-लिखी मूर्ख लड़की पर मन ही मन हंसने लगी और उसे झूठा दिलासा देकर घर भेज दिया।

# विदेशी भी हुए योगी के मुरीद



निरंकार सिंह

योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था से लेकर अर्थव्यवस्था और जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो सुधार किए गए हैं, उनकी मिसाल अब दुनिया के दूसरे देशों में भी पेश की जा रही है। अमेरिका से लेकर सिंगापुर, फ्रांस, यूके और मॉरीशस तक में अब इसकी गूंज सुनाई दे रही है। पिछले दिनों बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन की सह-संस्थापक मिलिंडा गेट्स एवं बिलगेट्स की पत्नी लखनऊ आयी थीं। योगी आदित्यनाथ से भेंट के बाद उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में कोविड प्रबंधन और इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारी पर नियंत्रण के लिए यूपी ने जैसा काम किया है, वह एक अनुकरणीय मॉडल है। इतनी बड़ी और सघन आबादी के बीच वैक्सीनेशन का जैसा काम हुआ, उससे दुनिया को सीखना चाहिए। अंतिम व्यक्ति को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा, वित्तीय समावेशन, पोषण, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण आदि क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश की कोशिशें प्रेरणा देने वाली हैं। उत्तर प्रदेश न केवल भारत के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए मॉडल है। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ स्वास्थ्य, पोषण और कृषि के क्षेत्र में तकनीकी सहयोग को और बढ़ाने पर भी विचार-विमर्श किया। महिला सशक्तिकरण के प्रयासों से अभिभूत मिलिंडा गेट्स ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के प्रयासों से महिलाओं के आत्मविश्वास में अभिवृद्धि होगी और उनमें उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास हो सकेगा। इस तरह देश और प्रदेश के विकास में यह महिलाएं अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकेंगी। इन प्रयासों ने यह सिद्ध किया है कि महिलाएं भी नेतृत्व कर सकती हैं। उत्तर प्रदेश के साथ फाउंडेशन के गहरे संबंधों की चर्चा करते हुए मिलिंडा गेट्स ने कहा कि आने वाले समय मे हम यूपी के साथ अपने संबंधों को और बेहतर करने की मंशा रखते हैं।मुख्यमंत्री ने 10-12 फरवरी 2023 तक प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट



के आयोजन में सहभाग करने का मिलिंडा गेट्स व उनके सहयोगियों को आमंत्रण भी दिया। योगी सरकार का लक्ष्य ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए यूपी को वैश्विककेंद्र बनाने है। औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को लेकर कार्ययोजना तैयार की गई है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 केजरिये दस खरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के लिए सरकार प्रदेश को ब्रांड यूपी के रूप में विकसित करेगी। यूपी में देश-विदेश के बड़े निवेशकों को आकर्षित करने के लिए प्रदेश की बदली हुई छवि को रोड शो के जरिये प्रचारित किया जाएगा। जीआईएस में प्रोफेशनल्स की मदद से निवेशकों तक पहुंचने एवं निवेशके लिए लक्षित दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश केंद्र बनाने पर फोकस किया जा रहा है। निवेश प्रबंधन एवं निवेशक संवाद के लिए कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट पोर्टल विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार नियमों एवं प्रक्रियाओं में सरलीकरण करने के बाद प्रदेश में व्यापार के लिए अनुकूल वातावरण सृजित हुआ है। डिजिटल प्लेटफार्म के जरिये कार्यों के समयबद्ध एवं पारदर्शी निस्तारण, समयबद्ध स्वीकृति, बेहतर एवं उत्तरदायी फैसिलिटेशन सेवाओं को विकसित किया जा रहा है। प्रदेश को वैश्विक स्तर पर उत्कृष्ट निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए एक व्यापक रणनीति के साथ निवेश प्रोत्साहन का एक पूरक ढांचा आवश्यक है। इसके लिए रणनीतिक क्षेत्रों, साधनों एवं अन्य प्राविधानों को रेखांकित करते हुए एकीकृत निवेश प्रोत्साहन ढांचा विकसित किया जाएगा। प्रदेश सरकार विभिन्न राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों, कार्यक्रमों तथा सम्मेलनों में प्रतिभाग करेगी। साथ ही इस प्रकार के कार्यक्रमों की प्रदेश में मेजबानी भी की जाएगी जो प्रदेश की विशिष्टताओं व अनुकूल नीतिगत ढांचे के प्रदर्शन व प्रचार के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेंगे। उत्तर प्रदेश के सिंगल विंडो पोर्टल निवेश मित्र के माध्यम से 29 विभागों की 353 से अधिक सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। सितंबर 2022 तक निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से 18 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनमें से लगभग 97 प्रतिशत का निस्तारण किया जा चुका है। निवेशकों के लिए वन स्टॉप सॉल्यूशन प्रदान करने के लिए निवेश मित्र पोर्टल के साथ एकीकृत किया जाएगा। सरकार राज्य में एक सुरक्षित एवं भयमुक्त औद्योगिक वातावरण प्रदान करना सुनिश्चित करेगी। इसके लिए नोएडा, कानपुर, गोरखपुर, बुंदेलखंड, पूर्वांचल जैसे क्षेत्रों में औद्योगिक क्लस्टर्स, पुलिस स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। प्रमुख औद्योगिक क्लस्टर्स क्षेत्रों में एकीकृत पुलिस व अग्निशमन केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे। प्रदेश सरकार ने अनुबंध प्रवर्तन के तहत वाणिज्यिक प्रकरणों के निस्तारण के लिए 17 वाणिज्यिक न्यायालयों की स्थापना को भी अधिसूचित किया है। संपूर्ण न्यायालय प्रबंधन प्रणाली को ऑनलाइन किया जाएगा। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 10 लाख करोड़ रुपए के निवेश को आकर्षित करने का लक्ष्य पहले ही रखा जा चुका है। राज्य सरकार ने पहले जनवरी 2023 में शिखर सम्मेलन का प्रस्ताव दिया था। इसने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले लगभग 18 देशों में अंतर्राष्ट्रीय रोड शो आयोजित करने का निर्णय लिया है। शिखर सम्मेलन में उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जीआईएस-2023 की तैयारी युद्ध स्तर पर की जाए। जीआईएस-2023 एक ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा और नए भारत और नए उत्तर प्रदेश की आकांक्षाओं को उड़ान देगा। राज्य सरकार को शिखर सम्मेलन के लिए भागीदार देश बनने के लिए सिंगापुर, फ्रांस, यूके और मॉरीशस से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। राज्य सरकार जल्द ही नीदरलैंड, कनाडा, अमेरिका, जापान, इजरायल, स्वीडन, थाईलैंड, फ्रांस और सिंगापुर के राजदूतों से भी संपर्क करेगी। राज्य सरकार का जीआईएस-2023 के लिए अपने मंत्रियों को ब्रांड एंबेसडर के रूप में भेजने का प्रस्ताव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ही क्षेत्र में निवेश की संभावना वाले देशों में जाने वाले मंत्रियों के समूह में विशेषज्ञों की टीमों को भी शामिल किया जाना चाहिए। मंत्रियों के समूह का जल्द से जल्द गठन करने का निर्देश दिया।

राज्य सरकार को दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई में भी रोड शो करना चाहिए और इस संबंध में आवश्यक व्यवस्था की जानी चाहिए। यह देखते हुए कि जीआईएस-2023 उत्तर प्रदेश की ब्रांडिंग के लिए एक मंच होगा, मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि राज्य सरकार को फिक्की और सीआइआइ जैसे उद्योग लॉबी समूहों का सहयोग लेना चाहिए। जीआईएस-2023 से पहले 30 सेक्टरों की नीतियां तैयार की जाएं और लैंड बैंक का और विस्तार किया जाए ताकि निवेशकों को कोई दिक्कत न हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के मंत्र के बाद उत्तर प्रदेश निवेशकों के लिए एक ड्रीम डेस्टिनेशन के रूप में उभरा है। राज्य भारत में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है।

# शिक्षा के नाम पर फिर मौत का तोहफा




नवीन जैन

खासकर मेडिकल ,और इंजीनियरिंग की पढ़ाई की कोचिंग के लिए लगभग दुनिया भर में जाने जाना वाला राजस्थान का शहर _कोटा इन दिनों एक बुरी खबर के कारण फिर चर्चा में है। एक राष्ट्रीय दैनिक ने अपने संवाददाता के हवाले से खबर दी है कि यहां कोचिंग प्राप्त कर रहे तीन छात्रों ने फिर आत्म हत्या कर ली । घटना कुछ दिनों पहले की बताई जाती है। इनमें से दो छात्र बिहार ,और एक छात्र मध्यप्रदेश का रहने वाला बताया जाता है। स्थानीय पुलिस तीनों मामलों की तफ्शीश में जुटी हुई है। बता दें कि कोटा शहर से वहां कोचिंग ग्रहण कर रहे छात्रों द्वारा खुदकुशी की खबरें मीडिया में आती रहती हैं। विडम्बना है कि उक्त खबरें प्रायः एक विशेष प्रशिक्षण संस्थान से ही संबंधित हुआ करती हैं । उक्त तीनों बच्चों के नाम क्रमशः अंकुश,उज्ज्वल और प्रणव बताए जा रहें हैं,जिनकी उम्र महज सोलह से अठारह के बीच थी। बताया जाता है कि तीनों मृतक डिप्रेशन के शिकार थे ।इनमें से दो ने पंखे से लटककर ,और एक ने चूहे मारने की दवा खाकर जान दी। इस तथ्य पर शायद आपको भरोसा नहीं होगा कि पिछले 15 सालों में राजस्थान के कोटा शहर में पढ़ाई के मानसिक दबाव के चलते करीब ढाई सौ छात्रों ने आत्महत्या की। कोटा शहर उच्च शिक्षा में प्रवेश पाने के इच्छुक छात्र-छात्राओं की कोचिंग का प्रसिद्ध केंद्र है। इसकी ख्याति पूरे देश में है। गौरतलब है कि जनवरी 2018 से दिसम्बर 2018 तक तकरीबन 23 बच्चों ने आत्महत्या की। अकेले दिसम्बर माह में सबसे अधिक यानी 4 बच्चों ने मौत को गले लगाया। ऐसी घटनाएं पूरे देश के माता-पिताओं को पूरी तरह झकझोर देने वाली हैं। खुदकुशी के बढ़ते मामलों के बीच बड़ा सवाल यह है कि यहाँ के कोचिंग संस्थानों को सिर्फ अपने टारगेट से मतलब है। कहा तो यहाँ तक जाता है कि 2025 तक इन कोचिंग संस्थानों को 5 लाख बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर बनाना है जबकि मेडिकल तथा इंजीनियरिंग की सीटें महज हजारों में ही हैं। कोचिंग इंस्टीट्यूट को इस बात की चिंता रहती है कि उनका रिजल्ट अच्छा बना रहे ताकि उनकी अच्छी कमाई हो सके। कोचिंग संस्थान भले ही बच्चों पर दबाव न डालने की बात करते हो, लेकिन कहा जाता है कि प्रतिदिन लंबे-लंबे लेक्चर, 500 से 600 बच्चों की बैच, कोचिंग के समय से बच्चों का तालमेल ना बैठा पाना, शुरुआत में ही जो टेस्ट होता है उसमें सबसे अव्वल बच्चों की अलग बैच इस तरह की बातों से बच्चे अपना सामंजस्य नहीं बैठा पाते। अगर क्लास में कुछ समझ ना आए तो कई बच्चे इतनी बड़ी-बड़ी बैच में संकोच के कारण पूछ भी नहीं पाता। जिससे शिक्षक और बच्चों का संवाद ही नहीं हो पाता। ऐसे में बच्चा तनाव में आ जाता है। ऐसे में जो बच्चा परिवार के साथ रहता है उसे तो परिजनों की समझाइश काम आ जाती है लेकिन जो परिवार से दूर रहते हैं उन बच्चों पर अकेलेपन के कारण तनाव तथा नकारात्मकता हावी हो जाती है। कहा जाता है कि ऐसे ही अधिकांश छात्र अपनी जान दे देते हैं। यह बहुत हैरानी की बात है कि पूरी दुनिया के मुकाबले भारत में सबसे ज्यादा छात्र कोचिंग लेते हैं। भारत के हर 10 में से 6 छात्र स्कूल या कॉलेज के अलावा अलग से ट्यूशन लेते हैं जबकि दूसरे देशों में 10 में से 4 छात्रों को इसकी जरूरत पड़ती है। अमेरिका, सऊदी अरब और अर्जेंटीना में तो 10 में से सिर्फ एक छात्र ट्यूशन लेता है यानी स्कूल की पढ़ाई का स्तर ऐसा होता है कि ट्यूशन की जरूरत ही नहीं पड़ती। एक स्टडी के मुताबिक देश के 66 फीसदी बच्चों ने ये स्वीकार किया है कि उनके माता-पिता उन पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बहुत दबाव डालते हैं। ऐसे माता-पिता अपने अधूरे सपनों को साकार करने का जरिया बच्चों को बनाते हैं और उन पर पढ़ाई का असहनीय बोझ डाल देते हैं जिसमें ट्यूशन भी शामिल है। ऐसे माता-पिताओं की कमी भी नहीं है कि जो अपने बच्चों को सुपर किड बनाने की जिद पर अड़े रहते हैं। माता-पिता के अड़ियल रवैये के कारण आगामी कर्णधार कहे जा सकने वाले बच्चे कई मानसिक बीमारियों की गिरफ्त में आते जा रहे हैं। इसी कारण बच्चों में आत्महत्या की घटनाएँ तेजी से बढ़ रही हैं। तथ्य यह है कि दो फीसदी बच्चों की पहले प्रयास में ही मौत हो जाती है जबकि चार फीसदी बच्चे आत्महत्या के कई प्रयासों के बाद जान दे देते हैं। एक सर्वेक्षण में पाया गया कि प्रत्येक पाँच में से एक छात्रा आत्महत्या के बारे में सोचती है और 7.2 फीसदी छात्राएँ आत्महत्या की कोशिश करती हैं। यहाँ यह तथ्य रेखांकित करना बहुत जरूरी है कि देश के एक बड़े अस्पताल में मेंटल चाइल्ड केयर यूनिट में जब दो बच्चों से पूछा गया कि क्या उन्हें मौत का विचार आता है ? तो उन्होंने जवाब हाँ में दिया। ऐसा भी देखा गया है कि एकल परिवार पद्धति और आज के अत्याधुनिक दौर में बच्चे अकेले पड़ते जा रहे हैं। वे कम्प्यूटर और मोबाइल से अपना समय काटते हैं। उन्हें अपना सुख-दुख बताने के लिए कोई सही व्यक्ति नहीं मिलता। इसलिए भी बच्चों के मन में आत्महत्या जैसे विचार आ सकते हैं। कहा तो यहाँ तक जाता है कि परीक्षा के परिणाम जिस तरह आसानी के लिए इंटरनेट पर डाल दिए जाते हैं, उस व्यवस्था को रोका जाना चाहिए। इससे यह होगा कि परीक्षा में पिछड़े बच्चों में अपने संगी-साथियों के बीच अपमानित होने का भय नहीं रहेगा।

इस रास्ते से भी कई बच्चों को आत्महत्या करने से रोका जा सकता है। कई अभिभावक बच्चों को लालच दे देते हैं कि परीक्षा में इतने अंक लाओगे तो उन्हें कंप्यूटर, वीडियो गेम, मोबाइल या बाइक दिलाएंगे। क्या इसे बच्चों पर बोझ डाला जाना नहीं माना जाना चाहिए! इस तरह के प्रलोभन दिए जाने से बच्चे भले अच्छे परिणाम में या न दें उन पर दबाव अवश्य बढ़ जाता है। इसी दबाव के चलते वे एक्जाम हाल में डर या घबरा जाते हैं। ऐसे में यह भी हो जाता है कि उन्हें जो याद है वह भी नहीं लिख पाते।

माता-पिता के लिए सबसे जरूरी बात यह है कि वे परीक्षा के दिनों में बच्चों पर लगातार दबाव न डालें, बल्कि इस समय को कोर्स के रीविजन की तरह इस्तेमाल करवाएं।


# यह गांधीवाद नहीं, गोड़सेवाद है



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

मध्य प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष राज पटेरिया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'हत्या' करने की बात कह दी और अब वे सफाई देते फिर रहे हैं कि उनका हत्या से मतलब था- मोदी को हराना। वे अपने बचाव में कह रहे हैं कि वे गांधीभक्त और लोहियाभक्त हैं। उनके इस निरंकुश बयान ने उन्हें गिरफ्तार तो करवा ही दिया है, मोदी के प्रति लोगों के सद्भाव को भी मजबूत बना दिया है। यदि आज गांधी और लोहिया जिंदा होते तो वे अपना माथा कूट लेते। न सिर्फ भाजपा के नेता पटेरिया की भर्त्सना कर रहे हैं, बल्कि कई कांग्रेसीनेता भी उनकी इस गिरावट की भर्त्सना कर चुके हैं। वे म.प्र. के वरिष्ठ नेता हैं, विधायक और मंत्री भी रह चुके हैं। उनके इस बयान से मोदी के लिए शुभकामनाओं की बयार बहने लगी है और कांग्रेस को गहरा नुकसान हो रहा है। क्या पटेरिया को याद नहीं है कि सोनिया गांधी के जन्मदिन पर मोदी ने उन्हें दीर्घायुष्य की शुभकामना दी थी और उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की थी। यदि कांग्रेस के नेता और कुछ प्रांतीय नेता मोदी से नाखुश हैं तो वे उनका डटकर विरोध जरूर करें लेकिन उनकी हत्या की बात कहना और अपने आप को गांधीवादी बताना तो उल्टे बांस बरेली पहुंचाना है। यह गांधीवादी होना नहीं है। यह गोड़सेवादी होना है। इस तरह के बयान क्या सिद्ध करते हैं? क्या यह नहीं कि कांग्रेस के लोग घनघोर निराशा के दलदल में फंस चुके हैं। उन्हें लग रहा है, खासतौर से बुजुर्गों को कि उनके जीवनकाल में मोदी को कोई हटा नहीं सकता। इसीलिए अब यह घुटन इतने गर्हित बयानों में प्रकट हो रही है। मेरी याददाश्त में आज तक किसी प्रधानमंत्री के खिलाफ इस तरह का जहरीला बयान कभी नहीं दिया गया। दुर्भाग्य तो यह है कि यह बयान उस कांग्रेस के नेता की तरफ से आया है, जिस कांग्रेस के दो प्रधानमंत्रियों की हत्या हुई और जिसका तीसरा नेता भी दुर्घटना का शिकार हुआ। इस तरह का बयान जारी करना उस बयानबाज की बीमार मानसिकता का सबूत तो देता ही है, वह यह भी बताता है कि जो नेता अपने आप को अनुभवी कहते हैं, उन्हें देश की राजनीति की कितनी समझ है। मोदी पर देश के टुकड़े करने के आरोप लगाना और यह कहना कि सिर्फ कांग्रेस ही 'देश जोड़ो' की बात कर रही है, बिल्कुल हास्यास्पद है। संविधान की रक्षा के लिए मोदी की हत्या को जरूरी बताना राहुल की भारत-जोड़ो यात्रा पर पानी फेरने से कम नहीं है। म.प्र. की सरकार ने इस कांग्रेस नेता को जेल भेज दिया है, यह तो न्यूनतम सजा है। बेहतर तो यह है कि कांग्रेस अपनी इज्जत बचाने के लिए ऐसे नेताओं को पार्टी से तुरंत निकाल बाहर करे। इस निरंकुश बयानबाजी की दुखद घटना से सभी पार्टियों के नेताओं को सबक लेना होगा कि वे जो कुछ बोलें, सोच-समझकर बोलें।

# विपक्ष का एकजुट होना लोकतंत्र के लिए ज़रूरी



रजनीश कपूर

हाल ही के चुनावों में मिले-जुले परिणाम आए हैं। दिल्ली, गुजरात और हिमाचल में जो नतीजे आए हैं उनका अनुमान लगा रहे राजनैतिक पंडितों की भविष्यवाणी काफ़ी हद तक सही साबित हुई। विपक्षी दलों ने जिस तरह कमर कस कर इन चुनावों में पहले के मुक़ाबले बेहतर प्रदर्शन किया है, उससे अब यह बात तो स्पष्ट है कि विपक्षी दल 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले 2023 में नौ राज्यों में होने वाले विधान सभा चुनावों को काफ़ी गंभीरता से ले रहे हैं। बिखरा हुआ विपक्ष किसी भी लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं होता। शायद इसीलिए तमाम क्षेत्रीय दलों के नेता एक दूसरे के साथ बैठकें कर रहे हैं और आगे की योजना बना रहे हैं। गुजरात में भाजपा ने जीत का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वहाँ प्रधान मंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की कड़ी मेहनत रंग लाई। पर हिमाचल और दिल्ली में शिकस्त के बाद, भाजपा के नेतृत्व को आने वाले चुनावों की तैयारी में जुटना होगा। विपक्षी दलों को भी इस बात का मंथन करना पड़ेगा कि यदि वो एकजुट नहीं हुए तो वो अपने-अपने राज्यों तक ही सिमट कर रह जाएँगे। उधर केजरीवाल फैक्टर को नज़रअंदाज़ करना भी ठीक नहीं होगा। दिल्ली एमसीडी के चुनाव में अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को बहुमत मिला। भाजपा समर्थक इसे 15 साल की 'एंटी इनकम्बेंसी' बता रहे हैं। वहीं केजरीवाल बढ़-चढ़ कर दावे कर रहे हैं कि उन्हें उनके काम पर वोट मिला।

जिस तरह केजरीवाल ने 'दिल्ली मॉडल' का ढोल पीट-पीट कर पंजाब में अपनी सरकार बनाई, ठीक उसी तरह दिल्ली की एमसीडी में भी अपनी पकड़ बना ली। परंतु हिमाचल और गुजरात में उनका 'झाड़' नहीं चल सका। राजनैतिक पंडितों के अनुसार इसके पीछे का कारण केवल विपक्ष की एकता का न होना है। मिसाल के तौर पर गुजरात के नतीजों को अगर गौर से देखें तो कई सीटों पर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के वोटों को अगर जोड़ा जाए तो भाजपा को मिले वोटों के मुक़ाबले वो संख्या काफ़ी अधिक है। इसका मतलब यह हुआ कि विपक्षी एकता न होने के कारण भाजपा को न मिलने वाले वोट बंट गये। इसका सीधा फ़ायदा भाजपा को ही हुआ और वो ऐतिहासिक जीत हासिल कर पाई। शायद इसीलिए केजरीवाल को भाजपा के लिए विपक्ष के वोट काटने वाला कहा जा रहा है। परंतु जिस तरह केजरीवाल ने हिमाचल के चुनावों में गुजरात और दिल्ली जैसी ताक़त नहीं झोंकी और कांग्रेस को इसका फ़ायदा मिला, उससे तो यही लगता है कि आम आदमी पार्टी ने वोट काटने का ही काम किया है। हिमाचल के चुनावों में अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने हिमाचल के प्रभारी सत्येंद्र जैन की कमी महसूस की और चुनाव प्रचार से अचानक हट गये। जो लोग केजरीवाल को भाजपा की 'बी टीम' कहते हैं, वो इस बात पर हैरान हैं कि यदि ये बात सच है तो सत्येंद्र जैन को हिमाचल के चुनावों से पहले जेल से क्यों नहीं छुड़ाया गया? भाजपा द्वारा सत्येंद्र जैन के जेल के वीडियो हर रोज़ वायरल क्यों किए जा रहे थे? यदि भाजपा और आम आदमी पार्टी एक हैं तो क्या भाजपा सरकार द्वारा सत्येंद्र जैन को इतने दिनों तक तिहाड़ में रखना एक ग़लत रणनीति थी? आमतौर पर जब भी किसी राज्य में उपचुनाव हुए हैं, फिर वो चाहे लोक सभा हो या विधान सभा, वहाँ पर सत्तारूढ़ दल ही विजयी होता है। परंतु 2017 के लोक सभा उपचुनाव में मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ और उप मुख्य मंत्री केशव मौर्य की सीट सत्तारूढ़ भाजपा के पक्ष में नहीं जा सकी। इसका कारण था सपा और बसपा का समझौता। ठीक उसी तरह मुलायम सिंह की मृत्यु के बाद मैनपुरी के उपचुनाव में डिंपल यादव की ऐतिहासिक जीत का कारण केवल सहानुभूति नहीं था।

नेताजी जैसे क़द्दावर नेता की लोकप्रियता को देखते हुए भाजपा को भी और दलों की तरह इस चुनाव में किसी उम्मीदवार को नहीं खड़ा करना चाहिए था। परंतु अपना उम्मीदवार उतार कर भाजपा ने अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया है। राहुल गांधी का गुजरात में 'भारत जोड़ो यात्रा' न निकालना भी एक ग़लत निर्णय था। परंतु यदि वे सोच लेते कि उन्हें गुजरात में मोदी-शाह की जोड़ी को ध्वस्त करना है तो उन्हें केजरीवाल के साथ कुछ सीटों पर समझौता कर लेना चाहिए था। उनका ऐसा न करना भाजपा के फ़ायदे में रहा। जो भी हो कांग्रेस अध्यक्ष मल्लीकार्जून खड़गे तो अभी से चुनावी मोड में आ चुके हैं। उन्होंने आगामी विधान सभा चुनावों की रणनीति तय करने के लिए पदाधिकारियों की बैठकें बुलानी शुरू कर दी है।

# कैसे एक पिशाच बना भगवान विष्णु का भक्त?

## बद्रीनाथ के क्षेत्रपाल देवता की कहानी



भगवान विष्णु की भक्ति का महत्व अतुल्य है, मान्यता है कि जो भी विष्णु जी के पूजन को सिद्ध कर लेता है, उसका जीवन धन्य हो जाता है। यदि किसी पर श्रीहरि की कृपा हो तो उसे जन्म और मृत्यु के चक्र से मुक्ति मिल जाती है और वह भगवान के परम धाम को जाता है। भक्त वत्सल श्री नारायण की भक्ति के फल से जन्म, जरा, व्याधि और मृत्य के इस अकाट्य चक्र से मुक्ति मिल जाती है। यह कथा भी एक ऐसे ही भक्त की है, जिसे पिशाच योनि में जन्म लेने के बाद भी भगवान की अनुकंपा प्राप्त हुई और भगवान ने उसके सभी कष्टों को हर लिया। यह कथा है बद्रीनाथ धाम क्षेत्र के क्षेत्रपाल देवता – घंटाकर्ण पिशाच की। पंडित इंद्रमणि घनस्याल से जानते हैं कैसे ये पिशाच बन गया नारायण का भक्त और मिल गया श्रीहरि के चरणों का परम धाम।

घंटाकर्ण थे शिव के परम भक्त पुराणों की मान्यता के अनुसार, घंटाकर्ण पिशाच योनि में जन्मा एक पिशाच था, जो भगवान शिव का परम उपासक था। देवाधिदेव महादेव का ये उपासक शिव भक्ति में डूबा रहता था।

**क्यों पड़ा घंटाकर्ण नाम**

एक तरफ जहां घंटाकर्ण भगवान शिव का भक्त था, वहीं उसे भगवान नारायण के नाम से भी बैर था। अगर कोई भी उसके आसपास नारायण का नाम लेता तो उसके मन में कुढ़न होती।

इसलिए उसने भगवान के नाम के श्रवण से बचने के लिए अपने कानों में एक एक घंटा लटका लिया। इससे जब भी कोई उसके आसपास भगवान विष्णु का नाम लेता तो घंटे की आवाज वह स्वर दबा लेती।

# कैसे हुई ताली बजाने की शुरुआत?





अक्सर आपने मंदिरों में या जहां भजन-कीर्तन होते हैं, वहां लोगों को ताली बजाते हुए देखा होगा। मंदिरों में आरती के समय और भजन-कीर्तन में ताली बजाने की प्रथा सदियों पुरानी है। ऐसा माना जाता है कि भजन-कीर्तन में ताली बजाने की शुरुआत भक्त प्रह्लाद ने की थी क्योंकि प्रह्लाद के पिता हिरण्यकश्यप ने नाराज़ होकर सारे वाद्य यंत्रों को नष्ट कर दिया था।

तब प्रह्लाद ने भगवान के भजन में ताल देने के लिए ताली बजाना शुरू किया। इसके बाद अन्य लोग भी उनकी तरह भजन-कीर्तन में ताली बजाने लगे, लेकिन क्या आप जानते हैं कि आख़िर कीर्तन और आरती में ताली क्यों बजाते हैं?

**इसका क्या महत्व है?**

तो चलिए जानते हैं भोपाल निवासी ज्योतिषी एवं वास्तु सलाहकार पंडित हितेंद्र कुमार शर्मा से कीर्तन और आरती में ताली बजाने का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व।

**ताली बजाने का धार्मिक महत्व**

हिन्दू धर्म में मंदिरों में पूजा, आरती, भजन, कीर्तन में ताली बजाने की परम्परा सदियों पुरानी है। भजन-कीर्तन या पूजा-आरती कहीं भी हो रही हो, सभी लोग साथ मिलकर ताली बजाते हैं। ऐसा करने के पीछे मान्यता है कि ताली बजाकर प्रभु का नाम जपने से पापों का नाश होता है। एक अन्य मान्यता यह भी है कि प्राचीन समय में सामान्य जनों के पास वाद्य यंत्र नहीं होते थे, ऐसे में वे भजन-कीर्तन में ताल देने के लिए ताली बजाते थे।

ताली बजाने को एक प्रकार का सहज योग भी माना जाता है। नियमित रूप से रोजाना ताली बजाने से कई प्रकार के रोगों से मुक्ति मिलती है, साथ ही शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह भी बढ़ता है।

# क्या गर्भ में ही तय हो जाता है मनुष्य का भाग्य?

जीवन लेने वाले हर जीव की मृत्यु निश्चित है। मृत्यु के बाद मनुष्य के कर्म तय करते हैं कि उसको स्वर्ग की प्राप्ति होगी या फिर नर्क भोगना होगा। जन्म के बाद मनुष्य के साथ जीवन में कई अच्छी और बुरी घटनाएं होती हैं। अच्छी घटनाओं के लिए मनुष्य अपनी किस्मत की सराहना करता है, तो बुरी घटनाओं के लिए वह अपने भाग्य को कोसता है। अब ऐसे में सवाल मन में आता है कि भाग्य का लेखा-जोखा मनुष्य के जन्म के पहले से ही तय होता है या उसके जन्म के बाद निर्धारित होता है।

**कब निर्धारित होता है मनुष्य का भाग्य?**

आचार्य चाणक्य ने अपने नीतिशास्त्रों में जीवन के संकटों से उबरने के लिए सैकड़ों नीतियों का वर्णन किया है। आचार्य चाणक्य ने बताया है कि किसी भी मनुष्य के भाग्य की 5 चीजे मां के गर्भ में



ही तय हो जाती है, जिसे कोई भी बदल नहीं सकता। आचार्य चाणक्य ने इसे एक श्लोक के द्वारा समझाया है। आयुः कर्म च विद्या च वित्तं निधनमेव च। पञ्चैतानि विलिख्यन्ते गर्भस्थस्यैव देहिनः।

आचार्य चाणक्य कहते हैं किसी भी जीव की आयु, कर्म, धन-संपत्ति, विद्या और मौत, ये पांच चीजें उसके भाग्य में उसी समय लिख दी जाती हैं, जब वो अपनी मां के गर्भ में होता है। इन चीजों में जीवनभर कोई बदलाव नहीं आता। जिसकी जितनी उम्र होगी वो उतना ही जीता है।

**मनुष्य का लक्ष्य क्या?**

आचार्य चाणक्य बताते हैं कि मनुष्य को अपने जीवन में धर्म के मार्ग पर चलकर ज्ञान और धन कमाना चाहिए, जिससे समाज में उस व्यक्ति की प्रतिष्ठा बनी रहे। आचार्य चाणक्य ने अपने नीतिशास्त्रों में एक श्लोक के द्वारा इस बात को समझाया है। धर्मार्थकाममोक्षेषु यस्यैकोऽपि न विद्यते। जन्म-जन्मनि मत्र्येषु मरणं तस्य केवलम्। आचार्य चाणक्य कहते हैं कि मनुष्य को अपने जन्म के बाद धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष यह 4 चीजे प्राप्त कर लेनी चाहिए। धर्म के कार्य करते हुए व्यक्ति को धन संपदा प्राप्त करनी चाहिए। उसके बाद विवाह कर अपना गृहस्थ जीवन शुरू करना चाहिए और अंत में मोक्ष की प्राप्ति के लिए भगवान की स्तुति और अच्छे कार्य करने चाहिए। इस प्रकार किसी भी मनुष्य के भाग्य का लेख उसके जन्म के पहले से ही तय हो जाता है।

# क्यों धारण किया भगवान विष्णु ने कछुए का रूप



**भगवान हुए प्रसन्न**

देवताओं की प्रार्थना से भगवान प्रसन्न हुए और एक विशालकाय कछुए का रूप धरकर मदिरंचल पर्वत को सागर मंथन हेतु अपनी पीठ पर धारण किया, जिसके बाद सागर मंथन पूर्ण हुआ और देवताओं को उनकी क्षीण हुई शक्ति और श्री वापिस प्राप्त हुई।

सृष्टि के पालनहार भगवान विष्णु को जगत पिता भी कहा जाता है। जब कभी ब्रह्माण्ड में कोई भी विपत्ति आती है, तो भगवान विष्णु अपने भक्तों की उस विपत्ति का हरण करने से नहीं चूकते। भगवान विष्णु ऐसे इकलौते भगवान हैं, जो अपने भक्त की भक्ति से नहीं चूकते और अपने भक्तों पर सदैव अपनी कृपा बरसाते हैं। ऐसे श्री विष्णु के कृपावान भक्त अत्यंत धन्य हैं कि उनके आराध्य भगवान भी उन्हें बहुत स्नेह करते हैं। भगवान विष्णु ने समय-समय पर विभिन्न अवतार लेकर जगत का कल्याण किया है। विष्णु महापुराण में एक कथा ऐसी भी आती है, जब श्री हरि ने अपने भक्तो की समस्या के निवारण हेतु कछुए का रूप धारण किया। भगवान विष्णु के इस अवतार की कथा अत्यंत रोचक है, तो आइए जानते हैं भगवान के कूर्मावतार की कथा।

**महर्षि दुर्वासा का शाप**

एक बार महर्षि दुर्वासा देवराज इंद्र की सभा में पधारे, पर मदांध इंद्र ने अपने आसन से खड़े होकर उनका स्वागत सत्कार नहीं किया। यह देख महर्षि दुर्वासा का क्रोध बढ़ गया और उन्होंने कुपित होकर इंद्र समेत सभी देवताओं को श्रीहीन होने का शाप दे दिया।

**दुर्वासा के शाप का फल**

महर्षि के शाप से शापित देवताओं के पास से श्री चली गई तथा उनका धन, धान्य, तेज, वैभव सब क्षीण हो गया। अपनी ये दुर्दशा देखकर सभी देव मिलकर भगवान विष्णु के पास गए।


**सागर मंथन का सुझाव**

भगवान विष्णु अपने भक्तों की समस्या जानते थे। उन्होंने देवताओं को दैत्यों के सहयोग से सागर मंथन कर समुद्र से श्री लक्ष्मी को प्रकट करने के लिए कहा। यह सुनकर देवताओं ने दैत्यों से संपर्क स्थापित कर उन्हें अमृत का लालच देकर सागर मंथन के लिए राज़ी किया।

**सागर मंथन में आया विघ्न**

सागर मंथन की सभी तैयारियां पूर्ण होने के बाद जब मदिरांचल पर्वत को मथनी के रूप में सागर में स्थापित किया गया तो वह बार-बार डूब जाती। यह देख देवताओं और दैत्यों को चिंता सताने लगी। तब देवताओं ने मिलकर भगवान विष्णु से समस्या निवारण की प्रार्थना की।

# कैसे श्री राम ने भक्त शबरी की महिमा बताते हुए तोड़ा हज़ारों सिद्ध ऋषि-मुनियों का अभिमान...



भगवान करुणा-वरुणालय हैं, जो सदैव अपने भक्तों पर करुणा बरसाते हैं और भक्तों के भी भक्त कहे जाते हैं। कितनी सुंदर बात है ना की सम्पूर्ण सृष्टि का मालिक केवल और केवल भक्त के भाव पर रीझ जाता है। सुदामा के मात्र दो मुट्ठी चावल पर रीझ कर प्रभु ने उसे दो लोको की संपत्ति दे दी थी, नरसी भक्त के भजन पर खुश होकर उनकी बेटी का भात भर आए थे।

**प्रभु ने सबसे पूछा माता शबरी की कुटिया का रास्ता**

बात उस समय की है जब प्रभु श्री राम अपने 14 वर्ष के वनवास के दौरान माता शबरी को खोजते हुए दंडकारण्य वन पहुंचे, उस वन में कई सिद्ध ऋषि-मुनियों के भी आश्रम थे, प्रभु ने जानबुझ कर एक-एक ऋषि की झोपडी में जाकर उनसे माता शबरी की कुटिया का रास्ता पूछा। क्योंकि इन सभी ऋषि-मुनियों को अपने उत्तम कुल से होने का एवं तपस्वी होने का अभिमान था, जिस अभिमान के आवेश में आकर वे सभी माता शबरी को भीलनी होने के कारण अछूत बोलते थे और तो और अगर वे उनके सामने से भी होकर निकल जाएं तो भी उन्हें मनहूस कहते थे। और उन्हें लगता था की प्रभु श्री राम हमारे यहा आएगे नाकि इस दरिद्र के यहां। बस इसी अभिमान को तोड़ने के लिए प्रभु सबसे माता शबरी की कुटिया का रास्ता पूछ रहे थे।

**माता ने खिलाए जूठे बेर**

जब माता शबरी की कुटिया में प्रभु पधारे तो माता को यकीन ही नहीं हुआ, उन्होंने सबसे पहले तो प्रभु श्री राम और भैया लक्ष्मण को बैठने के लिए आसन दिया उसके बाद उनके चरण धोए। फिर माता शबरी ने भगवान राम को बेर खिलाने आरम्भ किये, परंतु माता का तरीका देख वहां आए सब ऋषि-मुनि और तो और खुद भैया लक्ष्मण भी चकित रह गए, माता शबरी एक एक बेर को पहले खुद थोड़ा आ चखती और मीठा होने पर ही प्रभु को अपने हाथो से खिलाती, बाकी खट्टे बेरों को फेक देती। प्रभु ने भी खूब आनंदित हो बेर खाए।

**तोड़ा ऋषि-मुनियों का घमंड**

उसके बाद सभी ऋषि-मुनियों ने प्रभु श्री राम से वही स्थित एक तालाब को पुनः जीवित करने को कहा क्योकि वो उनका एक मात्र जल स्त्रोत था जोकि किसी कारणवश बदबूदार एवं विषैला हो गया था। प्रभु श्री राम ने माता शबरी का मान बढ़ाते हुए चमत्कार किया और कहा, "यह कार्य मेरे वश का नहीं यह कार्य तो केवल माता शबरी जैसी पुण्यआत्मा ही कर सकती है अतः माता कृपा करके आप अपना चरण कमल इस तालाब में डालें।" शबरी थोड़ी सकुचाई पाए ज्योही उन्होंने चरण उस तालाब में डाला त्योही तालाब का जल साफ होगया और पूरा तालाब स्वच्छ एवं खुशबुदार जल से भर गया। यह देख सभी ऋषि-मुनियों का अभिमान जीर्ण-शीर्ण हो गया और उन्होंने भक्त और भगवान के चरण पकड़ कर उनसे क्षमा-याचना की...

# वास्तु के हिसाब से धारण करेंगे कपड़े तो जीवन में होगी तरक्की

जीवन में कई बार ऐसा होता है जब कड़ी मेहनत के बाद भी ना तो कोई काम बन पाता है, ना ही सफलता मिलती है। इस कारण अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पंडित इंद्रमणि घनस्याल बताते हैं कि व्यक्ति के ग्रह नक्षत्रों की स्थिति के कारण भी कई बार जीवन में परेशानियां आने लगती हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार, व्यक्ति के कपड़े भी जीवन पर अच्छा बुरा प्रभाव डालते हैं।





**रंग का रखें ध्यान**

वास्तु शास्त्र के अनुसार, कपड़ों का रंग भी हमारे लिए खास महत्व रखता है। अगर आपको नकारात्मक विचार अधिक आते हैं या फिर मन अशांत रहता है तो आपको सफेद रंग के कपड़े पहनने चाहिए, क्योंकि सफेद रंग का संबंध शुक्र ग्रह से होता है जो शांति का प्रतीक माना जाता है। वहीं, अगर आपके काम में कोई बाधा आती है या फिर बहुत देर से सफलता मिलती है तो आपको पीले रंग के कपड़े पहनने चाहिए। पीले रंग का संबंध गुरू ग्रह से होता है, जो शुभ होता है।

**हमेशा साफ कपड़े पहनें**

कुछ लोग एक ही ड्रेस को 3 से 4 दिन पहनते हैं जो कि वास्तु नियमों के हिसाब से उचित नहीं है। बिना धोए कपड़े पहनने से जीवन में आर्थिक समस्याएं आती हैं। साथ ही, शरीर को बीमारियां भी घेर लेती हैं। इसलिए हमेशा साफ कपड़े पहनने चाहिए, इससे मां लक्ष्मी भी प्रसन्न रहती हैं और आपको कभी आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़ता है। साफ कपड़ों से शरीर को पॉजिटिव एनर्जी मिलती है जिससे आपका मन काम में लगा रहता है।

# मुश्किल में फराह खान के पति शिरीष, सीएम योगी पर अभद्र टिप्पणी मामले में कोर्ट ने दिए जांच के आदेश



**बॉलीवुड की** मशहूर निर्देशक और कोरियोग्राफर फराह खान के पति शिरीष कुंदर की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई हैं। 2017 में शिरीष कुंदर ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर अभद्र टिप्पणी की थी, जिसके बाद वह विवादों में आ गए थे। अब पांच साल बाद शिरीष के इसी बयान पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने लखनऊ पुलिस को फटकार लगाई और विवेचना को जल्द कराने के निर्देश दिए हैं। शिरीष कुंदर पर अमित कुमार तिवारी ने हजरतगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। याचिकाकर्ता इस मामले को कोर्ट में ले गए थे। वहीं, पुलिस ने मामले की फाइनल रिपोर्ट लगा दी, जिसके बाद कल कोर्ट ने लखनऊ पुलिस को फटकार लगाई। कोर्ट की ओर से पुलिस को पूरे मामले में जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

**क्या था मामला**

2017 में शिरीष कुंदर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसकी बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। अमित कुमार तिवारी ने शिरीष के खिलाफ मामला दर्ज कराकर गिरफ्तारी की मांग की थी।

शिरीष ने सीएम योगी के खिलाफ कई सारे ट्वीट किए थे और उनकी तुलना गुंडे व रेपिस्ट से की थी। उन्होंने ट्वीट कर लिखा था, 'एक गुंडे से दंगा फसाद रोकने की उम्मीद में सत्ता सौंपने ठीक वैसा ही है, जैसा किसी रेपिस्ट को रेप करने की अनुमति देकर ये उम्मीद लगाना कि इससे रेप रुक जाएगा।' हालांकि इसके बाद उन्होंने अपने ट्वीट डिलीट कर दिया था।

# अवतारः द वे ऑफ वॉटर को लेकर भारत में मचा तहलका, क्या फिल्म की रिलीज से डर गया है बॉलीवुड



हॉलीवुड के फेमस डायरेक्टर जेम्स कैमरून की फिल्म अवतारः द वे ऑफ वॉटर का क्रेज बढ़ता जा रहा है. फिल्म 16 दिसंबर को दुनियाभर में रिलीज हो रही है पर हफ्तों पहले से ही इसको लेकर क्रेज काफी बढ़ गया था. 13 साल बाद आ रहे 'अवतार' के इस सीक्वल की एडवांस बुकिंग भी जबरदस्त रही है. ऐसे में एक्सपर्ट का कहना है कि फिल्म पहले दिन भारत में जलवा बिखेरते हुए ये 30-40 करोड़ रुपये कमा लेगी. अगर ऐसा हुआ तो पहले दिन की कमाई के मामले में वो मार्वल स्टूडियोज की फिल्म 'एवेंजर्स एंडगेम' का रिकॉर्ड तोड़ देगी जो ओपनिंग डे पर कमाई के मामले में पहले नंबर पर है. वहीं ये KGF 2 का भी रिकॉर्ड तोड़ सकती है.

फिल्म समीक्षक तरन आदर्श ने हाल ही में अवतारः द वे ऑफ वॉटर की भारत के एडवांस बुकिंग का आंकड़ा शेयर किया है. इसके मुताबिक फिल्म के अब तक 5,49,774 टिकट बिक चुके हैं और ये आंकड़ा बढ़ता जा रहा है. बताया जा रहा है कि बेंगलुरु, मुंबई, चेन्नई और हैदराबाद में फिल्म के टिकट्स सबसे ज़्यादा बिके हैं. फिलहाल आंकड़े देखकर मालूम चल रहा है कि ये फिल्म बॉलीवुड की फिल्मों को काफी पीछे छोड़ने वाली है.

साल 2009 में 'अवतार' का पहला पार्ट रिलीज हुआ था. ये फिल्म भी भारत में काफी पसंद की गई थी. इसी कारण इस बार भी लोगों के बीच इस दूसरे पार्ट को लेकर एक्साइटमेंट नजर आ रहा. जेम कैमरून की फिल्म अवतार एक बड़े बजट की फिल्म है. इसका पहला पार्ट लगभग 237 मिलियन डॉलर के बजट में तैयार किया गया था और फिल्म ने तब साल 2009 में 20 हजार 368 करोड़ रुपये का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया था. वहीं हाल की रिपोर्टों से पता चलता है कि फिल्म के इस दूसरे पार्ट का बजट लगभग 350-400 मिलियन डॉलर है, जिसने इसे अब तक की सबसे महंगी फिल्म बना दिया है.

भारत में ये फिल्म 3,000 से स्क्रीनों पर रिलीज होने वाली. ऐसे में इस फिल्म के हिट होने की काफी उम्मीदें हैं. मुंबई में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग हुई जहां कई सितारे पहुंचे. इसमें बी-टाउन के भी कई स्टार्स पहुंचे थे. एक्टर अक्षय कुमार और वरुण धवन सहित कई सितारों ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म को देखने के बाद अपना रिएक्शन दिया है।

# दीपिका पादुकोण का 'बेशर्म रंग' देख मचा बवाल, इंदौर में भड़की आग, फूंके गए पुतले



शाहरुख की अपकमिंग फिल्म पठान को लेकर बवाल थमने का नाम नहीं ले रहे है. हाल ही में रिलीज हुए बेशर्म रंग गाने पर हिंदु महासभा ने भी आपत्ति जताई है. वहीं फिल्म के सीन्स को बार-बार एडिट करने की मांग की जा रही है. ऐसे में लोगों ने फिल्म के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया.

**जले पुतले**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इंदौर में 'पठान' फिल्म के खिलाफ लोग बेहद आक्रोशित हैं. वीर शिवाजी ग्रुप ने दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान के पुतलों को आग लगाई. दीपिका की आउटफिट को लेकर जमकर बवाल हुआ है. ऐसे में प्रदर्शनकारी सड़क पर जमा हो गए हैं.

**सीन्स में किया जाए बदलाव**

प्रदर्शनकारियों और भड़के हुए लोगों ने फिल्म को बैन करने की मांग की है. वीर शिवाजी समूह की ओर से बयान सामने आया है कि 'बेशर्म रंग' ने हिंदू भावनाओं को आहत किया है. इससे पहले मध्य प्रदेश के मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने दीपिका के कपड़ों और कुछ सीन्स में बदलाव के लिए कहा साथ ही चेतावनी दी कि वरना प्रदेश में फिल्म को रिलीज नहीं होने दिया जाएगा.

**गाने ने मचाया धमाल**

जबसे लोगों ने दीपिका पादुकोण की भगवा बिकनी देखी है, तबसे एक्ट्रेस की दूसरी आउटफिट्स पर भी सवाल उठाया गया है. ऐसे में यूट्यूब पर लगातार ट्रेंड कर रहे इस गाने को लेकर लोग काफी गुस्से में है. दीपिका का ग्लैमरस अवतार अब एक राजनीतिक मुद्दा बन चुका है.

# कांतारा और पुष्पा बर्बाद कर रहीं इंडस्ट्री को, इस बात पर भिड़े दो बॉलीवुड फिल्म मेकर, आप क्या सोचते हैं?




**साउथ की फिल्मों** की सफलता ने बॉलीवुड मेकर्स की सोचने-समझने की लाइन-लेंथ गड़बड़ा दी है. वे एकमत नहीं दे पा रहे हैं कि कैसी फिल्में बनाएं और कांतारा तथा पुष्पा जैसी फिल्मों की सफलता को किस तरह देखें. ऐसे में विवाद पैदा हो रहे हैं. इस साल की दो सबसे बड़ी हिट फिल्में कांतारा और पुष्पा ने पहले ही बॉलीवुड के पसीने छुड़ा दिए थे, अब हिंदी फिल्मों के मेकर भी इन फिल्मों पर अपनी-अपनी राय की वजह से टकरा रहे हैं. सोशल मीडिया में भी इस मुद्द पर बहस चल रही है. असल में मामला शुरू हुआ निर्देशक अनुराग कश्यप के एक इंटरव्यू की हेडिंग ट्विटर पर आने के बाद से, जिसमें उन्होंने कहा कि कांतारा और पुष्पा जैसी फिल्में इंडस्ट्री को बर्बाद कर रही हैं. अनुराग के इस हेडिंग पर इस साल बॉक्स ऑफिस पर द कश्मीर फाइल्स जैसी हिट फिल्म देने वाले निर्देशक विवेक अग्निहोत्री ने लिखा कि मैं हमारे बॉलीवुड के एकमात्र जज साहब की इस बात से असहमत हूं. क्या आप सहमत हैं?

विवेक के ट्वीट करने के बाद लोग मैदान में उतर आए. अनुराग के समर्थकों ने कहा कि इस इंटरव्यू में अनुराग की बातों के आधार पर गलत हेडिंग लगाई गई है. उन्होंने जो कहा उसका यह मतलब नहीं है कि साउथ की ये ब्लॉकबस्टर फिल्में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को बर्बाद कर रही हैं. असल में उनकी बात को विस्तार से सही ढंग से समझने की जरूरत है. अनुराग ने इस इंटरव्यू में कहा था कि फिल्मों की पैन-इंडिया इमेज इंडस्ट्री के लिए नुकसानदायक है क्योंकि ऐसे में बहुत सारे मेकर और एक्टर अपनी फिल्मों को कहने भर के लिए पैन-इंडिया बताएंगे, जबकि हर फिल्म में कांतारा जैसी क्षमता नहीं होती है. ऐसे में इक्का-दुक्का फिल्में ही सुपर हिट होंगी और बाकी दर्शकों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकेंगी. लेकिन सच यही है कि कांतारा और पुष्पा जैसी फिल्में ही हमें अपने मन की कहानियां कहने का साहस देती हैं. अनुराग के इंटरव्यू की हेडिंग पर विवेक के ट्वीट के बाद कई लोग उन्हें इस इंटरव्यू को पूरा पढ़ने की सलाह दे रहे हैं. इस बीच तापसी पन्नू भी सोशल मीडिया में निशाने पर हैं. हाल में उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में कोई नहीं जानता कि इन दिनों फिल्मों में क्या चल रहा है, अगर किसी को यह पता है तो समझिए कि वह सिनेमा का भगवान है. लेकिन इस पर सोशल मीडिया पर लोगों ने उनकी जमकर खिंचाई की और कहा कि कई साउथ इंडियन फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही हैं और बायकॉट बॉलीवुड कैंपेन के बावजूद ब्रह्मास्त्र को लोगों ने देखा. हाल में फ्रेडी को पसंद किया गया. ऐसे में तापसी का यह कहना कि किसी को पता नहीं कि दर्शक क्या चाहते हैं, गलत बात है.

# दिशा पटानी ने नए बॉयफ्रेंड संग बाथरूम में किया ऐसा काम, देखें दोनों का सिजलिंग वीडियो



बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी इन दिनों अपने रिश्ते को लेकर जमकर चर्चा में बनी हुई है, ऐसा माना जा रहा है कि वो अपने खास दोस्त और मॉडल अलेक्जेंडर एलेक्स इली को डेट कर रही हैं. हालांकि हाल ही में जब अलेक्जेंडर एलेक्स इली से दोनों के रिश्ते के बारे में पूछा गया था तो उन्होंने कहा था कि ये केवल एक अफवाह है और वो दोनों केवल अच्छे दोस्त हैं और इससे ज्यादा कुछ नहीं. खैर जो भी है फैंस तो दोनों को कपल ही मान हे हैं और दिशा आए दिन अलेक्जेंडर के साथ फोटो और वीडियो शेयर करती रहती हैं. ऐसे में हाल ही में दिशा ने फिर से एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वो बाथरूम में सिजलिंग वीडियो शूट करती हुई नजर आ रही हैं. दिशा पाटनी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वो अपने कथित बॉयफ्रेंड एलेक्सैंडर के साथ दिखाई दे रही हैं. वीडियो में दोनों ने बाथरोब पहना हुआ है और दिशा ने तौलिए से अपने बाल भी कवर किए हुए हैं और काला चश्मा पहने हुए नजर आ रही हैं. वहीं एलेक्सैंडर ने भी सिर पर तौलिया बांधा हुआ है और उन्होंने भी बाथरोब पहना हुआ है और दोनों साथ में डांस करते हुए नजर आ रहे हैं. इस वीडियो में दिशा अपने नए बॉयफ्रेंड एलेक्सैंडर के साथ सिजलिंग डांस कर रही हैं और उन्हें लव यू भी कह रहीं हैं.

इस वीडियो में दोनों ने अपने हाथ में शैंपू या बॉडीवॉश की बॉटल माइक की तरह पकड़ी हुई है और किसी गाने पर एक्ट करते हुए रील बना रहे हैं. ये वीडियो है तो फनी लेकिन इसके बीच में दिशा एक सिजलिंग ट्वर्क करती दिखाई देती हैं. दिशा के इस वीडियो पर टाइगर की बहन ने ने कमेंट किया है और लाफिंग इमोजी बनाई है. इसके साथ ही और भी कई सारे सितारों ने कमेंट किया है. इस वीडियो को देखने के बाद फैंस हैरान रह गए है. ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है. फैंस दिशा से उनके रिलेशन के बारे में भी पूछ रहे हैं. बता दें कि टाइगर श्रॉफ और दिशा के ब्रेकअप रूमर्स के बाद ऐसी अफवाहें हैं कि दिशा, अलेक्जेंडर एलेक्स इली को डेट कर रही हैं. अलेक्जेंडर सर्बिया से हैं और जाने-माने मॉडल हैं. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो वो 2015 में दिशा के साथ फ्लैट शेयर करते थे. तभी दोनों के बीच दोस्ती हुई थी.

# विजय सेतुपति ने किया जबरदस्त बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन!

## फोटो देख फैंस हुए हैरान, बोले- कितने यंग लग रहे आप



**साउथ सुपरस्टार** विजय सेतुपति ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया हैंडल से एक फोटो शेयर किया है। जिसमें वो बिल्कुल डिफरेंट अवतार में दिखाई दे रहे हैं। दरअसल लंबे समय से सेतुपति पब्लिक अपीयरेंस से बेहद दूर थे, ऐसे में उन्हें काफी समय से देखा नहीं गया है। लेकिन हाल सामने आई इस फोटो ने सेतुपति के फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ा दिया है। इस नए लुक में एक्टर न ही केवल स्मार्ट लग रहे हैं, बल्कि देखकर ऐसा लग रहा है कि उन्होंने पूरी तरह से अपना बॉडी वेट रिड्यूज कर लिया है।

**विजय ने सोशल मीडिया पर शेयर किया पोस्ट**

दरअसल कल यानी मंगलवार को विजय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें उन्होंने कोई भी कैप्शन नहीं लिखा है। इस फोटो में विजय बेहद बदले-बदले नजर आ रहे हैं। हालांकि विजय ने इस बात की ऑफिशियल इन्फॉर्मेशन नहीं दी है, लेकिन फैंस एक्टर का बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन साफ नोटिस कर सकते हैं। विजय इस फोटो में क्लीन शेव लुक में नजर आ रहे हैं, उन्हें देखकर फैंस उनके स्ट्रगल वाले दिनों को याद कर रहे हैं।

**विजय की फोटो पर फैंस ने जमकर किया रिएक्ट**

विजय की इस पोस्ट पर यूजर्स जमकर रिएक्ट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- 'कहीं आपका अकाउंट हैक तो नहीं हो गया है?' दूसरे यूजर ने लिखा- क्या तो चेंज है, सर आप जैसा कोई नहीं। तीसरे यूजर ने लिखा- सर आप हमेशा ही बेहद स्मार्ट दिखते हैं।

एक अन्य यूजर ने कहा- सर आप कितने यंग लग रहे हों। सेतुपति के फैंस उनका ये लुक देखकर कयास लगा रहे हैं कि ये उनकी किसी फिल्म का लुक है। वर्कफ्रंट की बात करें तो सेतुपति अगले साल शाहिद कपूर के साथ फर्जी वेब सीरीज में नजर आएंगे। इसके अलावा विजय शाहरुख खान की फिल्म जवान में भी विलन के रोल निभाने वाले हैं। फिल्म के जरिए विजय हिंदी सिनेमा में अपना डेब्यू करेंगे।

# कटरीना कैफ के इस हॉट लुक ने मचाया गदर!



कटरीना कैफ को पहचान को कोई जरूरत नहीं है. भारत में एक्ट्रेस के चाहने वालों की कमी नहीं हैं. ज्यादातर लोग कटरीना को न केवल इनकी ब्यूटी बल्कि इनकी सादगी के लिए भी पसंद करते हैं. नायका फेमिना ब्यूटी अवाड्र्स 2022में बॉलीवुड की कई बड़े कलाकार जैसे कि विक्की कौशल , रश्मिका मंदाना , जान्हवी कपूर, कृति सनोन ने शिरकत की थी. कटरीना कैफ भी इवेंट में पहुंची थीं. सोशल मीडिया पर कटरीना का इवेंट वाला लुक वायरल हो रहा है. लोग कटरीना की भरभर कर तारीफ कर रहे हैं. आइए जरा एक नजर उनके लुक पर डालते हैं.

**कटरीना दिखीं शिमरी स्लिट कट गाउन में**

वीडियो में कटरीना पैप्स के लिए पोज करती नजर आ रही हैं. कटरीना ने फेमिना ब्यूटी अवाड्र्स में ए शिमरी स्लिट कट गाउन पना हुआ था. कटरीना ने पैर में पेन्सिल हील्स डाल रखी थीं. मेकअप की बात करें तो कटरीना ने ग्लोइंग किया किया था. एक्ट्रेस के बाल खुले थे और कान में उन्होंने हूप्स पहने थे. उनके इस वीडियो पर लोग तरह-तरह के कमेंट्स कर रहे हैं.

**'टाइगर 3' से कटरीना बड़े पर्दे पर करेंगी वापसी**

अभी कुछ दिनों पहले कटरीना की प्रेग्नेंट होने की अफवाहें उड़ी थी. एक यूजर ने कटरीना का वीडियो में पेट देखकर कहा कि वो पक्का प्रेग्नेंट हैं. तो वहीं एक यूजर कमेंट करता है कि वो कैट का ड्रेसिंग सेंस सबसे सही है. इसके पहले कटरीना कैफ अपने 'फोन भूत'में नजर आी हैं. इस फिल्म में कटरीना के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी, ईशान खट्टर, जैकी श्रॉफ ने भी अभिनय किया है. कटरीना इसके बाद सलमान खान के साथ 'टाइगर 3' से बड़े पर्दे पर वापसी करेंगी. कटरीना ज्यादातर विक्की कौशल के साथ रिलेशनशिप को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं. अभी हाल ही में कटरीना और विक्की कौशल ने 9 दिसंबर, 2022 को अपनी शादी की पहली सालगिरह मनाई है।

# कियारा के साथ रोमांस करते दिखेंगे एक्टर मोहित रैना



**कियारा आडवाणी** जल्द ही डायरेक्टर विजय लालवानी की अपकमिंग फिल्म में नजर आएंगी। यह एक हाइस्ट थ्रिलर फिल्म है, जिसका टाइटल लंब है। हाल ही में खबरें आ रही हैं कि कियारा के अपोजिट फिल्म में टीवी सीरियल 'देवों के देव महादेव' फेम मोहित रैना को कास्ट किया गया है।

एक रिपोर्ट के अनुसार इस थ्रिलर ड्रामा में मोहित और कियारा को फाइनल कर लिया गया है। इस थ्रिलर ड्रामा में की कहानी कियारा के कैरेक्टर के इर्द-गिर्द होगी, लेकिन मोहित भी फिल्म में स्ट्रांग कैरेक्टर निभाते नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग अगले साल अप्रैल से शुरू होगी। सोर्सेस की मानें तो मेकर्स इस फिल्म को डायरेक्ट ओटीटी पर रिलीज करने का प्लान बना रहे हैं। कियारा ने 2014 में फिल्म 'फगली' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। उसके बाद उन्होंने 'शेरशाह', 'भूल भुलैया 2', 'जुग जुग जियो' जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया। कियारा की अपकमिंग फिल्मों की बात करें तो वो जल्द ही 'सत्यप्रेम की कथा', 'गोविंदा नाम मेरा' जैसी फिल्मों में नजर आने वाली हैं।

# मेरे लिए बड़ी बात कि राम चरण मेरे फैन हैं- नेहा

## नेहा कक्कड़ से हाथ जोड़ते हुए मिले राम चरण

**सोशल मीडिया यूजर्स बोले- बॉलीवुड वाले तो हाथ जोड़ने को अपनी बेइज्जती समझते हैं**



सिंगर नेहा कक्कड़ ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें साउथ के स्टार राम चरण उनकी तारीफ करते दिख रहे हैं। हाल ही में एक इवेंट के दौरान नेहा की मुलाकात राम चरण से हुई। इस मुलाकात के दौरान राम चरण हाथ जोड़ते हुए नेहा से मिले और अपने आप को उनका फैन बताया। राम चरण से अपनी तारीफ सुनने के बाद नेहा काफी खुश दिखीं और सोशल मीडिया पर इस मोमेंट की वीडियो डाल राम चरण का आभार जताया। सोशल मीडिया पर लोग राम चरण के इस जेस्चर की काफी ज्यादा तारीफ कर रहे हैं।

नेहा ने अपने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा- 'मेरे लिए ये बहुत बड़ी बात है कि मिस्टर राम चरण मेरे फैन है क्योंकि पब्लिकली कोई किसी की तारीफ करे ऐसा बहुत कम ही देखने को मिलने को मिलता है। मुझे अब समझ आया कि को लोग उन्हें क्यों इतना पसंद करते हैं। अच्छा लगा कि किसी ने इस मोमेंट का वीडियो बना लिया।'

राम चरण और नेहा कक्कड़ हाल ही में एक इवेंट में पहुंचे थे। इस दौरान नेहा की जब नजर राम चरण पर पड़ी तो वो उनसे मिलने आगे चली गईं। नेहा को अपनी तरफ आता देख राम चरण खड़े हो गए और हाथ जोड़कर उनका अभिवादन किया। इस दौरान राम चरण,नेहा से कहते हैं- 'मैं आपके काम का बहुत बड़ा फैन हूं' जिसके जवाब में नेहा कहती हैं- 'ओह माई गॉड, आपके मुंह से ये सुनकर काफी अच्छा लगा। मैं भी आपकी बहुत बड़ी फैन हूं। थैंक्यू सो मच।'

वीडियो को देखकर सोशल मीडिया यूजर्स राम चरण का नेहा के लिए किए गए जेस्चर की काफी ज्यादा तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- 'इस आदमी की सिम्प्लिसिटी और जेस्चर को देखो'। वहीं एक ने लिखा- 'साउथ इंडियन एक्टर्स के व्यवहार को देखो'। वहीं एक यूजर ने लिखा- 'बॉलीवुड वाले हाथ जोड़ने को अपनी बेइज्जती मानते हैं वहीं राम चरण को देखो।'






# बीमारी के बारे में बताया, तो काम मिलना हुआ बंद, एक्ट्रेस की बढ़ीं मुश्किले

'मेरे साईं' फेम अनाया सोनी अपनी जिंदगी के बुरे दौर से गुजर रही हैं. एकतरफ जानलेवा बीमारी और दूसरी और हाथ से निकलते प्रोजेक्ट्स की वजह से उन्हें दोहरी मार पड़ी है. बीमारी के बारे में बताया, तो काम मिलना हुआ बंद, एक्ट्रेस की बढ़ीं परेशानियां।



टीवी एक्ट्रेस अनाया सोनी की जिंदगी में दुखों का सैलाब आ गया है. अनाया सोना दो सालों से जायलिसिस पर चल रही हैं. 'मेरे साईं' में नजर आने वाली इस एक्ट्रेस ने जैसे ही अपने किडनी फेल्योर के बारे में जानकारी दी हर कोई दंग रह गया. ऐसे में उनके हाथ से कई प्रोजेक्ट्स छीन लिए गए.

### एक्ट्रेस ने बताया दर्द

अनाया ने बताया कि दो दिन पहले ही उन्होंने मेरे साईं की शूटिंग की थी. रेगुलर डायलिसिस की वजह से काम मिलने में दिक्कतें हो रही हैं. जिस दिन डायलिसिस होता है उस दिन सेट पर भी नहीं जा पाती. मेरे हाथों से कई प्रोजेक्ट्स फिसल रहे हैं. ऐसे में डायलिसिस का खर्चा और काम की कमी की वजह से परेशानियां दोगुनी हो गई हैं.

### डायलिसिस का दर्द

महीने में 12 दिन तो डायलिसिस में ही चले जाते हैं. ये सारी प्रक्रिया तब तक चलती रहेगी जब तक किडनी नहीं मिल जाती. एक सेशन का खर्चा एक्ट्रेस ने 1500 रुपए बताया और साथ ही दवाइयों के खर्चे को लेर भी परेशानी बताई. कहती हैं कि मेडिकल खर्चों के अलावा घर का रेंट और भी कई तरह के खर्चे होते हैं.

### नहीं मिल रहा काम

अनाया ने बताया कि मेडिकल खर्चों की वजह से इनकम में गिरावट आई है. पहले मैं मलाड में रहा करती थी. रेंट के पैसे बचाने के लिए मैंने हाल ही में अपना कमरा बदला. अस्पताल के पास घर लिया ताकि ट्रैवलिंग ना करनी पड़े.मेरा स्ट्रगल तबसे शुरु हुआ जबसे मैंने सोशल मीडिया पर दोनों किडनियां फेल होने की खबर शेयर की है.लोगों ोको डर है कि मुझे सेट पर कुछ ना हो जाए.

# वर्ष 2022 में रश्मिका मंदाना से लेकर नागा चैतन्य तक, इन साउथ सितारों ने बॉलीवुड में किया डेब्यू

**बॉलीवुड फिल्मों** के लिए साल 2022 काफी उतार-चढ़ाव से भरा रहा है. कोरोना महामारी के बाद जिन फिल्म इंडस्ट्री को बेहतरीन रिस्पांस मिलने की उम्मीद थी लेकिन बॉलीवुड को उसका उल्टा ही मिला. कोविड के दौर में दर्शकों की पसंद और नापसंद पूरी तरह से बदल गई, जिसका असर बॉलीवुड फिल्मों पर पड़ा. वहीं दूसरी तरफ साउथ का सूरज अपनी बुलंदियों पर है, साल 2022 में साउथ फिल्मों ने देश ही नहीं विदेशों में भी छप्पर फाड़ कमाई की है. इस साल कई साउथ सेलेब्स ने बॉलीवुड फिल्मों में डेब्यू भी किया. आइए, जानते हैं किस-किस सितारे हिंदी फिल्मों में अपनी चमक दिखाई.

साउथ इंडस्ट्री की सुपरस्टार रश्मिका मंदाना ने साल 2022 में अमिताभ बच्चन की फिल्म गुडबाय से बॉलीवुड में कदम रखा है. रश्मिका मंदाना 'गुडबाय' के बाद सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ 'मिशन मजनू' में भी दिखाई देने वाली हैं. सुपरहिट पैन इंडिया फिल्म 'पुष्पा' में कमाल कर दिखाने वाली रश्मिका को उनके फैंस नेशनल क्रश के नाम से भी जानते हैं. यही कारण है कि उनके बॉलीवुड में डेब्य करने के लंबे समय से कयास लगाए जा रहे थे.







साउथ की पॉपुलर फिल्मों डियर कॉमरेड और अर्जुन रेड्डी से नाम कमाने वाले विजय देवरकोंडा ने साल 2022 में पुरी जगन्नाथ निर्देशित 'लाइगर' फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया. इस फिल्म में विजय देवरकोंडा के साथ अनन्या पांडे लीड एक्ट्रेस थीं.

विजय देवरकोंडा और अनन्या की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई.


साउथ सिनेमा जगत के सुपरस्टार नागार्जुन के बेटे नागा चैतन्य ने साल 2022 में आमिर खान की फिल्म लाल सिंह चड्ढा से डेब्यू किया था. फिल्म में नागा चैतन्य इंडियन आर्मी ऑफिसर का किरदार निभाते दिखाई दे रहे हैं. नागा चैतन्य की बेहतरीन परफॉर्मेंस के बावजूद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर चल नहीं पाई.

साउथ एक्टर अदिवी शेष ने पैन इंडिया फिल्म मेजर से हिंदी सिनेमा जगत में कदम रखा है. इस फिल्म को हिंदी पट्टी के दर्शकों से खूब तारीफें मिलीं. मेजर फिल्म मुंबई हमले में शहीद हुए कमांडो संदीप उन्नीकृष्णन की बायोपिक है. इस फिल्म में अदिवी ने कमांडो की भूमिका निभाई है।

# मृत घोषित एक्ट्रेस वीणा कपूर निकली जिंदा, बेटा बोला- 'मैंने मां को नहीं मारा'

**वीणा कपूर** की मौत की खबर ने काफी सनसनी फैला रखी थी ऐसे में सामने आया है कि वीणा कपूर जिंदा है. वो इन खबरों से बेहद दुखी हैं और शिकायत भी दरिज करवाई है.

हाल ही में प्रसिद्ध टीवी एक्ट्रेस वीणा कपूर की मौत की खबरें चारों ओर आग की तरह तेजी से फैलीं. ऐसे में सामने आया कि प्रॉपर्टी के चक्कर में उनके बेटे ने उन्हें ही ठिकाने लगा दिया. हालांकि इस खबर में एक नया एंगल निकल कर आया है. ऐसे में एक्ट्रेस खुद पुलिस थाने जा पहुंची और अपनी मरने की अफवाह को लेकर शिकायत दर्ज करवाई. आइए जानते हैं पूरा मामला.





### दो वीणा कपूर हुई कन्फ्यूजन

हाल ही में जुहू इलाके में मर्डर की एक खबर सामने आई जिसमें जुजुर्ग महिला का उसके बेटे ने ही मर्डर कर दिया था. महिला का नाम वीणा कपूर बताया गया और बेटे का सचिन कपूर. ऐसे में कुछ सेलेब्स के एक्ट्रेस वीणा कपूर के मर्डर के शक हुआ. हर कोई उन्हें श्रद्धांजलि देने लगा. एक्ट्रेस के बेटे को भी खूब कोसा गया.

### एक्ट्रेस हुईं परेशान

चूंकि एक्ट्रेस का नाम भी वीणा कपूर था ऐसे में अफवाह बड़ी तेजी से फैली. अब एक्ट्रेस ने झूठी अफवाह फैलाने के खिलाफ दिंडोशी पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया है. एक्ट्रेस का बयान भी सामने आया जिसमें उन्होंने कहा कि मैं अभी जिंदा हूं इस झूठी अफवाह की वजह से मुझे काम मिलना बंद हो गया है.

### बेटे का बयान

वहीं वीणा कपूर के बेटे अभिषेक चड्ढा ने बताया कि उन्हें इस खबर के फैलते ही ढेरों कॉल आने लगे कि मैंने अपनी मां का खून कर दिया है. मैं अपनी मां से बेहद प्यार करता हूं और जैसे ही खबर सुनी मैं बीमार पड़ गया. हाथ जोड़कर निवेदन करता हूं कि मेरी मां जिदा हैं और मैंने उन्हें नहीं मारा है।

# करिश्मा तन्ना का ब्रालेस लुक हुआ वायरल, बाथरूम में जाकर देने लगीं मदहोश कर देने वाले पोज

कई एक्ट्रेस अपनी एक्टिंग के बूते पर फैंस के दिलों में जगह बनाती हैं, तो कुछ एक्ट्रेस अपनी हॉट अदाओं से अपने चाहने वालों को मदहोश कर देती हैं. ऐसी ही एक हसीना है जो अपनी बोल्डनेस से आए दिन सोशल मीडिया का पारा बढ़ाए रहती है और वो है करिश्मा तन्ना एक्ट्रेस करिश्मा दिखने में काफी खूबसूरत हैं और छोटे पर्दे पर वो आए दिन कुछ ना कुछ कमाल करती ही रहती हैं. लेकिन एक्टिंग से इतर उनके सोशल मीडिया पोस्ट आए दिन चर्चा का विषय बने रहते हैं और इसके पीछे की वजह उनकी बोल्ड फोटोज हैं. हाल ही में उनकी पुरानी फोटोज सोशल मीडिया पर गदर मचा रही है और इस फोटो में उनका ब्रालेस लुक नजर आ रहा है.



करिश्मा तन्ना ने कई टीवी सीरियल्स में काम किया है और वो बिग बॉस जैसे रिएलिटी शो का हिस्सा भी रह चुकी हैं. यही नहीं, उन्होंने 'खतरों के खिलाड़ी' के खिताब को अपने नाम भी किया हुआ है. इन सब सफलताओं के बीच करिश्मा अपने फैंस को कभी निराश नहीं करतीं और अपने बोल्ड लुक से वो आए दिन फैंस का मनोरंजन करती रहती हैं. आपको बता दें, करिश्मा तन्ना का एक पुराना सोशल मीडिया पोस्ट वायरल हो रहा है, जिसमें उनका ब्रालेस लुक नजर आ रहा है. करिश्मा के इस लुक को देखकर लोग मदहोश हो रहे हैं. करिश्मा के इस वायरल लुक की बात करें तो उन्होंने गोल्डन पैंट सूट पहना हुआ है. जैसा कि आप देख सकते हैं कि करिश्मा ने ब्लेजर के अंदर कुछ भी नहीं पहना है लेकिन गले में चोकर कैरी किया हुआ है. करिश्मा ने बालों को खुला रखा है और अपने लुक को व्हाइट स्पोर्ट्स शूज से कंपलीट किया हुआ है. इस लुक में करिश्मा काफी बेबाक लग रही हैं. इन फोटोज को देखकर लग रहा है कि उन्होंने ये तस्वीरें बाथरूम में क्लिक करवाई हैं. आपको बता दें,

करिश्मा तन्ना ने टीवी सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी. करिश्मा एकता कपूर के फेमस सीरियल 'नागिन 3' और 'कयामत' में भी नजर आ चुकी हैं. इसके अलावा एक्ट्रेस 'जरा नच के दिखा', 'नच बलिए 7' और 'झलक दिखला जा 9' जैसे रिएलिटी शो में भी नजर आ चुकी हैं. इतना ही नहीं, करिश्मा तन्ना 'फियर फैक्टरः खतरों के खिलाड़ी सीजन 10' की विनर भी रह चुकी हैं.

# हाई स्लिट ड्रेस में ऐसी जगह लगा था कट कि नजरें नहीं हटा पाए फैंस

## तेजस्वी प्रकाश ने बोल्ड लेदर आउटफिट में चुराई नींदें!




बिग बॉस 15 की विनर रह चुकीं टीवी एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश हाल ही में एक अवॉर्ड फंक्शन पर अपने अब तक के सबसे बोल्ड लुक में पहुंचीं! एक्ट्रेस के ब्लैक लेदर आउटफिट ने फैंस को मदहोश कर दिया. 'नागिन 6' की तेजस्वी की हाई स्लिट ड्रेस में ऐसी जगह कट लगा था कि लोगों के लिए उनसे नजरें हटाना मुश्किल हो गया. तेजस्वी ने अपनी इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है और उन्हें कई सारे लाइक्स और कमेंट्स मिल रहे हैं. क्या आपने करण कुन्द्रा की गर्लफ्रेंड की लेटेस्ट फोटोज देखीं?

ये फोटो तेजस्वी प्रकाश की है जिन्होंने 'नागिन' सामेट कई सारे बड़े टीवी शोज में काम किया है. बता दें कि तेजस्वी बिग बॉस का पिछला सीजन, बिग बॉस 15 की विनर भी रह चुकी हैं. बता दें कि तेजस्वी ने यह लुक नायका ब्यूटी अवॉड्र्स के लिए है. एक्ट्रेस के इस ब्लैक लेदर ड्रेस वाले लुक को एक्ट्रेस का अब तक का सबसे बोल्ड लुक कहा जा रहा है. इस ड्रेस में एक बहुत ऊंचा स्लिट भी है जो तेजस्वी के आउटफिट को और बोल्ड बनाता है. जहां आधे फैंस की नजरें तेजस्वी की ड्रेस की स्लिट से नहीं हट रही हैं, वहीं बाकियों की नजर एक्ट्रेस की ड्रेस में लगे कट पर है. इस फोटो में लोगों का ध्यान ड्रेस के कट पर है जो ब्रेस्ट्स के बिल्कुल नीचे है. तेजस्वी का पूरा लुक इस फोटो में नजर आ रहा है. एक्ट्रेस ने इस फोटो में अपनी ड्रेस के स्लिट को हाइलाइट किया है. इस टाइट ड्रेस में एक्ट्रेस ने फैंस के दिलों की धड़कनों को बढ़ा दिया है. तमाम फोटोज जो तेजस्वी ने पोस्ट की हैं, उनमें ये वाली सभी की फेवरेट है. इस फोटो में तेजस्वी की ड्रेस की दोनों हाइलाइट्स साफ तरह से दिख रही हैं. तेजस्वी ने अपनी इस ड्रेस को ब्लैक हाई हील्स, स्ट्रेट डैंग्लर्स और स्लीक हेयरस्टाइल के साथ पेयर किया है.

# कभी धागे से बनी ड्रेस तो कभी ट्रांसपेरेंट बिकिनी पहन रणबीर कपूर की ये एक्ट्रेस मचा रही हैं दिलों में खलबली

बॉलीवुड और साउथ फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज को किसी पहचान की जरूरत नहीं है. वो अक्सर अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ को लेकर लाइमलाइट में रहती हैं. अब सोशल मीडिया पर इलियाना की कई बोल्ड तस्वीरें वायरल हो रही हैं जिनमें उनका हॉट अवतार देख फैंस उनकी तारीफ करते हुए नहीं थक रहे हैं. एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज बॉलीवुड और साउथ फिल्म इंडस्ट्री का जाना-माना नाम हैं. उन्होंने रणबीर कपूर और प्रियंका चोपड़ा के साथ फिल्म 'बर्फी' से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था जिसके बाद वो लगातार कई फिल्मों में नजर आईं. हालांकि, काफी समय से **इलियाना डिक्रूज** किसी बॉलीवुड फिल्म में नजर नहीं आई हैं लेकिन वो सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. अक्सर इलियाना अपने हॉट और सिजलिंग लुक से लोगों के दिलों में खलबली मचाती रहती हैं. अब सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस का हॉट बीच लुक खूब वायरल हो रहा है. अगर आप भी इलियाना डिक्रूज की तरह बीच लवर हैं तो उनसे स्टाइल टिप्स ले सकती हैं. एक्ट्रेस का इंस्टाग्राम उनकी बोल्ड तस्वीरों और वीडियो से भरा हुआ है. किसी तस्वीर में इलियाना डिक्रूज ट्रांसपेरेंट कपड़ों में नजर आ रही हैं तो कभी ब्लैक बिकिनी सेट में. लेकिन इस बात में कोई शक नहीं है कि इलियाना का हुस्न किसी को भी दीवाना बना सकता है. इलियाना अपनी तस्वीरों से अक्सर सोशल मीडिया का पारा बढ़ा देती हैं.





# केबिन क्रू की कमी से एयर इंडिया की घरेलू उड़ानों में हो रही देरी

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार के नियंत्रण से टाटा ग्रुप के नियंत्रण में जाने वाली विमानन कंपनी एयर इंडिया की घरेलू उड़ानों के संचालन में केबिन क्रू की कमी के कारण देरी हो रही है। मामले की जानकारी रखने वाले अफसरों ने इस बात का खुलासा किया है। बता दें कि यह खबर ऐसे समय में सामने आई है जब पिछले ही हफ्ते एयर इंडिया की अमेरिका और कनाडा जाने वाली कम से कम छह उड़ानें केबिन क्रू की कमी के कारण देर हो गईं थीं। इस मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया है कि इंजीनियरिंग से जुड़े कारणों के कारण एयर इंडिया के कई विमान उड़ान नहीं भर पा रहे हैं। एक अधिकारी ने बताया कि एयर इंडिया की मुंबई से दिल्ली आने वाली एक फ्लाइट एआई-805 जिसे शाम 7.30 बजे पुनः मुंबई पहुंचना था उसे अगली सुबह 4 बजे के लिए रिशिड्यूल्ड कर दिया गया। जानकारों के मुताबिक केबिन क्रू की कमी से निपटने के लिए एयर इंडिया कुछ समय पूर्व नवंबर में वीआरएस के लिए अप्लाई कर चुके कर्मियों को काम पर वापस बुलाने की कोशिश कर रही है। बताया जा रहा है कि केबिन क्रू की कमी के कारण डीजीसीए की ओर से वर्ष में अधिकतम 1000 घंटे उड़ान की बंदिश के बावजूद 200 से अधिक क्रू मेंबर ओवरटाइम उड़ान भर चुके हैं और अगले दो महीने वे उड़ान भर पाने में सक्षम नहीं हैं।

| स्थान | 22 कैरेट गोल्ड (10ग्र) | 24 कैरेट गोल्ड (10ग्र) | सील्वर (1केजी) |
|---|---|---|---|
| हैदराबाद | 50,300 रुपये | 54,880 रुपये | 74,000 रुपये |
| बैंगलोर | 50,300 रुपये | 55,880 रुपये | 74,000 रुपये |
| केरल | 50,300 रुपये | 54,880 रुपये | 74,000 रुपये |
| विशाखापत्तनम | 50,300 रुपये | 54,880 रुपये | 74,000 रुपये |

| स्थान | पेट्रोल पर लीटर | डीजल पर लीटर |
|---|---|---|
| हैदराबाद | 109.67 रुपये | 97.82 रुपये |
| दिल्ली | 96.72 रुपये | 89.62 रुपये |
| चेन्नई | 102.63 रुपये | 94.24 रुपये |
| मुंबई | 106.31 रुपये | 97.28 रुपये |
| बेंगलुरू | 101.94 रुपये | 87.89 रुपये |

# रिलायंस इंडस्ट्रीज से जुड़े केस में सुप्रीम कोर्ट सरकार पर सख्त, दिया बड़ा बयान!

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। उच्चतम न्यायालय ने रिलायंस इंडस्ट्रीज से जुड़े एक मामले में केंद्र सरकार को फटकारा है। एक मामले की त्वरित सुनवाई की अर्जी पर कोर्ट ने केंद्र सरकार के वकील को कहा है कि इससे आसमान नहीं गिर जाएगा। दरअसल यह मामला कृष्णा-गोदावरी बेसिन के डी6 ब्लॉक में 400 मिलियन डॉलर के प्राकृतिक गैस की निकासी के मामले से जुड़ा है। इसी मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज, बीपी क्प्लोरेशन और निको रसोर्सेज के बीच मध्यस्थता की कार्यवाही की शुरुआत होनी है, लेकिन ये शुरू होने के पहले ही केंद्र सरकार यह मामला लेकर पहुंच गई। रिलाइंस इंडिया की ओर से पक्ष रखते हुए अधिवक्ता हरीश साल्वे ने सीजेआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की पीठ को जानकारी दी कि सरकार ने आनन



फानन में मध्यस्थता रोकने के लिए अंतिम समय में कदम उठाया। साल्वे ने कोर्ट को बताया कि ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के साथा विदेशी कंपनियों के विशेषज्ञ भारत में हैं, लेकिन सरकार की ओर से नामित मध्यस्थ पूर्व सीजेआई वीएन खरे उनके लिए मायावी साबित हो रहे हैं, इससे 11 वर्ष पुराने विवाद के समाधान पर संकट गहरा गया है।

**बंगाल की खाड़ी में प्राकृतिक गैस उत्पादन से जुड़ा है मामला**

बंगाल की खाड़ी में स्थित केजी-डी6 ब्लॉक के धीरूभाई -1 और 3 अन्य गैस क्षेत्रों से प्राकृतिक गैस का उत्पादन 2010 यानी दूसरे वर्ष से ही कंपनी के अनुमानों से कम होना शुरू हो गया था। इसके बाद इस क्षेत्र ने फरवरी 2020 में अपने अनुमानित अवधि से बहुत पहले ही उत्पादन करना बंद कर दिया। उधर दूसरी ओर, सरकार ने इस घटना के लिए कंपनी पर दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करने का आरोप लगाते हुए तीन बिलियन डॉलर से अधिक के अतिरिक्त लागत को अस्वीकार कर दिया था। उसके बाद कंपनी ने इस पर आपत्ति जताते हुए सरकार को मध्यस्थता की चुनौती दी थी।

**सरकार के तर्क से सहमत नहीं हुई सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ**

सरकार की तरफ से कोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता एके गांगुली ने कहा कि दोनों मध्यस्थों के खिलाफ सरकार के पक्षपातपूर्ण आरोप को खारिज करने के दिल्ली उच्च न्यायालय की एकल पीठ के फैसले के खिलाफ एक अपील उच्चतम न्यायालय में लंबित है। ऐसे में अगर मध्यस्थता जनवरी या फरवरी टाल दी जाती है तो आसमान तो नहीं गिरेगा। इस पर सीजेई की पीठ ने कहा, अगर इस तरह से सरकार अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता को टालने की कोशिश करेगी तो आसामान तो गिर ही जाएगा। एक तरह तरफ हम कर रहे हैं कि भारत में विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वाणिज्यिक विवादों के समाधान को गति देने के लिए एक वैकल्पिक तंत्र के रूप में मध्यस्थता को प्रोत्साहित करना चाहिए, दूसरी ओर हम मध्यस्थता टालने की कोशिश कर रहे हैं यह क्या है?

## दैनिक पंचांग



विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2549,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतु-हेमन्त दिशाशूल-पश्चिम-दही खाकर घर से निकले
तिथि- अष्टमी **- 03 -02** राततक उपरान्त नवमी
मास - पौष कृष्ण पक्ष , शुक्रवार **Dec 16**
नक्षत्र - पूर्वाफाल्गुनी **-07-34** तक उपरान्त उ.फाल्गुनी
योग - प्रीति **- 07 - 45 -** तक उप आयुष्मान
करण- बालव **-14 - 25 -** तक उप- कौलव
विशेष:- धनु मे सूर्य **09-56** से
व्रत -त्योहार - मल मास प्रारंभ

| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | वृश्चिक | में | वृश्चिक. | 04-28 बजे |
| चंद्र- | सिंह | में | धनु--- | 06-42 बजे |
| मंगल | वृष | में | मकर- | 08-46 बजे |
| बुध- | धनु | में | कुंभ - | 10-47 बजे |
| गुरु- | मीन | में | मीन... | 12-15 बजे |
| शुक्र- | धनु | में | मेष-- | 13-50 बजे |
| शनि- | मकर | में | वृष-- | 15-36 बजे |
| राहु- | मेष | में | मिथुन.. | 17-37 बजे |
| केतु- | तुला | में | कर्क... | 19-48 बजे |
| | | | सिंह... | 22-01 बजे |
| | | | कन्या.. | 23-11 बजे |
| | | | तुला | 02-17 बजे |

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 10:49 से 12:12 तक**

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चंचल | 06:42 - 08:03 | शुभ | रोग. | 17:40 - 19:21 | अशुभ |
| लाभ | 08:03 - 09:26 | शुभ | काल. | 19:21 - 20:58 | अशुभ |
| अमृत | 09:26 - 10:49 | शुभ | लाभ | 20:58 - 22:35 | शुभ |
| काल. | 10:49 - 12:12 | अशुभ | उत्पात | 22:35 - 00:12 | अशुभ |
| शुभ. | 12:12 - 13:35 | शुभ | शुभ | 00:12 - 01:49 | शुभ |
| रोग. | 13:35 - 14:58 | अशुभ | अमृत | 01:49 - 03:26 | शुभ |
| उत्पात | 14:58 - 16:20 | अशुभ | चंचल | 03:26 - 05:03 | शुभ |
| चंचल | 16:20 - 17:40 | शुभ | रोग | 05:03 - 06:42 | अशुभ |

# 40 लाख से अधिक लोगों ने दिल्ली फ्री बिजली के लिए किया अप्लाई,जानें कैसे मिलेगा लाभ

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली सरकार की ओर से फ्री बिजली स्कीम का लाभ लेने के लिए 40 लाख से अधिक लोगों ने अप्लाई किया है।गर्वमेंट की ओर से जारी किए गए डाटा के अनुसार कुल 57.60 लाख घरेलू बिजली कंज्यूमर में से 40 लाख से अधिक लोगों ने बिजली सब्सिडी के लिए आवदेन किया है। बता दें कि 47 लाख कंज्यूमर को तब सब्सिडी दी गई थी, जब फ्री बिजली आवेदन की आवश्यकता नहीं थी।दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हाल ही में कहा था कि जो लोग फ्री बिजली सब्सिडी का लाभ लेना चाहते हैं, तो उन्हें फ्री बिजली योजना के तहत आवेदन करना होगा।आवेदन ऑनलाइन या



ऑफलाइन किसी तरह से भी की जा सकती है।आवेदन करने वाले यूजर्स को ही फ्री बिजली का लाभ दिया जाएगा।मंगलवार को सरकार की ओर से जारी डाटा के अनुसार 40,28,915 लोगों ने फ्री बिजली सब्सिडी योजना के लिए आवेदन किया है।इसमें बीएसईएस यमुना पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड, बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड कंज्यूमर और टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड के कंज्यूमर शामिल हैं। इसके अलावा नई दिल्ली नगर निगम एरिया के तहत आने वाले उपभोक्ता भी शामिल हैं।सीनियर अधिकारी ने बताया कि 15 नवंबर तक आवेदन करने वालों को ही अक्टूबर के लिए फ्री बिजली सब्सिडी दी जाएगी।इसके बाद अप्लाई करने वाले लोगों को दिसंबर और आगे वाले महीनों में सब्सिडी दी जाएगी।37 लाख से अधिक लोगों ने 15 नवंबर फ्री सब्सिडी के लिए अप्लाई किया है।

गौरतलब है कि 31 अक्टूबर तक योजना में अप्लाई करने के लिए लास्ट डेट तय की गई थी। इस दौरान 35 लाख लोगों ने फ्री सब्सिडी के लिए आवेदन किया था। इसके बाद यह डेट बढ़ाकर 15 नवंबर कर दी गई थी।वहीं इस योजना से पहले 47 लाख लोगों को सब्सिडी दी गई थी।

# सेंसेक्स 878 अंक गिरकर 61,799 पर बंद, निफ्टी 245 अंक टूटा

## आईटी शेयर्स सबसे ज्यादा गिरे

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। शेयर बाजार में हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन, यानी गुरुवार (15 दिसंबर) को गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 878 अंकों की गिरावट के साथ 61,799 के स्तर पर बंद हुआ। बाजार में लगातार तीन दिन की तेजी के बाद यह गिरावट आई है। वहीं निफ्टी 245 अंक बढ़कर 18,414 के स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स के 30 में से 28 शेयरों में गिरावट देखने को मिली। सिर्फ 2 शेयरों में तेजी रही।टेक महिंद्रा, टाइटन, इंफोसिस, ग्रासिम, आयशर मोटर्स, एचडीएफसी, अडाणी पोर्ट्स समेत निफ्टी के 45 शेयरों में गिरावट रही। वहीं निफ्टी-50 के सिर्फ पांच शेयर ब्रिटानिया, हीरो मोटोकॉर्प, एनटीपीसी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया लाइफ और सन फार्मा में तेजी रही। एनएसई के सभी 11 सेक्टोरल इंडेक्स में गिरावट रही। आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.11% की गिरावट रही।





मीडिया सेक्टर 2.08% गिरा। बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, मेटल, पीएसयू बैंक, प्राइवेट बैंक और रियल्टी सेक्टर में 1% से ज्यादा की गिरावट रही। इनके अलावा ऑटो, एफएमसीजी और फार्मा सेक्टर में भी गिरावट देखने को मिली। इससे पहले बाजार में तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार (14 दिसंबर) को तेजी रही थी। सेंसेक्स 144 अंकों की तेजी के साथ 62,677 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी 52 अंक बढ़कर 18,660 के स्तर पर पहुंच गया था।

# डोनाल्ड ट्रंप भारत के इन चार शहरों में करने जा रहे हैं निवेश

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कंपनी भारत के कई शहरों में बड़ा निवेश करने की प्लानिंग बना रही है।ट्रंप की रियल एस्टेट कंपनी का नाम है द ट्रंप ऑर्गनाइजेशन जो भारत के कई शहरों में लग्जरी रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी में निवेश करने की प्लानिंग कर रही है।ट्रंप की कंपनी भारत के कुल 3 से 5 आवासीय प्रोजेक्ट्स पर काम करने की प्लानिंग कर रही है।ट्रंप की कंपनी इन फ्लैट्स को देश के बड़े शहरों जैसे लुधिआना हैदराबाद बेंगलुरु और चंडीगढ़ में शुरू करने की प्लानिंग कर रहा है. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक द ट्रंप आर्गेनाईजेशन ने भारत में रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी को बनाने के लिए भारत की एक कंपनी के साथ करार किया है।इस कंपनी का नाम है ट्रिबेका डेवेलपर्स यह एक दिल्ली बेस्ड कंपनी है जो 10 सालों से इस सेक्टर में काम कर रही है।ट्रंप की कंपनी ने ट्रिबेका डेवेलपर्स के साथ एक करार किया है।इस मामले पर जानकारी देते हुए ट्रिबेका डेवेलपर्स के फाउंडर कल्पेश मेहता ने जानकारी दी है कि उनकी कंपनी ने ट्रंप आर्गेनाईजेशन के साथ पार्टनरशिप की है।अब ट्रंप की कंपनी देश के अलग-अलग हिस्सों में प्रोजेक्ट्स पर काम करने के लिए कुल 2,500 करोड़ रुपये का निवेश करने वाली है।बता दें कि कल्पेश मेहता ने यह सभी बातें डोनाल्ड ट्रंप के बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर की मौजूदगी में कहा था।

**कुल 5,000 करोड़ के बड़े निवेश का है प्लान**

इसके साथ ही ट्रिबेका डेवेलपर्स के फाउंडर कल्पेश मेहता ने यह भी बताया कि ट्रंप की कंपनी और ट्रिबेका डेवेलपर्स का प्लान है कि वह भारत में कुल 5,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।इसके लिए दोनों कंपनी के बीच 7 से 8 प्रोजेक्ट्स के लिए पार्टनरशिप की जाएगी।इसमें दोनों ही कंपनी 2,500-2,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।इसके साथ ही ट्रिबेका डेवेलपर्स के सीईओ ने यह भी बताया कि लुधियाना और चंडीगढ़ के प्रोजेक्ट्स के लिए ट्रंप की लगातार चर्चा कर रही है।ध्यान देने वाली बात ये हा कि ट्रंप की भारत में पहले से ही कुल चार संपत्तियां हैं जो अमेरिका के बाहर सबसे ज्यादा कीमत की है।मुबंई में ट्रंप की कंपनी ने ट्रंप टावर का विकास किया है।इस कार्यक्रम में ट्रंप जूनियर ने कहा कि कल्पेश मेहता की कंपनी के साथ वह पार्टनरशिप करके बहुत खुश है।उसके साथ ही उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में उन्होंने ट्रिबेका डेवेलपर्स का विकास होते देखा है।ऐसे में भारत में इनके साथ प्रोजेक्ट्स में काम करने पर हम लग्जरी रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी के क्षेत्र में बाकी कंपनियों को कड़ी टक्कर देने के लिए तैयार है।

# स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बाद अब इन दो बैंकों ने अपने एफडी रेट्स में किया इजाफा! यहां चेक करें लेटेस्ट ब्याज दर

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। रिजर्व बैंक ने दिसंबर में लगातार पांचवीं बार अपनी रेपो रेट में इजाफा किया है।आरबीआई ने अपनी बैठक में में 35 बेसिस प्वाइंट्स रेपो रेट में बढ़ोतरी की है।इस बढ़ोतरी के बाद से आरबीआई का रेपो रेट 6.25 फीसदी तक पहुंच गया है।केंद्रीय बैंक के द्वारा रेपो रेट में लगातार इजाफे के कारण अब सरकारी और प्राइवेट बैंक भी अपनी ब्याज दरों में इजाफा कर रहे हैं।हाल ही देश के सबसे बड़े पब्लिक सेक्टर के बैंक यानी स्टेट बैंक नें अपनी एफडी की ब्याज दरों में इजाफा किया है।इसके बाद अब दो और बैंकों ने अपने रेपो रेट में इजाफा करने का फैसला किया है।यह बैंक एचडीएफसी बैंक और देश का सबसे बड़ा स्मॉल फाइनेंस बैंक यानी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक एचडीएफसी बैंक ने अपने 2 करोड़ से कम की एफडी पर ब्याज दर बढ़ाने का फैसला किया है।बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर दी गई जानकारी के मुताबिक नई दरें 14 दिसंबर 2022 से लागू हो चुकी है.बैंक 7 दिन से लेकर 10 साल तक की एफडी पर सामान्य नागरिकों को 3.00 फीसदी से लेकर 7.00 फीसदी ब्याज दर ऑफर कर रहा है। आइए जानते हैं अलग-अलग अवधि के ब्याज दर के बारे में- एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने भी अपनी 2 करोड़ से कम की एफडी पर ब्याज दर बढ़ाने का फैसला किया है। बैंक द्वारा बढ़ाई गई नई दरें 12 दिसंबर 2022 से लागू हो चुकी है।बैंक अपने सामान्य नागरिकों को 7 दिन से लेकर 1 महीना 15 दिन की एफडी पर 3.75 फीसदी तक ब्याज दर ऑफर कर रहा है।वहीं बैंक 1 महीने 16 दिन से लेकर 3 महीने की एफडी पर 4.25 फीसदी ब्याज दर ऑफर कर रहा है।3 महीने से 6 महीने तक की एफडी पर बैंक 5.00 फीसदी, 6 महीने से 12 महीने तक की एफडी पर 6.10 फीसदी, 12 से 15 महीने तक की एफडी 7.35 फीसदी, 15 महीने से 18 महीने तक की एफडी पर 7.20 फीसदी, 18 महीने से 24 महीने तक की एफडी पर 7.20 फीसदी ब्याज दर बैंक ऑफर कर रहा है।

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — आज आप खरीदारी सम्बन्धी किसी ऑफर या लाटरी तिक्त खरीदने का जोखिम उठा सकते हैं। आपका भाग्य आपके साथ है ,इसलिए जीतने का अच्छा मौका आपके पास रहेगा। स्थिति आपसे अपने दृष्टिकोण पर दृढ बने रहने की अपेक्षा कर सकती है। आपकी चुप्पी को गलत समझा जाएगा।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — भौतिक चीजों के मोह में फंसा अनुभव करेंगे,लेकिन किसी भी वस्तु को इतना कसकर न पकड़ें। बहाव के साथ बहना ही उपयुक्त है,सहज बने रहें। जब तक आपको जवाब नही मिल जाते ,अपना नजरिया दृढ ही रखें।दुसरे स्थान पर शिफ्ट होने के बारे में भी सोच सकते हैं। इस बारे में दोस्तों और सहकर्मियों से बात करना सही रहेगा।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — आज पैसे को संभलकर खर्च करें।सितारों के अनुसार आज आप बिना किसी बात के काफी खर्च कर सकते हैं।अगर आप ध्यान नही देंगे तो काफी बड़ी रकम आज आपसे खर्च हो सकती है।आज विवादो और टकराव से बचना ही बेहतर होगा।स्वास्थ्य सम्बन्धी कोई परेशानी नही होगी और आप बाहर घुमने का आनंद ले सकते हैं।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — आपकी शांतिपूर्ण मन स्थिति में औरों के सवालों से बाधा पहुचेगी। वे सब यह जानने के लिए बहुत उत्सुक हैं कि आपकी निजी और व्यवसायिक जिंदगी में क्या चल रहा है। आपके किसी करीबी ने ही उन लोगों तक आपकी भविष्य की योजनाओं की जानकारी पहुचाई है लेकिन आप इन सबकी उपेक्षा कर दें।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — आज का दिन संकेत दे रहा है कि आज आप खूब आनंद उठाएंगे,लेकिन बेहतर यही होगा कि सुबह कुछ समय निकालकर अपने कल के शेष कार्यों को पूरा कर लें। अपने कार्यकर्म की योजना अपने परिजनों के कार्यक्रम के अनुसार ही बनाएं ताकि बाद में कोई ग़लतफ़हमी या समस्या ना आये।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — आज आप किसी असम्भाव्य साझेदारी की ओर कदम बढ़ा सकते हैं।इससे आपको रोमांस रोमांच और साहसी होने की अनुभूति तो होगी परन्तु यह देखना होगा कि यह साझेदारी कितनी सफल होगी।किसी अप्रत्याशित श्रोत से समर्थन सहायता प्राप्त हो सकती है। हालाँकि यह अवसर बहुत कम समय तक ही मिलेगा।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — इस बात की सम्भावना है कि कोई आपके आसपास आपके विचार चुराकर आने करियर में प्रगति करना चाहता है।इसीलिए किसी से बात करते हुए सावधान रहें।आपको इस समय बड़ी गंभीरता से अपने हित के बारे में सोचना है।अपने लम्बे सहकर्मी रह चुके लोगों के साथ भी अपनी जानकारियां साझी न करें।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू) — दिमाग आज बहुत सक्रिय है ,आप उर्जा और प्रेरणा से भरे हैं।आपके दिमाग में नयी योजनायें आती रहेंगी जिन्हें आप आसानी से कार्यान्वित भी कर पायेंगे।आपकी समस्या आज यही रहेगी की आपके दिमाग में आज लगातार नए विचारों की बाढ़ सी आती रहेगी।आप अपने आसपास के सभी लोगों को भी अधिक प्रेरित कर पायेंगे।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — दिन कुछ अजीब सा रहेगा।कोई ऐसी घटना घट सकती है जिसकी आपने कभी कल्पना भी ना की होगी। आप गृहों से मिलने वाली ऊर्जा का ध्यान रखें और यह समझने की कोशिश करें कि वे आपको किस दिशा में ले जाना चाहती हैं। जीवन के इस मोड़ पर आपको सही रास्ता मिलना ही आपका आगे का भविष्य तय करेगा।

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी) — कोई अप्रत्याशित खुशखबरी मिलेगी।यह आपके करियर या निजी जीवन से जुडी हो सकती है लेकिन इससे आपको वित्तीय लाभ भी होंगें।इससे आपको भविष्य में भी इसी प्रकार के लाभ उठाने का रास्ता दिखाई देगा।आप आज बहुत अच्छे मूड में हैं और आपकी आशावादिता और खुशमिजाजी से सभी प्रभावित होंगे।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — एक दोस्त या एक गाइड के माध्यम से छात्रों को एक नया करियर विकल्प मिल सकता है और आप अपने करियर के रूप में इसे चुन सकते हैं पर आपको एक गहन अनुसंधान की सलाह दी जाती है।आज पेशेवरो में नयी उर्जा का संचार हो सकता हैं।यह किसी भी परियोजना को शुरू करने के लिए एक अच्छा दिन है।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — अधिक सोच विचार ना करें कि अप्रत्याशित घटनाएँ क्यों हो रही हैं या बहुत देर क्यों हो रही है ये आपके भले के लिए भी हो सकता है जिसके फायदे अभी आपको दिखाई नही दे रहे हैं।अपनी बेहतरीन परफॉरमेंस देने के लिए कुछ नया प्रयोग करें।इससे आपको भी अपने रोजमर्रा के नियमित कार्यक्रम से थोड़ी राहत मिलेगी।

**पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693**

# सरकार की ओर से 5% हिस्सेदारी बेचने की खबरों के बाद शेयर फिसले

## विनिवेश से कितना पैसा जुटाएगा केंद्र?

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार में इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन के शेयर पांच प्रतिशत लुढ़कर कर 697 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गए। कंपनी के शेयरों में यह गिरावट सरकार की ओर से इसकी पांच प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की खबरों बाद आई है। सरकार की कोर से कहा गया है कि वह आईआरसीटीसी में आपनी पांच प्रतिशत हिस्सेदारी ऑफर फोर सेल के जरिए बेचेगी। कंपनी के प्रमोटर भारत सरकार ने यह प्रस्ताव दिया है कि वह आईआरसीटीसी में अपने दो करोड़ इक्विटी शेयर बेचेगी। यह कंपनी के कुल इश्यू और पेडअप शेयरों का 2.5% हिस्सा है। इसके साथ ही अतिरिक्त दो करोड़ (2.5%) शेयरों की बिक्री का ऑप्शन भी मौजूद रहेगा। कंपनी की ओर से बीएसई फाइलिंग के दौरान यह जानकारी दी गई। ओएफएस के लिए कंपनी के शेयरों की कीमत 680 रुपये प्रति शेयर तय की गई है। इस तरह ऑफर फोर सेल के तहत कंपनी के शेयर बुधवार को बंद हुए बाजार मूल्य 734.90 पर 7% प्रतिशत के डिस्काउंट के साथ उपलब्ध होगा। आईआरसीटीसी में अपनी 5% की हिस्सेदारी बेचकर सरकार अपने खजाने के लिए 2720 करोड़ रुपये जुटाना चाह रही है। गैर खुदरा निवेशकों के लिए ऑफर फोर सेल गुरुवार को खुलेगा, जबकि खुदरा निवेशक इन शेयरों के लिए शुक्रवार से बोली लगा सकेंगे। सरकार की ओर से इस बात की जानकारी दी गई है। ओएफएस का 25% हिस्सा म्यूचुअल फंड्स और बीमा कंपनियों के लिए रिजर्व होगा। खुदरा निवेशकों के लिए 10% रिजर्व किया गया है।गुरुवार के दिन शुरुआती कारोबार में आईआरसीटीसी के शेयर अपने पिछले दिन की क्लोजिंग 735 रुपये प्रति शेयर की तुलना में 4.6% लुढ़क कर 701 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार कर रहे थे। पिछले छह महीनों के दौरान कंपनी के शेयरों में 13 प्रतिशत की बढ़त दिखी है जबकि इस साल में अब तक कंपनी के शेयरों में 17 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। हालाकि, कंपनी के शेयरों ने सितंबर 2019 में अपनी आईपीओ लिस्टिंग के बाद से अब तक निवेशकों को 350% का रिटर्न दिया है। आईआरसीटीसी के ओएफएस का काम एक्सिस कैपिटल, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स, गोल्डमैन सैक्स और जेएफ फाइनेंशियल जैसे फर्म देख रहे हैं। आईआरसीटीसी में 5% हिस्सेदारी की बिक्री का यह फैसला सरकार की विनिवेश का लक्ष्य हासिल करने की कवायद का हिस्सा है।

# महंगाई से 'गीला' होगा आटा!

## सरकारी गोदाम में गेहूं का स्टॉक 6 साल में सबसे कम

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। गेंहू का सरकारी स्टॉक लगातार कम होने की वजह से अब आपकी थाली और महंगी हो सकती है।सरकारी गोदामों में गेहूं का स्टॉक अब 6 साल के निचले स्तर तक पहुंच गया है।वहीं भारी डिमांड के चलते गेहूं की कीमतों में भी उछाल आया है।इसकी वजह से बाजार में गेंहू के आटे की कीमत भी बढ़ी है।इसका असर महंगाई की मार झेल रहे देश के करोड़ों लोगों पर पड़ेगा।सरकार साल 2022-23 में ओएमएसएस के जरिए 20-30 लाख टन गेहूं की बिक्री कर सकती है।दरअसल, सूत्रों का कहना है कि गेंहू की बिक्री पर सरकार जनवरी में फैसला ले सकती है।बता दें कि सरकार ने 2020-21 में 25 लाख टन गेहूं और 2021-22 में 70 लाख टन गेहूं की बिक्री की थी।



**गेंहू का स्टॉक 6 साल के निचले स्तर पर**

आपको बता दें कि गेहूं का सरकारी स्टॉक अब 1.9 करोड़ टन बचा है जो दिसंबर 2016 के बाद सबसे कम है।2014 और 2015 में सूखे के कारण गेहूं का स्टॉक घटकर कम हो गया था।इससे दिसंबर 2016 में गेहूं का स्टॉक 1.65 करोड़ टन रह गया था।वहीं पिछले साल 1 दिसंबर 2021 को गेहूं का स्टॉक 3.785 करोड़ टन था।

# चीनी हर साल आते हैं, मार खाकर लौट जाते हैं

## चीनी सेना हुड़दंगी और गली का गुंडा, तवांग झड़प पर पूर्व आर्मी चीफ नरवणे



नई दिल्ली, 45 दिसंबर (एजेंसियां)। अरुणाचल के तवांग में भारतीय सेना के साथ हुई झड़प पर पूर्व आर्मी चीफ जनरल एमएम नरवणे ने चीन को हुड़दंगी और गली का गुंडा बताया। जनरल नरवणे ने कहा कि चीन की सेना खुद को 21वीं सदी की सबसे स्मार्ट और प्रोफेशनल मिलिट्री समझती है, लेकिन उनकी हरकतें हुड़दंगी और स्ट्रीट फाइटिंग से ज्यादा नहीं लगतीं। रिटायर्ड जनरल नरवणे से पूछा गया कि 9 दिसंबर को तवांग सेक्टर के यांग्त्से इलाके में चीन ने जिस तरह एलएसी की स्थिति में एकतरफा बदलाव की कोशिश की क्या ये 2020 (गलवान घाटी की हिंसक झड़प) की तरह ही था? इसके जवाब में पूर्व आर्मी चीफ ने कहा, 'यह सिर्फ 2020 की बात नहीं है। वे (चीनी सेना) हर साल ऐसी कोशिश करते हैं। हर साल वे हमारे क्षेत्र में आने की इस तरह की 2-3 कोशिशें करते हैं और हर बार उन्हें शर्मिंदगी झेलनी पड़ती है।'

*अगर चीन समझौते का उल्लंघन करता है तो भारत भी कार्रवाई करने का अधिकार रखता है।*

### भारत पड़ोसी की धौंस का जवाब देना जानता है

जनरल नरवणे ने कहा कि चीन की सेना इस हद तक गिर चुकी है कि हुड़दंग और स्ट्रीट फाइटिंग कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया- क्या चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी हुड़दंग करने और गली-मोहल्लों में होने वाली लड़ाईयों की तरह झड़प करने के हद तक गिर चुकी है? या वह 21वीं सदी की पेशेवर सेना है? एक तरफ तो वे तकनीकी ताकत का प्रदर्शन करने की कोशिश करते हैं और दूसरी तरफ वे कील लगे डंडों के साथ आ रहे हैं। ये हास्यास्पद है। भारत वह देश है जिसने दुनिया को दिखाया है कि पड़ोसी की धौंस का जवाब देना मुमकिन है। मैं पूरे विश्वास के साथ समूचे देश को कह सकता हूं कि हम हमेशा तैयार हैं, हम पर जो भी फेंका जाएगा उसका जवाब देने को हम तैयार हैं।'

### कई सालों से बॉर्डर पर हालात बदलने की कोशिश में चीन

पूर्व आर्मी चीफ ने कहा कि कई सालों से चीन लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) पर हालात बदलने की कोशिश कर रहा है। वो इसे सलामी स्लाइसिंग यानी बहुत धीरे-धीरे कदमों से आगे बढ़ा रहा है। इंटरव्यू में गलवान घाटी के सवाल पर उन्होंने कहा कि गलवान में झड़प के दौरान हमारी सेना से जितना हो सकता था, उतना अच्छा जवाब दिया गया। बता दें कि 15 जून 2020 को लद्दाख के गलवान घाटी में दोनों सेनाओं के बीच झड़प में 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे, जबकि चीन के 38 सैनिक मारे गए थे। हालांकि, चीन की पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी ने 4 सैनिक मारे जाने की बात ही कबूली थी।

### जनरल नरवणे ने बताई झड़प की वजह

जनरल नरवणे ने तवांग में हुई झड़प का करण बताया। उन्होंने कहा कि हम हमेशा पीपी15 तक पेट्रोलिंग करते रहे हैं, लेकिन चीनी सैनिक हमें पेट्रोलिंग पॉइंट पर जाने से रोकने की कोशिश कर रहे थे। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य था। हमें पेट्रोलिंग से रोकने के लिए उन्होंने छोटी चौकी स्थापित की थी, जिस पर हमने कड़ी आपत्ति जताई थी। इसके बावजूद भी वह अड़े रहे कि हम वापस नहीं जाएंगे। इस पर हमारी सेना ने और मुखर होकर विरोध किया। जिसके बाद चीनी सैनिक और संख्या बल के साथ आएं। इसी बात पर पीपी15 पर झड़प हुई। हालांकि हमारी सेना उन्हें वापस भेजने के लिए काफी थी।

### बाजवा के बांग्लादेश पर दिए बयान का दिया जवाब

जनरल नरवणे ने पाकिस्तान के पूर्व आर्मी चीफ जनरल कमर जावेद बाजवा का बयान खारिज कर दिया। बाजवा ने कहा था- 1971 के बांग्लादेश युद्ध की पराजय एक राजनीतिक हार थी, न कि पाकिस्तानी सेना की हार। भारत के सामने पाकिस्तान के सिर्फ 34 हजार सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया था ना कि 93 हजार। जनरल नरवणे ने कहा कि आप तथ्य और इतिहास नहीं बदल सकते। इसे आप खुद से लिखने की कोशिश भी नहीं कर सकते जो बाजवा चाहते हैं। 1971 में पाकिस्तानी सेना के जनरल नियाजी को आत्मसमर्पण करते हुए दिखाती तस्वीर बताती है कि हम बिना कुछ कहे क्या कर सकते हैं। हम अन्य देशों के प्रमुखों को बताते थे कि वे कौन हैं। करगिल के दौरान भी उन्होंने सच्चाई को स्वीकार नहीं किया। उन्हें यह स्वीकार करने में काफी समय लगा कि वास्तव में उन्हें शव वापस नहीं मिले और उन्होंने यह स्वीकार नहीं किया कि जो लोग मारे गए हैं वे भाड़े के सैनिक हैं।

### अरुणाचल के तवांग ने चीनी सैनिकों ने भारत में घुसने की कोशिश की




अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर के यांगत्से इलाके में चीन की सेना पीएलए ने 9 दिसंबर की रात 600 चीनी सैनिकों ने 17 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित भारतीय पोस्ट को हटाने के लिए घुसपैठ की कोशिश की थी। यह पोस्ट यांगत्से में है। भारतीय सैनिकों ने चीनियों को खदेड़ दिया। इस झड़प में दोनों पक्षों के कुछ सैनिक जख्मी हुए हैं।

## लॉकडाउन हटने के बाद चीन में कोरोना बढ़ाःडॉक्टर्स भी संक्रमित, सरकार बोली-ओमिक्रॉन खतरा नहीं इसलिए तो ढील दी

बीजिंग, 45 दिसंबर (एजेंसियां)। चीन में जीरो-कोविड पॉलिसी के विरोध के बाद सरकार ने ढील दी और लॉकडाउन हटा दिया, लेकिन अब यहां स्थिति खराब होती नजर आ रही है। अस्पतालों में कोरोना संक्रमित मरीजों का सैलाब आ गया है। इतना ही नहीं मेडिकल स्टाफ भी संक्रमित हो रहा है। कुछ डॉक्टर्स कोरोना पॉजिटिव होने के बावजूद मरीजों का इलाज कर रहे हैं। इसी बीच 2 साल तक कड़े कोरोना नियम लागू करने वाली चीन सरकार ने यू-टर्न ले लिया है। अब अधिकारियों का कहना है कि कोरोना का ओमिक्रॉन वैरिएंट खतरनाक नहीं है। यहां तक कि सरकार लोगों से सेल्फ केयर की बात कह रही है। यानी सरकार का कहना है कि कोरोना से डरने की जरूरत नहीं है। लोग खुद को ध्यान रखें तो संक्रमण से बचा जा सकता है। सरकार के लॉकडाउन हटाने के फैसले का खामियाजा डॉक्टर्स भुगत रहे हैं। हॉस्पिटल्स में कोरोना संक्रमित मरीजों की लाइन लगी हुई है। इनका इलाज करने वाले कई डॉक्टर्स संक्रमित हो गए हैं। एक मेडिकल स्टाफ ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया। उसमें बताया कि संक्रमित होने के बावजूद उनसे काम करवाया जा रहा है।

# ताइवान में भूकंप के तगड़े झटके

## रिक्टर स्केल पर 6.2 मापी गई तीव्रता




ताइपे, 45 दिसंबर (एजेंसियां)। ताइवान के पूर्वी तट पर गुरुवार (15 दिसंबर) को 6.2 तीव्रता का भूकंप आया. द्वीप के मौसम ब्यूरो ने बताया कि राजधानी ताइपे में भूकंप के झटके महसूस किए गए. भूकंप छह किलोमीटर की उथली गहराई पर हुलिएन काउंटी के तट से लगभग 30 किलोमीटर दूर आया था. हालांकि, इससे किसी को नुकसान पहुंचने की कोई रिपोर्ट नहीं आई है. ताइवान में लगातार भूकंप के झटके महसूस किए जाते रहे हैं क्योंकि द्वीप दो टेक्टोनिक प्लेटों के जंक्शन के पास स्थित है. 6.0 या उससे अधिक तीव्रता के कुछ भूकंप जानलेवा साबित हो सकते हैं. हालांकि, यह बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि भूकंप कहां और कितनी गहराई पर आता है.

**सितंबर में आया था 7.2 तीव्रता का भूकंप**

ताइपे में एएफपी के एक रिपोर्टर ने कहा कि इस साल पिछले भूकंपों की तुलना में राजधानी में झटकों की तीव्रता कम महसूस हुई है. इससे पहले सितंबर में ताइवान के पूर्वी तट पर 7.2 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें कई इमारतों को नुकसान पहुंचा था. साथ ही दीवार गिरने, बिजली गुल होने और पानी के पाइप फटने की भी खबरें सामने आई थीं. भूकंप की वजह से 300 किलोमीटर के तटीय इलाके में सुनामी का अलर्ट जारी किया गया था. वहीं, दक्षिणी काओशुंग शहर में मेट्रो को अस्थायी रूप से रोक दिया गया था और ताइवान रेलवे प्रशासन ने हुलिएन और ताइतुंग को जोड़ने वाली ट्रेनों को अस्थायी रूप से रोका था.

**क्यों आता है भूकंप?**

धरती के अंदर सात प्लेट्स होती हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं. ये प्लेट्स जिन जगहों पर ज्यादा टकराती है, उसे फॉल्ट लाइन कहा जाता है. इनके बार-बार टकराने की वजह से प्लेट्स टूटने लगते हैं और अंदर की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता ढूंढती है, नतीजतन भूकंप आता है.

## अमेरिका में भारतीय लड़के ने लगाई गोल्डन गेट ब्रिज से छलांग, मौत

सेनफ्रांसिस्को, 45 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय मूल के एक अमेरिकी किशोर ने अमेरिका व दुनियाभर में प्रसिद्ध सैन फ्रांसिस्को स्थित गोल्डन गेट ब्रिज से समुद्र में छलांग लगा दी। इससे उसकी मौत हो गई। ब्रिज पर तैनात अमेरिकी तटरक्षक बल के जवानों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद बालक का शव समुद्र से निकाला। बच्चे के परिजनों ने घटना की पुष्टि की है। बालक द्वारा खुदकुशी की आशंका है, हालांकि अभी यह पता नहीं चला है कि आखिर किस वजह से उसने यह कदम उठाया। तटरक्षक बल ने बताया कि 16 साल के किशोर की साइकिल, फोन व बैग ब्रिज के समीप मिले हैं। वह शाम करीब 4.58 बजे ब्रिज से कूदा। भारतीय समुदाय के नेता अजय जैन भूटोरिया के अनुसार भारतवंशी द्वारा खुदकुशी करने की यह चौथी घटना है। इसमें एक भारतीय अमेरिकी ने कथित तौर पर आत्महत्या के इरादे से गोल्डन ब्रिज से छलांग लगा दी।

# पाक ने भारत पर आतंकवाद में शामिल होने का आरोप लगाया

## हाफिज सईद के आवास पर हमले का ठीकरा भी फोड़ा



इस्लामाबाद, 45 दिसंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने भारत पर देश में ''आतंकवाद और अराजकता'' फैलाने में संलिप्त होने का आरोप लगाते हुए इसे उजागर करने के लिए एक कूटनीतिक अभियान शुरू किया। विदेश सचिव असद मजीद ने इस्लामाबाद में विदेशी राजनयिकों के समक्ष यह आरोप लगाए जबकि विदेश राज्य मंत्री हिना रब्बानी खार ने इस मुद्दे पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। इससे एक दिन पहले, गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने आरोप लगाया था कि भारत मुंबई हमले के मुख्य षड्यंत्रकारी हाफिज सईद के लाहौर स्थित आवास के बाहर पिछले साल हुए विस्फोट में शामिल था।

**भारत पर ''आतंकवाद का इस्तेमाल'' करने का आरोप लगाया**

विदेश कार्यालय के अनुसार, मजीद ने पिछले साल 23 जून को लाहौर में सईद के आवास के बाहर हुए विस्फोट में भारत की कथित संलिप्तता का एक 'डोजियर' साझा किया। खार ने प्रेसवार्ता में भारत पर ''आतंकवाद का इस्तेमाल'' करने का आरोप लगाया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से कथित तौर पर पाकिस्तान की शांति और सुरक्षा को कमजोर करने के नई दिल्ली के प्रयासों पर ध्यान देने का आह्वान भी किया। खार ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान में आतंकवाद फैलाने में भारतीय संलिप्तता के ''निर्विवाद'' साक्ष्य हैं। भारत पूर्व में पाकिस्तान के उन आरोपों को खारिज कर चुका है कि इस देश में हुए कुछ आतंकी हमलों के पीछे उसका (भारत) हाथ था।

**भारत ने आतंकवाद के लिए 10 लाख डॉलर का वित्तपोषण किया - पाकिस्तान**

सनाउल्लाह ने यह भी आरोप लगाया कि भारत प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का समर्थन कर रहा है। सीटीडी प्रमुख ने दावा किया, ''हमें यह भी पता चला है कि पाकिस्तान में विभिन्न माध्यमों से आतंकवाद फैलाने के लिए भारत द्वारा करीब 10 लाख डॉलर का वित्तपोषण किया गया था।'' कट्टरपंथी मौलवी हाफिज सईद (72) आतंकवाद के वित्तपोषण के मामलों में लाहौर की उच्च सुरक्षा वाली कोट लखपत जेल में सजा काट रहा है। विस्फोट से अफवाह फैली थी कि सईद आवास में मौजूद था। संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादी सईद पर अमेरिका ने एक करोड़ डॉलर का इनाम घोषित कर रखा है।

## यूएसः भारत के प्रति आक्रामक रवैये को लेकर चीन की आलोचना, अमेरिकी सांसद कृष्णमूर्ति ने कही बडी बात

वॉशिंगटन, 45 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतवंशी अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने भारत के खिलाफ चीन की बढ़ती आक्रामकता की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि इससे निपटने के लिए अमेरिका को भारत के साथ सहयोग जारी रखना चाहिए। राजा कृष्णमूर्ति ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि चीन में सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) ने देश की सेना के माध्यम से भारतीय सीमा का उल्लंघन कर आक्रामकता दिखाई है। उसका यह रवैया देखकर निराशा हुई। भारतवंशी अमेरिकी सांसद ने कहा कि यह जानकर संतोष हुआ कि अरुणाचल प्रदेश के यांगत्से में हुए सैन्य संघर्ष में भारतीय सुरक्षा बलों को कोई गंभीर नुकसान नहीं पहुंचा। यह चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की बढ़ती आक्रामकता का एक और उदाहरण है। अरुणाचल प्रदेश में भारत-चीन झड़प से यह फिर साबित हुआ है कि चीनी आक्रामकता से



निपटने के लिए अमेरिका को भारत समेत अपने सभी सुरक्षा भागीदारों के साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। बता दें, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल में संसद में एक बयान में कहा था कि चीनी सैनिकों ने नौ दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर के यांग्त्से क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर यथास्थिति को एकतरफा ढंग से बदलने की कोशिश की थी। हालांकि, भारतीय सेना ने अपनी दृढ़ एवं साहसिक जवाबी कार्रवाई से उन्हें पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया।

# यूएन के महिला आयोग से निकाला गया ईरान

## हिजाब के खिलाफ प्रदर्शनों को दबाने पर अमेरिका ने लिया एक्शन, भारत ने नहीं किया समर्थन

तेहरान, 45 दिसंबर (एजेंसियां)। ईरान को हिजाब विरोधी प्रदर्शनों को बर्बरता से दबाने की सख्त सजा मिली है। संयुक्त राष्ट्र संघ के महिलाओं के लिए बने एक आयोग से उसे निकाल दिया गया । दरअसल महिलाओं के अधिकारों के हनन हवाला देते हुए अमेरिका ने यूएन की इकॉनोमिक एंड सोशल काउंसिल में ईरान के खिलाफ एक प्रस्ताव पेश किया था। इसमें सिफारिश की गई थी की ईरान को यूएन के महिला आयोग से निकाल दिया जाना चाहिए। इस प्रस्ताव पर 54 देशों के सदस्यों वाली काउंसिल ने वोटिंग की जिसका 29 देशों ने समर्थन किया, जबकि रूस समेत 8 देशों ने इस प्रस्ताव के खिलाफ वोट किया। वहीं भारत समेत 16 देश अनुपस्थित रहे।

**अमेरिका ने कहा, ईरान यूएन के महिला आयोग पर धब्बा**

यूएन में अमेरिकी राजदूत लिंडा थोमस ने इकॉनोमिक और सोशल काउंसिल में प्रस्ताव पर वोटिंग से पहले कहा कि ईरान महिला आयोग की विश्वसनीयता पर धब्बा है, इसे आयोग से निकाल देना ही सही होगा। जबकि यूएन में ईरान के राजदूत आमिर सैयद इरावनी ने अमेरिका के नेतृत्व में लिए गए इस फैसले को गैरकानूनी बताया है।

**रूस ने दिया ईरान का साथ**

एक तरफ जहां भारत ईरान के खिलाफ लाए गए इस प्रस्ताव में वोट देने से अनुपस्थित रहा, वहीं रूस ने इसका जमकर विरोध किया है। रूस के राजदूत ने भी इसे गैरकानूनी बताया। रूस ने कहा कि ईरान को इस आयोग से निकालने से पहले यूएन के लीगल एक्सपर्ट का ओपिनियन लिया जाना चाहिए था।

**1946 में बना था यूएन का महिला आयोग**

महिलाओं के अधिकारों को लेकर साल 1946 में यह आयोग बनाया गया था। इस मुख्य काम लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। यह आयोग हर साल मार्च में एक बैठक करता है जिसमें पूरी दुनिया में महिलाओं के अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाती है।

**हिजाब विरोधी प्रदर्शनों में अब तक 450 लोगों की मौत**

ईरान में पुलिस कस्टडी में हुई महसा अमिनी की मौत के बाद राजधानी तेहरान में पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। इन प्रदर्शनों में अभी तक 450 लोगों की जान जा जुकी है। साथ ही इन प्रदर्शनों में हिस्सा लेने के लिए ईरान ने दो लोगों सरेआम फांसी पर भी लटकाया है।

## सर्राफा में दिनभर बिकते हैं सोने के जेवर, रात में चौपाटी में मिल रही गोल्ड फ्लेवर कुल्फी



इंदौर, 45 दिसंबर (एजेंसियां)। ये हैं बंटी यादव.. जो कि इंदौर के सर्राफा में कुल्फी का स्टॉल लगाते हैं। बंटी यादव के पिता कुल्फी का परंपरागत ठेला लगाते थे। बंटी व्यापार में कुछ नया करना चाहते थे। उन्हें गोल्ड पहनने का शौक है और लोगों को गोल्ड कुल्फी खिलाने का भी। गोल्ड कुल्फी से स्वाद तो नहीं बदला, लेकिन खाने वाले को रॉयल फील जरूर आता है। महंगी होने के कारण इनकी गोल्ड कुल्फी की सेल ज्यादा तो नहीं होती, लेकिन स्वाद के शौकीन लोग यहां आकर कभी-कभी खा लेते हैं। केसर पिस्ता फ्लेवर पर गोल्ड का वर्क चढ़ाकर ये कुल्फी बनाते हैं, हालांकि ग्राहक जिस फ्लेवर में गोल्ड कुल्फी मांगते है। बंटी उसे तैयार कर देते हैं। बंटी अपनी ग्राहकी बढ़ाने के लिए रोज सोने के जेवरों से सजकर आते हैं। गले में तीन-चार मोटी सोने की चेन, हाथों में ब्रेसलेट, उंगलियों में अंगूठियां पहनकर कुल्फी सर्व करते हैं। चौपाटी पर आने वाले कई ग्राहक इस गोल्डमैन के साथ सेल्फी भी लेते हैं। बंटी बताते है कि सोना पहनने का शौक है। इससे ग्राहक अट्रेक्ट भी होते हैं। कई बार ग्राहक मजाक में बोलते थे कि इतना गोल्ड पहनते हो तो सोने की कुल्फी खिलाओ। अब गोल्ड की कुल्फी तो बहुत महंगी बनती है, इसलिए हम गोल्ड के वर्क की कुल्फी बनाने लगे। एक कुल्फी हम साढ़े तीन सौ रुपये में बेचते हैं। इसको खाने का एक अलग ही मजा है।

# गैंगस्टर विकास लगरपुरिया दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार

## 30 करोड़ की चोरी का है मास्टरमाइंड



नई दिल्ली, 45 दिसंबर (एजेंसियां)। विकास लगरपुरिया को दिल्ली एयरपोर्ट से गुरुग्राम हरियाणा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। विकास लगरपुरिया उत्तर भारत का बहुत बड़ा गैंगस्टर है। उसे दुबई से डिपोर्ट किया गया है। जानकारी के अनुसार, खूंखार गैंगस्टर विकास लगरपुरिया की हरियाणा पुलिस ने दिल्ली स्थित आईजीआई एयरपोर्ट से औपचारिक तौर पर गिरफ्तारी दिखाई है। सूत्रों के मुताबिक, गैंगस्टर विकास लगरपुरिया को दुबई से डिपोर्ट कराया गया है। गैंगस्टर विकास लगरपुरिया के खिलाफ हरियाणा समेत दिल्ली में कई मामले दर्ज हैं। हरियाणा पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने विकास को गिरफ्तार किया है। अब आरोपी विकास से विस्तार से पूछताछ की जाएगी। आपको बता दें कि छह मई को गैंगस्टर विकास लगरपुरिया फर्जी पासपोर्ट से दुबई में पकड़ा गया था। उसने हरियाणा से फर्जी पासपोर्ट बनवा रखा था। आरोपी ने इस फर्जी पासपोर्ट से कई देशों की यात्रा की है। विकास मूल रूप से झज्जर के लगरपुर गांव का रहने वाला है। सोनीपत रोहतक में इसकी गैंग द्वारा वारदात को अंजाम दिया गया है। गुरुग्राम में 30 करोड़ रुपये की चोरी का मास्टरमाइंड होने के कारण पुलिस उसके पीछे पड़ी हुई थी। पैरोल जंप करने के बाद सात वर्ष से विकास फरार चल रहा था। उसके खिलाफ मकोका समेत कई केस दर्ज हैं। कोर्ट ने कई केसों में उसे भगोड़ा घोषित कर रखा है। गुरुग्राम स्थित खेड़कीदौला थाना इलाके में 5 अगस्त, 2021 को 30 करोड़ रुपये की सनसनीखेज चोरी की वारदात हुई थी।

**16 वर्ष की उम्र में जुर्म की दुनिया में उतर गया था**

विकास लगरपुरिया कभी दिल्ली विश्वविद्यालय का छात्र हुआ करता था। जब विश्वविद्यालय को ड्रॉप आउट हुआ तब वो गैंगस्टर बनने की राह पर चल पड़ा। विकास हरियाणा के झज्जर जिले के बहादुरगढ़ स्थित लगरपुर गांव का रहने वाला है। जब वो गुनाह की दुनिया में मशहूर हुआ तब उसका नाम उसी के गांव पर विकास लगरपुरिया पड़ गया। मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाला विकास रामलाल आनंद कॉलेज से ग्रेजुएशन कर रहा था पर ड्रॉप आउट होने के बाद उसका मन पढ़ाई से विचलित हो गया था।

**धीरपाल के संपर्क में आकर अपराध की दुनिया में उतर गया**

वर्ष 2009 में विकास की मुलाकात उसी के गांव से सटे एक अन्य गांव के रहने वाले धीरपाल काना से हुई। धीरपाल का उस वक्त अपने इलाके में अच्छा-खासा दबदबा था। धीरपाल से दोस्ती होने के बाद विकास धीरे-धीरे जुर्म की दुनिया में दस्तक देने लगा। कहा जाता है कि शुरुआती दिनों में वो छोटे-मोटे लड़ाई-झगड़ों, चोरी और धमकी देने जैसी वारदातों में शामिल था। लेकिन धीरपाल की संगत में वो जल्दी ही बड़े-बड़े गुनाहों को अंजाम देने लगा। धीरपाल के गैंग में विकास लगरपुरिया का खास स्थान बन गया। विकास ने वर्ष 2012 में धीरपाल से रंजिश होने के कारण टिंकू की उसके घर में घुसकर हत्या कर दी थी। इसके बाद से लोग विकास लगरपुरिया के नाम से डरने लगे।

**हर बार पुलिस से बच निकलता था विकास**

दिल्ली और हरियाणा से सटे जिलों में विकास और दुश्मन गैंग के बीच कई बार गोलीबारी की वारदात हुईं। ज्यादातर दिल्ली का बाहरी इलाका विकास के जुर्म का ठिकाना था। जब विकास पर कानून की नजरें टेढ़ीं हुईं तब उसके गैंग के कई सदस्य पकड़े गए, पर विकास हर बार पुलिस से बच निकलता था। वह पुलिस से बचने के लिए मोबाइल नहीं रखता था। कहा जाता है कि विकास ने गप्पू पहलवान की हत्या के लिए कई दिनों तक उसके महिला दोस्त की रेकी की थी और बाद में गप्पू की हत्या कर दी थी। लगरपुरिया और उसके गैंग की धमक ऐसी है कि इनके शिकार लोग डर के मारे ज्यादातर पुलिस केस भी नहीं कराते थे।

**16 से ज्यादा केस दर्ज हैं**

विकास लगरपुरिया पर कम से कम 16 केस दर्ज हैं। इनमें हत्या, हत्या के प्रयास, रंगदारी जैसे मामले थे। विकास लगरपुरिया को जब पुलिस ने पकड़ा तो वो काफी दिनों तक जेल में बंद रहा। साल 2015 में उसे गिरफ्तार कर भोंडसी जेल में रखा गया था।

# राहुल गांधी ने लिया रघुराम राजन का इंटरव्यू

## पूछा– 5 पूंजीपति लगातार अमीर हो रहे, जवाब– ऐसा नहीं होना चाहिए

सवाईमाधोपुर, 15 दिसंबर। रिजर्व बैंक आफ इंडिया के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने मिडिल क्लास के हित के लिए नीतियां बनाने की वकालत की है। भारत जोड़ो यात्रा में राजन ने भी हिस्सा लिया। राहुल गांधी ने मौजूदा और भावी आर्थिक मुद्दों पर रघुराम राजन से यात्रा के बीच एक खेत में बने मकान की छत पर इंटरव्यू किया।

राहुल गांधी ने राजन से कहा- आज की दुनिया में सब जगह नफरत फैली है। यूक्रेन से लेकर कई जगह देख लीजिए तो भारत इसमें दुनिया को दिशा दे सकता है। भारत बड़ी भूमिका निभा सकता है। इस पर राजन ने कहा कि लोकतंत्र हमारी ताकत है। बहुत से देश हमारी तरफ देख रहे हैं कि इंडिया उदाहरण पेश कर सकता हैं। राजन ने कहा कि आगे आने वाले वक्त में अब सर्विस सेक्टर में क्रांति आएगी। आज भारत में बैठकर अमेरिका में काम किया जा सकता है।

राजन ने कहा- कोरोना काल में काम-धंधे बंद होने की वजह से गरीब-अमीर के बीच असमानता और बढ़ गई है। लोअर मिडिल क्लास को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है, अपर मिडिल क्लास को नुकसान नहीं हुआ है। सबसे गरीब को राशन मिलता है। अमीर को नुकसान नहीं हुआ है। लोअर मिडिल क्लास की तरफ हमें देखना है, हमें नीति उनके लिए बनानी चाहिए। हम पूंजीवाद के खिलाफ नहीं हो सकते हैं।

**राहुल : क्या आप ग्रामीण राजस्थान को देखने आए थे?**

**राजन :** नीमराना के पास के गांवों में देखा था, वहां कितनी फैक्ट्री आ गई हैं, कितना विकास हुआ है । विलेज ट्रांसफॉर्म दिख रहा है।

**राहुल :** मुझे याद है मैं जब 9 साल का था तब हम नीमराना पिकनिक पर आए थे, तब मधुमक्खियों ने हमला कर दिया था। मेरी मां ने कंबल ओढ़ाकर मुझे बचाया था।

**राजन :** वे प्रोटेक्टिव हैं।

**राहुल :**आप आज की इकोनॉमी को किस तरह देखते हैं?

**राजन :** इस साल दिक्कतें थी। ग्रोथ स्लो है, भारत का एक्सपोर्ट कम है। कमोडिटी की महंगाई है। महंगाई विकास में बाधक है। समस्या इकोनॉमिक ग्रोथ के नंबर्स की है। कोरोना के बाद दिक्कतें बढ़ी हैं और हमारी विकास दर को कम किया है। कोरोना महामारी से पहले भी हमारी विकास दर कम थी। हमने इसे पैदा किया है।

**राहुल :** देश में चार-पांच पूंजीपति लगातार अमीर हो रहे हैं। दो भारत बन रहे हैं, एक किसानों और गरीबों का और दूसरा इन पांच-छह पूंजीपतियों का। इस बढ़ती असमानता पर हमें क्या करना चाहिए?

**राजन :** यह बहुत बड़ी दिक्कत है। कोरोना काल में अमीर क्लास की आय बढ़ गई, क्योंकि वे घर से काम कर सकते थे, लेकिन गरीब लोगों को फैक्ट्री जाना था, वह बंद हो गई थी। फैक्ट्री बंद होने से मासिक आय बंद हो गई। इससे यह असमानता और बढ़ गई है।

**राहुल :** दूसरी हरित क्रांति हो सकती है क्या?

**राजन :** दूसरी हरित क्रांति बिल्कुल हो सकती है। हमें अब नए तरीके से सोचना होगा। प्रोसेसिंग पर ध्यान देना होगा। यहां का लेबर यूज करना चाहिए जो सस्ता है। खेत के प्रोसेसिंग यूनिट लगे, इससे एनर्जी बचेगी, बिजली डीजल की खपत कम हो जाएगी।

**राहुल :** अमेरिका और बाकी दुनिया में क्या हो रहा है?

**राजन :** अमेरिका में महंगाई बढ़ रही है। सेंट्रल बैंक ब्याज दरें बढ़ा रहे हैं। इससे भारत से निर्यात कम हो जाएगा। हमारे उत्पादन की गति कम हो जाएगी।



**राहुल :** महाराष्ट्र में जब मैं गुजरा तो वहां लोग कह रहे थे कि बांग्लादेश ने एक्सपोर्ट पॉलिसी से बहुत कुछ किया है, इस पर हमें क्या करना चाहिए ?

**राजन :** एक तो उनका सबसे अहम इंडस्ट्री टैक्सटाइल हैं, कपड़े बनाते हैं और बेचते हैं। बांग्लादेश ने बड़ी इंडस्ट्री को अलाउ किया। वहां लेबर महिलाएं हैं। बड़े पैमाने पर भर्तियां कीं।

**राहुल :** बेल्लारी में जींस प्रोडक्शन का बड़ा सेंटर है, बड़ा काम था। वहां 4.5 लाख से ज्यादा लोग इस काम में लगे हुए थे। घरों में जींस की सिलाई होती थी, जॉब वर्क पर काम चलता था। जीएसटी नोटबंदी ने सब खत्म कर दिया। अंग्रेजों के टाइम से इंडस्ट्री है। आज वहां 50 हजार रह गए।

**राजन :** इस सेक्टर को सस्ते कर्ज देने चाहिए। सरकारी पॉलिसी में एकरूपता रहनी चाहिए, ऐसा नहीं हो कि आज कुछ है और बाद में बदल जाए।

**राहुल :** भारत में एक भी कंपनी नहीं जो पहले छोटी थी और अब बड़ी हो गई। यूएस में पांच-सात साल में छोटी कंपनी बड़ी हो जाती है। यह भारत में क्यों नहीं होता?

**राजन :** आप बिल्कुल ठीक हैं। ग्रोथ के लिए अवसर चाहिए। जब आप ग्रोथ करना शुरू करते हैं तो सरकार मदद करती हैं इससे छोटे बिजनेस बढ़ते हैं।

**राहुल :** स्मॉल बिजनेस को बड़ा करने का हल्दीराम सबसे बड़ा उदाहरण हैं?

**राजन :** हमें कई हल्दीराम चाहिए। छोटी फर्म बडे.रोजगार दे सकते हैं।

**राहुल :** किसान कहते हैं कि जैसे ही उनकी फसल आती है कॉमर्स मिनिस्ट्री एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट पॉलिसी पर फैसला करती है और उनकी फसल के दाम गिर जाते हैं?

**राजन :** यह बहुत बड़ी समस्या है, हम कहते रहते हैं कि किसान के लिए हम हैं, लेकिन एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट पॉलिसी उसके लिए नहीं है। प्याज के दाम बढ़ते हैं, दाम गिर जाते हैं, बेचारे किसान को नुकसान होता है। एक्सपोर्ट इम्पोर्ट की टिकाऊ पॉलिसी होनी चाहिए। अगर दाम बहुत ज्यादा बढ़ जाते हैं तो इम्पोर्ट कर सकते हैं, एक्सपोर्ट पर रोक नहीं लगानी चाहिए, क्योंकि किसान का नुकसान होता है।

**राहुल :** बेरोजगारी भारी समस्या है, इसका क्या समाधान है?

**राजन :** लोग सरकारी नौकरी चाहते हैं, क्योंकि वहां जॉब सिक्योरिटी है। लेकिन सरकारी जॉब में बहुत कम लोग काम कर सकते हैं। ओपन भी करते हैं तो केवल 1 फीसदी रोजगार ही मिल पाएगा। हमें प्राइवेट सेक्टर को आगे बढ़ाना होगा। प्राइवेट सेक्टर और एग्रीकल्चर में टेक्निक ले आएं तो रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। हमें सर्विस सेक्टर को देखना चाहिए, वहां रोजगार पैदा होंगे। कोरोना काल में बहुत बच्चे स्कूल नहीं गए, वे अपनी क्लास में तीन साल पीछे हो गए हैं। हमें इन पर ध्यान देना होगा।

**राहुल :** पहले सफेद क्रांति, हरित क्रांति, कंप्यूटर क्रांति हुई, आगे कौनसी क्रांति हो सकती है?

**राजन :** आगे सर्विस रिवोल्यूशन होगा। हम अमेरिका गए, बिना अमेरिका काम कर सकते हैं। डॉक्टर टेली मेडिसन से यहां बैठकर अमेरिका में इलाज दे सकता है । हमें अब नए टाइप की हरित क्रांति चाहिए। हमें सोलर प्लांट , ग्रीन बिल्डिंग चाहिए। हमारे पास अनेकों अवसर हैं।

**राहुल :** संसद के सुरक्षा गार्डों से दोस्ती हैं, मैने पूछा क्या कर रहे हो। उसने कहा कि बहुत मजा आ रहा है, उसने स्टॉक खरीदे हैं, उसमें उनके पैसे बन रहे थे। सैलरी क्लास को स्टॉक में पैसा लगाने में उसे रिस्क हैं। आर्थिक रूप से कमजोर लोग भी स्टॉक में पैसा लगा रहे हैं। नया रिटेल इंवेस्टर पैसा डाल रहा है, आप क्या सोचते हैं?

**राजन :** वो समझते नहीं कि इसमें रिस्क कितना है। उनके पास थोड़ा पैसा है, रिटर्न अच्छा है तो वो भी यहां डाल रहे हैं। वो यह नहीं देखते कि अच्छा रिटर्न किस वजह से है। अमेरिका में क्रिप्टो का मामला हुआ, उसका रिटर्न शानदार था। बिटकॉइन दो तीन डॉलर से 67 हजार डॉलर तक गया, फिर नीचे आ गया। ज्यादातर गरीब लोग तब खरीदते हैं जब कीमतें हाई लेवल पर हों, अमीर लोग उस वक्त बेचते हैं।

**राहुल : क्या आप इसे इंजॉय कर रहे हैं?**

**राजन :** बिल्कुल, इंजॉय कर रहे हैं। आप सांप्रदायिक सौहार्द और शांति के लिए पदयात्रा पर जा रहे हैं ,इसकी देश को जरूरत है। भारत को जोड़ना है।

**राहुल : शांति, भाईचारे से फायदा होता है?**

**राजन :** आपने एक भाषण में कहा था कि दो भाइयों के बीच संघर्ष से घर नहीं बच सकता। कई लोग बातें करते हैं कि माइनोरिटी को दबाना है, आंतरिक संघर्ष है।

**राहुल :** आज की दुनिया में सब जगह नफरत फैली है। यूक्रेन से लेकर कई जगह देख लीजिए तो भारत इसमें दुनिया को दिशा दे सकता है। भारत बड़ी भूमिका निभा सकता है।

# अदालत में हवारा के वकीलों व एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया प्रमुख शांडिल्य के बीच हुआ हंगामा

चंडीगढ़, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य आज चंडीगढ़ जिला अदालत में पहुंचे जहां उन्होंने एडिशनल सेशन जज नरेंद्र के समक्ष एक याचिका दायर की और शांडिल्य ने खुद ही याचिका पर बहस की। अदालत ने 15 मिनट तक शांडिल्य की बहस सुनी बता दें 5 नवंबर 2022 को चंडीगढ़ अदालत में बब्बर खालसा के हार्डकोर आतंकवादी जगतार सिंह हवारा के खिलाफ एक देशद्रोह के मामले में ट्रेल चल रहा है जिसमे अदालत ने हवारा को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग नही व्यक्तिगत रूप से पेश करने के आदेश दिए और इसी के साथ अदालत ने आतंकी हवारा को इस शर्त पर तिहाड़ जेल से चंडीगढ़ बुडैल जेल में शिफ्ट करने के लिए कहा अगर उसके खिलाफ दिल्ली में कोई ट्रायल नही चल रहा। इसी फैसले के खिलाफ आज एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य अदालत में पेश हुए और याचिका लगाकर मांग की कि आतंकवादी जगतार सिंह हवारा को चंडीगढ़ लाने से पंजाब, चंडीगढ़ समेत अन्य राज्यों का माहौल खराब होगा और वहीं शांडिल्य ने अदालत को बताया कि उन्ही की पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने हवारा समेत अन्य हार्डकोर आतंकियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश करने के आदेश दिए थे क्योंकि तिहाड़ से इन आतंकियों को चंडीगढ़ लाया जाता था जिससे पुलिस को परेशानी होती थी और राज्य का भी भारी खर्च होता था। शांडिल्य ने चंडीगढ़ अदालत में एडिशनल सेशन जज के समक्ष बहस कर कहा कि हवारा को चंडीगढ़ बुरैल जेल में रखना और व्यक्तिगत रूप से चंडीगढ़ अदालत में पेश करना हाई कोर्ट के आदेशों की अवमानना है।



# शादी के बाद रखना चाहती थी संबंध

## प्रेमी ने पत्थर से कुचलकर मार डाला, टुकड़ों में मिला शव

कवर्धा, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कवर्धा (कबीरधाम) में एक युवक ने अपनी प्रेमिका की हत्या कर दी। आरोपी युवक ने प्रेमिका के सिर पर पत्थर पटक-पटककर उसे मार डाला। इसके बाद शव को खेत में ढंककर छिपा दिया। बताया जा रहा है कि प्रेमी की शादी हो जाने के बाद भी युवती उस पर संबंध बनाने का दबाव डाल रही थी। युवती का शव टुकड़ों में मिला है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला पिपरिया थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, इंदौरी ग्राम पंचायत के एक खेत में पुलिस को 12 दिसंबर को एक युवती का नग्न शव टुकड़ों में मिला था। शव के अंग थोड़ी ही दूर पर बिखरे हुए थे। इस पर पुलिस ने जांच शुरू की तो शव की पहचान ग्राम पंचायत निवासी रानू साहू (19) के रूप में हुई। यह भी पता चला कि रानू 5 दिसंबर की रात से लापता थी। उसके परिजनों ने 10 दिसंबर को थाने में रानू की गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया। जांच के दौरान पता चला कि स्थानीय निवासी मनोज साहू से रानू का प्रेम संबंध था। दोनों के बीच दो साल से रिश्ता चला रहा था और वे छिप-छिपकर खेत में मिला करते थे। हालांकि परिजनों ने उनकी शादी से इनकार कर दिया था। इस बीच मनोज की शादी हो गई। इस जानकारी के बाद पुलिस ने मनोज को हिरासत में ले लिया और पूछताछ की।

**विवाद के बाद की हत्या**

मनोज ने पुलिस को बताया कि वह अपनी शादी के बाद रानू से कोई संबंध नहीं रखना चाहता था। इसको लेकर उसे कई बार मना भी किया था, लेकिन रानू नहीं मान रही थी। वह मनोज से संबंध बनाए रखना चाहती थी। मनोज का कहना है कि उसने रानू को समझाने के लिए पांच दिसंबर की रात करीब 9.30 बजे बुलाया, लेकिन उनमें कहासुनी होने लगी। विवाद इतना बढ़ा कि मनोज ने रानू को धक्का दे दिया। मनोज के धक्का देने से रानू जमीन पर गिर पड़ी और वहां पड़े पत्थर पर सिर लगने से खून निकलने लगा। इसके बाद आरोपी मनोज ने वही पत्थर उठाया और कई वार कर रानू की हत्या कर दी। इसके बाद खेत में शव छिपाकर चला गया। पुलिस का कहना है कि इसके बाद किसी जानवर ने शव को खींचा और उसे क्षत-विक्षत कर दिया होगा। फिलहाल मनोज को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने बताया कि, 12 दिसंबर को खेत में एक युवती का नग्न शव मिला था। उसके कई अंग गायब थे। ग्रामीणों ने लाश देखी तो पुलिस को सूचना दी थी।

# सोनाली फोगाट की अधूरी फिल्म की पूरी कहानी

## चार्जशीट में हुए ये अहम खुलासे

एक्सक्लूसिव डेस्क, 15 दिसंबर। सीबीआई ने सोनाली फोगाट मर्डर केस में गोवा कोर्ट में चार्जशीट फ़ाइल की थी। चार्जशीट में सीबीआई ने सोनाली फोगाट के मैनेजर सुधीर सांगवान और उसके दोस्त सुखविंदर को कत्ल का आरोपी बनाया है। लेकिन सोनाली के कत्ल का मकसद क्या था ये सीबीआई की तरफ से चार्जशीट में नहीं बताया गया है। सीबीआई का कहना है कि जांच जारी है।

चार्जशीट के मुताबिक 22 अगस्त 2022 को सुखविंदर ने सोनाली सुधीर और अपनी गोवा जाने के लिए फ्लाइट की टिकट बुक करवाई थी। इनके गोवा जाने का मकसद सोनाली की एक शॉर्ट फ़िल्म की शूटिंग करना था। हालांकि सीबीआई की जांच में किसी तरह की शूटिंग की कोई जानकारी सामने नहीं आई है। गोवा पहुंचने के बाद सुखविंदर ने ग्रैंड लियोनी रिसोर्ट में 3 कमरे बुक करवाएं एक कमरा सुधीर और सोनाली था, दूसरा कमरा खुद सुखविंदर का था और तीसरा कमरा सुखविंदर ने अपनी दो महिला मित्रों के लिए बुक करवाया था।

**सुखविंदर ने जॉइंट निकाला**

22 अगस्त की शाम को सोनाली सुधीर सुखविंदर और उसकी दोनों महिला मित्र कर्लिज रेस्टोरेंट के लिए निकले। यह सभी तीन स्कूटीओं से रेस्टोरेंट पहुंचे। चार्जशीट में सीबीआई ने बताया है कि जब सभी कर्लिज के लिए निकल रहे थे तभी सुखविंदर ने एमडीएमए ड्रग और गांजा के जॉइंट चुपचाप अपने बैग में रख लिए। कर्लिज पहुंचने के बाद सुखविंदर ने अपने बैग से जॉइंट निकाला और इसका नशा सभी ने किया।

सीबीआई ने चार्जशीट में यह भी बताया है कि सीसीटीवी फुटेज से साफ है कि सुखविंदर और सुधीर ने 7 बार सोनाली को प्लास्टिक की बोतल से एक लिक्विड पिलाया जबकि ये ही लिक्विड सुखविंदर ने 1 बार और सुधीर ने 2 बार पिया। सीबीआई की चार्जशीट में एक और महत्वपूर्ण बात जो लिखी है कि सुधीर की जब मेडिकल जांच की गई तो उसके खून में कोई भी ड्रग्स और एल्कोहल नहीं मिला जबकि सोनाली की विसरा रिपोर्ट में कई अलग अलग ड्रग्स मिले।

**अधूरी रह गई फिल्म**

सीबीआई ने चार्जशीट में यह भी लिखा है कि जब इन ड्रग्स की वजह से सोनाली फोगाट की तबीयत खराब हो गई थी तब सुधीर और सुखविंदर उसे अस्पताल ले जाने की वजह होटल ले गए जबकि वह जानते थे कि उसकी तबीयत ज्यादा खराब है। इसके अलावा सीबीआई ने चार्जशीट में लिखा है कि सोनाली की तबीयत खराब होने के बारे में उसके परिवार को भी दोनों ने झूठी जानकारी दी। अब आपको बताते हैं कि आखिरकार वो कौन सी फ़िल्म थी जिसकी शूटिंग सोनाली फोगाट को गोवा में करनी थी लेकिन सोनाली की मौत के बाद वो फ़िल्म अब अधूरी ही रह गई।

**फिल्म की चल रही थी तैयारी**

चार्जशीट में सीबीआई ने बताया कि मुंबई फिल्म इंडस्ट्री के एक कॉस्टयूम डिजाइनर अजय कुमार की मुलाकात साल 2016 में हैदराबाद में एक सीरियल की शूटिंग के दौरान सोनाली फोगाट से हुई थी। इसके बाद अजय और सोनाली की बातचीत फोन पर भी होने लगी और दोनों व्हाट्सएप पर मैसेज भी शेयर करने लगे। मार्च 2022 में अजय कुमार ने तय किया कि वह एक शॉर्ट फिल्म बनाएंगे क्योंकि उनके पास किसी बड़ी फिल्म का कोई प्रोजेक्ट नहीं था इसके लिए उन्होंने एक स्क्रिप्ट राइटर को स्क्रिप्ट भेजने के लिए कहा। यह फिल्म थॉमस अल्वा एडिसन पर बननी थी।

अजय कुमार ने 28 मई 2022 को फिल्म की स्क्रिप्ट सोनाली फोगाट को भेजी क्योंकि वह चाहते थे कि वो इस फिल्म में एक्ट्रेस का रोल करें सोनाली को स्क्रिप्ट पसंद आई और सोनाली ने अजय कुमार को कहा कि वो 15 दिन की ट्रिप पर ऑस्ट्रेलिया जा रही हैं और वहां से लौटने के बाद इस फिल्म की शूटिंग अगस्त 2022 में गोवा में कर सकते हैं। सोनाली ने अजय कुमार को यह भी बताया कि वह एक स्मॉल ट्रिप के लिए अपने दोस्तों के साथ गोवा जा रही है। इतना ही नहीं सोनाली ने अजय कुमार को सुधीर सांगवान का नंबर भी दिया और कहा कि यह मेरे मैनेजर हैं आप इनसे भी बात कर सकते हैं। अगर मेरा फोन ना लगे तो। जून 2022 में अजय कुमार गोवा पहुंचे और वहां पर फिल्म की शूटिंग के लिए लोकेशन देखना शुरू किया क्योंकि अजय कुमार को शॉर्ट फिल्म के रोल के लिए कोई लीड एक्टर नहीं मिल रहा था तो उन्होंने स्क्रिप्ट को चेंज करने का फैसला किया। साथ ही एक दूसरे राइटर से शॉर्ट फिल्म की स्क्रिप्ट चेंज करवा कर सोनाली फोगाट से अप्रूव कर वाली।

**सुखविंदर ने बुक किए 3 कमरे**

चार्जशीट के मुताबिक सुखविंदर ने 20 अगस्त 2022 को ग्रैंड लियोनी रिजॉर्ट में तीन कमरे 3 दिन के लिए बुक किए। एक कमरा खुद के लिए एक



अपनी दो महिला मित्र के लिए और एक सुधीर और सोनाली के लिए। अब आपके मन मे ये सवाल जरूर आ रहा होगा कि आखिरकार सुखविंदर की वो दो महिला मित्र कौन थी जो गोवा में सोनाली और सुधीर के साथ मौजूद थी। सुखविंदर की एक महिला मित्र का नाम था वान्या और वान्या की एक दोस्त थी एंजेला बिष्ट।

आखिरकार इस पूरी कहानी में इन दोनों लड़कियों का क्या रोल है वो आपको बताते हैं। दरअसल वान्या शर्मा और एंजेला बेस्ट दोनों विस्तारा एयरलाइंस में काम करती हैं चार्जशीट के मुताबिक जून 2022 में वाने और एंजेला की मुलाकात गुरुग्राम के एक प्लग में सुखविंदर से हुई थी। इस मुलाकात के बाद सुखविंदर और वान्या ने आपस में अपना नंबर एक्सचेंज किया। दोनों की बातचीत होने लगी इतना ही नहीं सुखविंदर ने वान्या को बताया कि वह हरियाणा पुलिस में एसएचओ है सुखविंदर को मालूम था कि 1 या का 23 अगस्त को जन्मदिन है। उसने वान्या से उसके प्लान के बारे में पूछा तब वान्या ने सुखविंदर को बताया कि वह अपनी एक दोस्त एंजिला के साथ गोवा जा रही है सुखविंदर ने मानने को कहा कि वह भी गोवा की ट्रिप पर आ रहा है वहां पर होटल बुक करने की जरूरत नहीं है क्योंकि होटल वाला उसका जानकार है।

**पार्टी करने चलेंगे - सुखविंदर**

चार्जशीट में बताया गया है कि सुखविंदर ने 22 अगस्त की गोवा जाने की तीन टिकट बुक की एक सोनाली की एक सुधीर की और एक खुद की। 22 तारीख को करीब गोवा पहुंचने के बाद करीब 3:30 बजे तीनों होटल ग्रैंड लियोनी रिसोर्ट पहुंचे। रिसोर्ट की पेमेंट सुखविंदर ने की और उनको 3 लोग मिल गए एक रूम सोनाली और सुधीर ने लिया जबकि एक रूम सुखविंदर ने और तीसरा रूम वान्या और उसकी दोस्त एंजेला के लिए रखा गया।

इसके बाद 4 सीट में बताया गया है कि सुखविंदर रिसोर्ट के रिसेप्शन पर मौजूद था वहां पर उसे रिसोर्ट का स्टाफ दत्ता प्रसाद मिला उसने दत्ताप्रसाद से एमडीएमए ड्रग्स की मांग की और प्रसाद ने एक रामदास को फ़ोन लगाया। करीब 8:20 पर रामदास ग्रैंड लियोने रिसोर्ट पहुंचा और उसने ड्रग्स दत्ता प्रसाद को दी और दत्ता प्रसाद ने और ड्रग्स सुखविंदर को दे दी। इस ड्रग्स की कीमत 12 हज़ार रुपए थी। रात करीब 9:20 पर वान्या और एंजिला दोनों गोवा पहुंचे वहां से वान्या ने सुखविंदर को फोन किया सुखविंदर ने वान्या को कहा कि उसकी फ्लाइट मिस हो गई है। गोवा पहुंचने में लेट हो जाएगा वान्या और उसकी दोस्त दोनों सीधे रिसोर्ट पहुंची वहां जब उन्होंने सुखविंदर को देखा तो दोनों हैरान रह गई। उनको समझ नहीं आया कि आखिरकार सुखविंदर ने उनको झूठ क्यों बोला था। सुखविंदर ने उन्हें कहा कि तैयार हो जाओ पार्टी करने चलेंगे। सुखविंदर ने वान्या और उसकी दोस्त का परिचय सोनाली फोगाट से करवाया और बताया कि यह एक सेलिब्रिटी हैं बिग बॉस में पार्टिसिपेट कर चुकी हैं। इसके बाद सभी तीन स्कूटी पर कर्लिज रेस्टोरेंट पहुंचे। सुखविंदर ने एक केक ऑर्डर किया इसके अलावा वान्या ने अपने लिए व्हिस्की सोर एंजेला ने अपने लिए बियर ऑर्डर की। तभी सुखविंदर ने अपने बैग से एक जॉइंट निकाला इसे जलाने के बाद सभी ने उसमें से कश लिए। कश लेने के साथ साथ सभी ड्रिंक भी पी रहे थे। सोनाली ऑरेंज कलर की ड्रिंक पी रही थी जबकि सुखविंदर और सुधीर ना कुछ खा रहे थे ना कुछ भी रहे थे बस गांजे से भरी सिगरेट के कश लगा रहे थे। चार्जशीट के मुताबिक इसके बाद सुखविंदर ने अपने बैग से एक बिसलरी की बोतल निकाली जिसमें कुछ लिक्विड था सुखविंदर ने वाने और एंजेला को ड्रिंक ऑफर की और कहा कि इसको पी लो तुमको अच्छा लगेगा लेकिन दोनों ने मना कर दिया इसके बाद सुखविंदर ने वह बोतल सोनाली सौगाट को दी सोनाली ने उसमें से कुछ सिप लेने के बाद वह बोतल सुखविंदर को वापस कर दी और इसके बाद सभी ड्रांस फ्लोर पर चले गए।

सोनाली सुखविंदर और सुधीर तीनों वह बोतल में से सिर्फ ले रहे थे सुखविंदर ने एक बार फिर वान्या को बोतल देकर कहा कि वहीं से पीले लेकिन वान्या ने इंकार कर दिया। चार्जशीट में बताया गया है कि जब सभी डांस फ्लोर पर डांस कर रहे थे तब सोनाली फोगाट काफी नशे में थी वो रो रही थी और बोल रही थी कि मुझे अजीब सा हो रहा है। जांच में सामने आया है कि सुखविंदर और सुधीर ने उस बोतल में से सोनाली को 7 बार ड्रिंक पिलाया। इसी बीच वान्या और उसकी दोस्त बीच साइड पर चले गए। जब सोनाली की तबीयत ज्यादा खराब होने लगी तब सुधीर टॉयलेट के अंदर ले गया और वह लगातार सोनाली को देखने जा रहा था।

सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रहा है कि वह 21 बार टॉयलेट के अंदर बाहर गया इसके अलावा सुखविंदर भी 6 बार गया। सोनाली की तबीयत ज्यादा खराब होती जा रही थी सुबह के करीब 6:00 बज चुके थे सुधीर ने एक टैक्सी बुक की और वह सोनाली को ग्रैंड लियोने रिजॉर्ट ले गया। सोनाली को उसके कमरे में ले जाया गया। इसके बाद सुधीर ने सुखविंदर को कहा कि सोनाली सांस नहीं ले रही है फिर होटल में मौजूद एक गेस्ट की मदद से सोनाली को पास के अस्पताल ले जाया गया।

**गिरफ्तार हुए दोनों**

चार्जशीट में लिखा है कि हॉस्पिटल में डॉक्टर ने देखा कि सोनाली फोगाट की मौत हो चुकी है लेकिन उसके बाद भी उसको सीपीआर थेरेपी दी गई इसके दो इंजेक्शन लगाए गए लेकिन सोनाली की मौत हो चुकी थी। इसके बाद अस्पताल से इस मामले की जानकारी पुलिस को दी गई गोवा पुलिस अस्पताल पहुंची और सुधीर सांगवान और सुखविंदर के बयान लिए गए इतना ही नहीं सोनाली के परिवार को भी जानकारी दी गई। सोनाली के परिवार ने पुलिस से गुजारिश की कि जब तक वह गोवा पहुंचते हैं तब तक पोस्टमार्टम ना किया जाए। अगले दिन सोनाली का परिवार गोवा पहुंचा और उन्होंने सुधीर और सुखविंदर पर हत्या का शक जताया परिवार की शिकायत के आधार पर पुलिस ने सुधीर और सुखविंदर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, जब सीबीआई ने सोनाली के बैंक खातों की जांच की तो पता चला कि साल 2021 से लेकर 2022 तक सोनाली के बैंक अकाउंट से 17 लाख 90 हज़ार रुपए सुधीर के बैंक एकाउंट में ट्रांसफर हुए।

सोनाली का परिवार गोवा पुलिस की जांच से संतुष्ट नहीं था वह लगातार सीबीआई जांच की मांग कर रहा था लिहाजा इस मामले की जांच सीबीआई को दी गई और सीबीआई ने सुधीर सांगवान और सुखविंदर को हत्या का आरोपी माना है लेकिन सीबीआई अपनी चार्जशीट में कत्ल की वजह नहीं बता पाई है।



# रघु शर्मा ने इस्तीफा देकर क्या खेला सियासी दांव?

## कैसे बढ़ गई हरीश चौधरी की मुश्किल, जानें- इस्तीफा पॉलिटिक्स के पीछे क्या

जयपुर, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। गुजरात चुनाव में कांग्रेस की करारी हार की जिम्मेदारी लेते हुए प्रभारी एवं पूर्व मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने बड़ा सियासी दांव खेला है। राजनीतिक हलकों में इस इस्तीफा पॉलिटिक्स के पीछे जिम्मेदारी कम सियासी पीड़ा ज्यादा दिखाई दे रही है।

दरअसल, हरीश चौधरी को जब पंजाब प्रभारी बनाया गया था तो उन्होंने एक व्यक्ति एक पद का हवाला देते हुए राजस्थान में कैबिनेट मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इसका असर यह हुआ कि गुजरात प्रभारी रघु शर्मा और पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा को भी दबाव में आकर राजस्थान में मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ गया।




**कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे तय करेंगे शर्मा के भविष्य का फैसला**

गुजरात विधानसभा चुनावों में हार की जिम्मेदारी लेते हुए रघु शर्मा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लेटर लिखकर प्रभारी पद से इस्तीफे की पेशकश कर दी है। शर्मा के इस्तीफे पर अभी खड़गे को फैसला करना है। गुजरात के प्रभारी पद पर नियुक्ति के समय शर्मा हेल्थ मिनिस्टर थे।

बजट साइज की बात करें तो इस विभाग की गिनती राजस्थान के टॉप 3 महकमों में होती है। हरीश के इस्तीफे के कारण रघु को भी सत्ता से बाहर होना पड़ा। रघु इसे लेकर खुश नहीं थे। सार्वजनिक रूप से उन्होंने यह कभी स्वीकार नहीं किया। उनके आस-पास के लोग यह बताते थे कि रघु मंत्री पद जाने के लिए हरीश चौधरी से नाराज थे।

अब रघु ने ठीक वैसा ही दांव चला है। गुजरात चुनावों में हार की जिम्मेदारी लेकर उन्होंने प्रभारी पद से इस्तीफा दे दिया। जबकि पंजाब में विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की हार के बाद हरीश ने इस्तीफा नहीं दिया था। ऐसे में अब रघु के इस्तीफे से हरीश पर भी दबाव बढ़ गया है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि अगर शर्मा का इस्तीफा स्वीकार हुआ तो पार्टी चौधरी को बदलने पर भी विचार कर सकती है, क्योंकि पंजाब में तो कांग्रेस की सरकार चली गई थी।

**कांग्रेस को गुजरात में इतिहास की सबसे बुरी हार मिली**

गुजरात में कांग्रेस को महज 17 सीटों पर जीत नसीब हुई। ये गुजरात में कांग्रेस की सबसे बड़ी हार है। इससे पहले कांग्रेस का सबसे खराब प्रदर्शन 1995 में था। जब कांग्रेस सिर्फ 45 सीटें जीत सकी थी। मगर इस बार कांग्रेस ने हार के सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए सबसे खराब हार का रिकॉर्ड अपने नाम किया।

**पंजाब में हरीश चौधरी नहीं जीता पाए**

9 महीने पहले पंजाब में विधानसभा चुनाव हुए थे। चुनाव में भी कांग्रेस को बुरी हार मिली। यहां प्रभारी राजस्थान के ही पूर्व मंत्री हरीश चौधरी थे। उनके प्रभारी रहते कांग्रेस सिर्फ 18 सीटों पर सिमट गई और सत्ता गंवा दी।

यह भी तब हुआ जब किसान आंदोलन के चलते प्रमुख विपक्षी दल अकाली और बीजेपी के खिलाफ गुस्से की लहर कांग्रेस में थी।

पंजाब में कांग्रेस को यहां 25 साल की सबसे खराब हार मिली। कांग्रेस के तमाम मंत्री हार गए। नई पार्टी आम आदमी पार्टी ने सरकार बना ली। पंजाब चुनाव के बाद हरीश चौधरी के मैनेजमेंट को लेकर भी कई सवाल उठे। इससे पहले 1997 के चुनाव में ऐसा हुआ था जब कांग्रेस ने 105 सीटों पर चुनाव लड़ते हुए 14 सीटें जीती थी। मगर तब देशभर में कांग्रेस विरोधी लहर थी।

# पूनिया बोले-बीएसपी बनेगी गहलोत सरकार के पतन का कारण

## राहुल गांधी से दसवां सवाल- राजस्थान की टूटी सड़कें कब ठीक होंगी?

जयपुर, 15 दिसंबर (एजेंसियां)। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने करौली में जन आक्रोश पैदल मार्च करते हुए सड़कों की बदहाल हालत दिखाकर राहुल गांधी से दसवां सवाल पूछा है। पूनिया ने कहा- राजस्थान की टूटी सड़कें कब ठीक होंगी ? सतीश पूनिया बोले- मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र में भी यह नजारा देखने को मिलेगा। एक तरफ तो राहुल गांधी के लिए नई कारपेट सड़क बिछाई जा रही है। दूसरी तरफ बरसों-बरस से टूटी सड़कें अशोक गहलोत सरकार की बानगी बताती हैं। बदहाल सड़कें कई मौकों पर जनता ने देखी हैं। जोधपुर में किस तरह सड़क पर बीचों बीच गड्ढा हुआ और बुजुर्ग उस गड्ढे.में गिरने को मजबूर हुआ। ऐसे नजारे राजस्थान की सड़कों के आम हैं। कांग्रेस ने अपने 2018 के जन घोषणा पत्र में वादा किया था कि कांग्रेस की सरकार आएगी। तो सड़कों का जाल बिछाएगी। पुरानी सड़कों की मरम्मत करेगी और नई सड़कें बनाएगी। ये तो शुक्र है प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के जरिए राजस्थान 70 हजार किलोमीटर सड़कों से जुड़ा। अशोक गहलोत के 2018 से अब तक शासनकाल में बिजली-सड़क और पानी यानी बीएसपी सबसे से ज्यादा बदहाल है। बीएसपी पार्टी भले ही



अशोक गहलोत की सरकार को बचाने में कारगर रही होगी, लेकिन ये बीएसपी यानी बिजली-सड़क-पानी गहलोत सरकार के पतन का कारण बनेगी। इसलिए मेरा राहुल गांधी से दसवां सवाल है कि राजस्थान की बदहाल सड़कें कब ठीक होंगी। आपके लिए तो यहां की सरकार ने कारपेट बिछा दिया। अच्छी सुगम सड़कें बिछा दीं, लेकिन हम लोग टूटी सड़कों पर चलने को मजबूर हैं। राजस्थान की बदहाल सड़कों की दशा कब सुधरेगी ?

**बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष के 10 सवालों का राहुल या सीएम ने नहीं दिया कोई जवाब**

बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया पिछले 10 दिन से लगातार राहुल गांधी से सवाल पूछ रहे हैं। उनके सभी सवालों को राहुल गांधी और प्रदेश कांग्रेस सरकार नजर अंदाज किए हुए हैं। एक भी सवाल का जवाब अब तक नहीं दिया गया है। राहुल गांधी की 18 दिन की राजस्थान यात्रा के दौरान पूनिया ने रोजाना एक सवाल उनसे पूछने का फैसला लिया है। पूनिया रोजाना एक सवाल पूछ भी रहे हैं। लेकिन प्रदेश कांग्रेस भी उनके सवालों पर जवाब देना उचित नहीं समझ रही है। राहुल गांधी के दौरे के दौरान कांग्रेस पार्टी या सरकार बीजेपी के सवालों को मुद्दा नहीं बनने देना चाहती है। इसलिए बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष के सारे सवाल खाली ही जा रहे हैं। हालांकि पूनिया जनता और मीडिया तक लगातार अपने सवाल पहुंचा रहे हैं।

**राहुल गांधी से अब तक ये 10 सवाल बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने पूछे-**

